

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आइए दिल से करें दिल की बात व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 3 , अंक 51, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

अयोध्या, रविवार, 29 सितंबर 2024




देवरा की बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत... 15

**आज का मौसम** 26.0° अधिकतम तापमान | 22.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 00 सूर्यास्त 05 :57

## हिजबुल्ला प्रमुख नसरल्ला मारा गया

तेल अवीव, एजेंसी

- लेबनान के चरमपंथी संगठन ने भी की पुष्टि



इजराइली सेना ने शनिवार को दावा किया कि उसने हिजबुल्ला के साथ महीनों से जारी संघर्ष में उसे अब तक सबसे बड़ा झटका देते हुए बेरूत में शुक्रवार को हमला कर चरमपंथी समूह के नेता हसन नसरल्ला को मार गिराया। इस बीच लेबनान के हिजबुल्ला समूह ने भी अपने नेता और समूह के संस्थापकों में से एक नसरल्ला के मारे जाने की शनिवार को पुष्टि की। नसरल्ला हिजबुल्ला के साथ लड़ाई में मारा गया चरमपंथी समूह का अभी तक का सबसे ताकतवार नेता था।

इजराइली सेना ने कहा कि जब हिजबुल्ला का नेतृत्व बेरूत के दक्षिण में दहियेह स्थित अपने मुख्यालय में बैठक कर रहा था, तभी एक सटीक हवाई हमला किया गया। इजराइली सेना ने कहा कि हिजबुल्ला के दक्षिणी मोर्चे के कमांडर अली कार्की और उसके अन्य कमांडर भी हमले में मार गिराए गए। इजराइल के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने शनिवार को कहा कि नसरल्ला का खात्मा अंत नहीं है। हलेवी ने कहा कि हिजबुल्ला के नेतृत्व को निशाना बनाकर हमला किए जाने की लंबे समय से योजना बनाई जा रही थी।

इससे पहले इजराइली सेना ने बताया था कि उसने नसरल्ला को निशाना बनाकर शुक्रवार को बेरूत स्थित हिजबुल्ला के केंद्रीय मुख्यालय पर हमला किया, जहां एक के बाद एक भीषण विस्फोटों से कई ऊंची इमारतें ध्वस्त हो गईं।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई और 91 घायल हो गए। नसरल्ला तीन दशक से अधिक समय से हिजबुल्ला का नेतृत्व कर रहा था।

## दुश्मन को घर में घुसकर मारता है नया भारत : मोदी

### जम्मू में बोले प्रधानमंत्री -हमने गोली का जवाब गोले से दिया, कहा-कश्मीरियों को भ्रष्टाचार, आतंकवाद मुक्त सरकार की आस

जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 सितंबर 2016 में की गई सीमापार सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि आतंक के आका जानते हैं कि यदि वे कुछ गलत करेंगे तो मोदी उन्हें पाताल से भी ढूंढ निकालेगा। कहा कि इस दिन भारत ने दुनिया को संदेश दिया था कि यह नया भारत है और यह घर में घुसकर मारता है। मोदी ने यहां शनिवार को एमएएम स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को निशाने पर रखा। इन दलों को संविधान का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोग शांति और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए भ्रष्टाचार, आतंकवाद और अलगाववाद से मुक्त सरकार की आस लगाए हुए हैं।

मोदी ने रैली में दावा किया कि भाजपा के प्रति लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। जम्मू-कश्मीर के लोग तीन परिवारों-कांग्रेस, एनसी और पीडीपी को वापस नहीं चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे नौकरियों में भ्रष्टाचार एवं भेदभाव, आतंकवाद, अलगाववाद एवं रक्तपात नहीं चाहते हैं। इसके बजाय वे शांति और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य चाहते हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पीढ़ियों के नुकसान के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदार पार्टी है। आजादी के समय से ही पार्टी की गलत नीतियों ने विरोधी ताकतों का हौसला बढ़ाया। भाजपा सरकार ने आतंक के आकाओं के दिमाग को ठिकाने पर लाने के लिए गोलियों का जवाब मोर्टार गोलों से दिया। 28 सितंबर 2016 में हमने दुनिया को संदेश दिया था कि नया भारत घर में घुसकर मारता है।

### कांग्रेस पर अर्बन नक्सलियों का प्रभाव

मोदी ने आरोप लगाया कि यह वही कांग्रेस है जिसने यह सोचकर सशस्त्र बलों से झूठ बोला कि 'वन रैंक, वन पेंशन' सरकारी खजाने पर बोझ होगा। कांग्रेस पर 'अर्बन नक्सलियों' के प्रभाव में होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बाहर से घुसपैठिए आते हैं, तो उन्हें अच्छा लगता है, क्योंकि वे उन्हें वोट बैंक के रूप में देखते हैं। लेकिन हमारे अपने लोगों की समस्याओं के लिए वे चुटकुले सुनाते हैं।

### कांग्रेस-नेकां, पीडीपी संविधान की दुश्मन

मोदी ने कहा कि कांग्रेस , नेकां और पीडीपी संविधान की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। उन्होंने इन दलों पर विभिन्न वर्गों के लोगों को मताधिकार से वंचित कर आंबेडकर के संविधान की भावना की गला घोंटने का आरोप लगाया । कहा कि भाजपा ने संविधान का सम्मान किया और पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थियों, गोरखाओं और वाल्मीकि को मतदान का अधिकार दिया।

## एक नजर

### स्टालिन ने बेटे उदयनिधि को बनाया उपमुख्यमंत्री



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को अपने मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल करते हुए बेटे उदयनिधि स्टालिन को उपमुख्यमंत्री बनाया है। शपथग्रहण समारोह रविवार को होगा। हालांकि स्टालिन ने कुछ दिन पहले ही संकेत दे दिया था। 18 सितंबर को उदयनिधि ने भी कहा था कि मुख्यमंत्री उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाने पर फैसला लेंगे।

### एनआईए का छत्तीसगढ़ में आठ स्थानों पर छापा

**कांकेर।** एनआईए ने वर्ष 2023 में सेना के जवान की हत्या के मामले में छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के उसेली, गुमझीर, बड़े तेवरा और ऊपर कामता में आठ से अधिक जगहों पर शनिवार को छापेमारी की है। गत 25 फ़रवरी 2023 को अज्ञात सशस्त्र माओवादियों ने उसेली के वार्षिक मेला में जवान की गोली मार कर हत्या की थी।

### दिल्ली में प्रदूषण मुक्ति के लिए धूल रोधी अभियान

**नई दिल्ली।** सर्दियों के दौरान बढ़ते धूल प्रदूषण को रोकने के लिए, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को शहर की 'शीतकालीन कार्य योजना' के हिस्से के रूप में एक व्यापक 14-सूत्री निर्माण दिशानिर्देश जारी किए।

## निर्मला सीतारमण पर एफआईआर

### कोर्ट के निर्देश पर प्राथमिकी, इलेक्टोरल बॉण्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप

### दावा : वित्तमंत्री व अन्य आरोपियों ने आठ हजार करोड़ से अधिक का उठाया फायदा

बेंगलुरु, एजेंसी



चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित एक शिकायत के बाद यहां की एक अदालत के निर्देश पर केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया गया। हालांकि इस योजना को अब निरस्त किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार एक विशेष अदालत के आदेश के आधार पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ जबरन वसूली और आपराधिक साजिश के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली की और 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का फायदा उठाया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की गुप्त सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के फायदे के लिए हजारों करोड़ रुपये की जबरन वसूली की। शिकायत में कहा गया है कि चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली का काम विभिन्न स्तरों पर भाजपा के पदाधिकारियों की मिलीभगत से चलाया जा रहा था।

वित्तमंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग की है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जद (एस) नेता एवं केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा, 'निर्मला सीतारमण को इस्तीफा क्यों देना चाहिए? क्या चुनावी बॉण्ड का पैसा निर्मला सीतारमण के निजी खाते में गया है, जिससे वह इस्तीफा दें? क्या उन्होंने आपकी (सिद्धारमैया) तरह सत्ता का दुरुपयोग कर खुद को फायदा पहुंचाया है?' विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं भाजपा नेता आर. अशोक ने कहा कि कांग्रेस को केंद्रीय वित्त मंत्री पर टिप्पणी करने का नैतिक अधिकार नहीं है और उनके खिलाफ चुनावी बॉण्ड मुद्दे और सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए मामले के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा, 'मुद्दा (चुनावी बॉण्ड) खत्म हो गया है। इस पर उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया है और हमारे नेता (प्राथमिकी के संबंध में) कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दी थी चुनावी बॉण्ड योजना

वर्ष 2018 में शुरू किया गया चुनावी बॉण्ड राजनीतिक दलों को अनाम दान की अनुमति देता है और आलोचकों का तर्क है कि इस प्रणाली में पूरी तरह से पारदर्शिता नहीं है, जिससे चुनाव अभियानों में अवैध धन का इधर से उधर होने की प्रबल आशंका जताई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने गत फरवरी माह में चुनावी बॉण्ड योजना को यह कहते हुए रद कर दिया था कि इससे संविधान के तहत सूचना के अधिकार और भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन होता है।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की सीतारमण के इस्तीफे की मांग

**बेंगलुरु।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। सिद्धारमैया ने सवाल उठाया कि भाजपा ने इस मामले पर क्यों चुप्पी साधी हुई है। उन्होंने सुझाव दिया कि निष्पक्ष जांच करने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस्तीफा भी हो सकता है। उन्होंने भाजपा के सहयोगी एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के इस्तीफे की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अदालत ने चुनावी बॉण्ड घोटाले के सिलसिले में सीतारमण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। कर्नाटक भाजपा उनके इस्तीफे के लिए कब विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि अगर निष्पक्ष जांच की जाए तो प्रधानमंत्री को भी पद छोड़ना पड़ेगा। कुमारस्वामी को भी इस्तीफा दे देना चाहिए, जो जमानत पर बाहर हैं।

## मुंबई में आतंकी हमले का खतरा अलर्ट पर सुरक्षाबल

- धार्मिक और भीड़भाड़ वाले स्थलों के आसपास सुरक्षा बढ़ाई

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने त्यौहारों से पहले आतंकवाद रोधी तैयारियों के तहत पूरे शहर के धार्मिक स्थलों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों के पास सुरक्षा बढ़ा दी है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। आगामी त्योहारों और चुनावों को देखते हुए 'मॉक ड्रिल' की जा रही है। पुलिस ने शुक्रवार को देश की आर्थिक राजधानी में अपनी सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिए भाऊचा धक्का, बरकत अली रोड, जुहू के इस्कॉन मंदिर और जावेरी बाजार जैसे स्थानों पर 'मॉक ड्रिल' किया।

अधिकारी ने बताया कि एहतियात के तौर पर शहर के सभी मंदिरों को सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने को कहा गया है। मुंबई पुलिस ने कहा कि असामाजिक तत्व आवासीय क्षेत्रों में छिपने की कोशिश कर सकते हैं और इससे शांति भंग होने के साथ मानव जीवन को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

## कुलगाम में हुई मुठभेड़ दो आतंकी मार गिराए

श्रीनगर, एजेंसी

- जम्मू-कश्मीर पुलिस के एएसपी समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल



जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शनिवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और एक अधिकारी समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया था।

पुलिस ने बताया कि देवसर क्षेत्र के आदिगाम गांव में सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था, इसी दौरान उनके एवं आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल के निकट गोली लगने से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) मुमताज अली घायल हो गए हैं। आतंकवादियों के खिलाफ जारी अभियान में सेना के चार जवान भी घायल हुए हैं। कुलगाम मुठभेड़ पर कश्मीर के आईजीपी वीके बिरदी ने कहा कि शुक्रवार देर रात सुरक्षा बलों को आदिगाम इलाके में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी। जब सुरक्षा बल वहां पहुंचे तो उन पर गोलीबारी की गई।

पुलिस ने बताया कि दो आतंकवादी मारे गए हैं तथा क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मुठभेड़स्थल से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके समूह का पता लगाया जा रहा है।

### कठुआः आतंकियों के साथ मुठभेड़ में पुलिसकर्मी शहीद

**जम्मू।** कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान शनिवार शाम जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ शाम लगभग साढ़े 5 बजे शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों ने एक घर में आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी शुरू हो गई। गोलीबारी में एक पुलिस हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया।

## टांडा व हरदुआगंज समेत पांच इकाइयां ठप, बिजली संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में ढाई हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन घटा, वैकल्पिक व्यवस्था कर उपलब्ध कराई जा रही बिजली

**अमृत विचार :** टांडा व हरदुआगंज समेत पांच इकाइयों के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। करीब हजार ढाई हजार मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट की तीन इकाइयां और हरदुआगंज बिजलीघर की 250 मेगावाट व 105 मेगावाट की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं। बिजली अभियंताओं ने तीन अक्टूबर तक इनके चालू होने की संभावना जताई। बारा बिजलीघर की 660 मेगावाट, सिंगरौली की 500 मेगावाट व ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां पिछले कई दिनों से खराब चल रही हैं। टांडा की 110 मेगावाट की एक और इकाई के साथ ही रिहंद बिजलीघर की 500 मेगावाट व ऊंचाहार की 210 मेगावाट क्षमता की इकाइयां मरम्मत के लिए पहले से बंद हैं। टांडा इकाई के 14 नवंबर व बाकी इकाइयों के 17 अक्टूबर तक चालू किए जाने का समय तय किया गया है। इस तरह, कुल 11 इकाइयों के बंद रहने से उत्पादन बिजलीघरों में 2520 मेगावाट उत्पादन घट गया है। प्रदेश में शनिवार को अधिकतम बिजली मांग 20,927 मेगावाट रही, जबकि लगभग पांच हजार मेगावाट उत्पादन हो रहा था।

## लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस को बेपटरी करने की साजिश

- बलिया में ट्रैक पर मिला पत्थर



**बलिया।** बलिया-छपरा रेलखंड पर बलिया-मांझी स्टेशन के बीच शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक पर बड़ा पत्थर रखा मिला। लोको पायलट की सूझ-बूझ से बड़ी घटना होने से बच गई। लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस के लोको पायलट ने बकुला-मांझी रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर पत्थर देखा, जिसके बाद उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। बाद में पत्थर सेफ्टी गार्ड से टकराने के बाद ट्रैक से हट गया, जिसके बाद ट्रेन गंतव्य की ओर रवाना हो सकी। सूचना के बाद छपरा, बलिया, वाराणसी और गोरखपुर के सुरक्षा अधिकारी व इंजीनियरों की टीम कुछ घंटे में मौके पर पहुंच गई। सीओ आरपीएफ, आरपीएफ प्रभारी बीके सिंह, छपरा प्रभारी और क्षेत्राधिकारी बैरिया मो. उस्मान, थाना प्रभारी बैरिया रामायण सिंह दलबल के साथ पहुंचे।

## भुखमरी के कगार पर हैं, पेंशन बहाल करा दें साहब

डीपी शुक्ल, लखनऊ

- वर्ष 1991 में पीलीभीत में हुई मुठभेड़ में बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने डीजीपी से लगाई गुहार

**अमृत विचार :** 'भुखमरी की कगार पर हैं साहब, हमारी पेंशन बहाल हो जाती तो हमें व हमारे परिवार को बहुत राहत मिल जाती' यह गुहार 33 साल पहले पीलीभीत में 10 सिख आतंकवादियों को मुठभेड़ में ढेर करने वाले बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने डीजीपी प्रशांत कुमार से लगाई है। डीजीपी ने उन्हें न्याय का भरोसा दिया है।

बता दें कि 12 जुलाई 1991 को पीलीभीत के जंगलों में एक साथ तीन जगह हुई मुठभेड़ में यूपी पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के नेता बलजीत सिंह उर्फ पप्पू समेत 10 सिख आतंकवादियों को मार गिराया था। मुठभेड़ पर सवाल उठे और सियासी हंगामा मचा तो हाईकोर्ट के न्यायाधीश केपी सिंह की अध्यक्षता में गठित आयोग ने जांच की। रिपोर्ट में आयोग ने मुठभेड़ को सही करार दिया तो मारे गए आतंकियों के परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच हुई। 4 अप्रैल, 2016 को दिए फैसले में सीबीआई कोर्ट ने सभी पुलिसकर्मियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद सुनाई। इस पर आरोपी पुलिसकर्मियों के परिजनों ने हाईकोर्ट में अपील की। 15 दिसंबर 2022 को दिए अपने फैसले में हाईकोर्ट ने सीबीआई कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए मुठभेड़ को सही माना और पुलिसकर्मियों को आवश्यक से अधिक बल प्रयोग करना बताया। यही नहीं, आजीवन कारावास की सजा को निरस्त करते हुए 7 साल की सजा सुनाई। फैसला आने तक 10 पुलिसकर्मियों की मृत्यु हो चुकी थी। मामले में 57 पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए 47 पर आरोप पत्र दाखिल किया गया था। 47 को बर्खास्त कर दिया गया था।

सजा काटने के बाद 13 बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने बदहाल आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए सेवानिवृत्त आईजी बद्री प्रसाद सिंह के नेतृत्व में डीजीपी को प्रार्थना पत्र देकर पेंशन बहाली की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि इस संबंध में डीजीपी मुख्यालय विधिक राय लेकर अपनी आख्या शासन को भेजेगा।

> मैं उस वक्त सिख आतंकवाद निरोधक अभियान का पुलिस अधीक्षक हुआ करता था। उक्त मुठभेड़ में बर्खास्त हुए व सात साल की सजा पूरी करने वाले 13 पुलिसकर्मियों के साथ मैं डीजीपी प्रशांत कुमार से 20 सितंबर को मिला और उनकी पेंशन बहाली के लिए निवेदन किया। डीजीपी ने न्याय का भरोसा दिया है।
> -**बद्री प्रसाद सिंह,** सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक



**उपलब्धि** पंत विश्वविद्यालय की शोधार्थी को मिली कार्बन नैनो ट्यूब बनाने में सफलता, कृषि रोबोटिक्स को मिलेगा बढ़ावा

## देश में बनेगी लीथियम आयन बैटरी, मोबाइल-लैपटॉप होंगे सस्ते

मृगांक मौली, पंतनगर



**अमृत विचार :** वह दिन दूर नहीं, जब लीथियम आयन बैटरियों का मुख्य घटक कार्बन नैनो ट्यूब देश में ही बनने लगेगा। पंत विवि की शोधार्थी को इसमें सफलता मिली है, जिसे ताइवान की एनएसटी यूनिवर्सिटी ने चार माह के लिए फेलोशिप दी है।

इस तकनीक से मोबाइल और लैपटॉप की बैटरियां सस्ती होंगी और उनकी स्टोरेज क्षमता बढ़ने सहित खेती भी सरसब्ज होगी, क्योंकि इन बैटरियों का उपयोग अब कृषि संबंधी रोबोटिक्स में भी किया जाने लगा है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थित सीबीएसएच कालेज के रसायन विज्ञान विभाग में डॉ. एमजीएच जैदी और डॉ. समीना महताब के मार्गदर्शन में मनीषा पांडे शोधरत हैं। वह लीथियम आयन बैटरियों को बनाने में प्रयुक्त होने वाले कार्बन नैनो ट्यूब को ग्रीन प्रक्रम विधि से विकसित कर रही हैं, जिसमें वह काफी हद तक सफलता हासिल कर चुकी हैं। मनीषा को नेशनल सुन यटसेन यूनिवर्सिटी (एनएसटीसी) ताइवान में चार माह की फेलोशिप मिली है। इसके तहत वह वहां लीथियम आयन बैटरी और आर्गेनिक इश्यूज ऑफ कार्बन नैनो ट्यूब पर शोध करेंगी। मनीषा नेचुरल रिसोर्सेज से कार्ब नैनो ट्यूब बनाने के बाद पता लगाएंगी कि वह लीथियम आयन बैटरी पर किस तरह काम करती है और बैटरी की स्टोरेज क्षमता कितनी बढ़ सकती है। इससे उद्योगों को खर्चीले लेजर सिस्टम से निजात मिलेगी और उसकी जगह ग्रीन फ्रेंडली विधि से नैनो ट्यूब बनाकर देश में ही लीथियम आयन बैटरी बनाई जा सकेंगी।

**क्या है लीथियम आयन बैटरी :** वर्तमान में लैपटाप और मोबाइल में जो बैटरियां प्रयोग होती हैं, वह लीथियम आयन बैटरी होती हैं। इनमें कार्बन नैनो ट्यूब नामक नैनो मैटीरियल का प्रयोग होता है, जिसे अभी लेजर प्रक्रिया से बनाया जाता है। इस प्रक्रिया में ग्रेफाइट पर हाई एनर्जी की लेजर को अप्लाई करते हैं, जिसके बाद उसे आयरन से कैटेलाइज करना पड़ता है। जब यह कैटेलाइज होती है, तब उससे कार्बन नैनो ट्यूब बनती है। इस विधि में कार्बन नैनो ट्यूब तो बनती है, परंतु उसमें ग्रेफाइट की शुद्धता क्षीण हो जाती है। ग्रेफाइट से कार्बन नैनो की उत्पादकता मात्र 28-30 प्रतिशत ही है। यदि ग्रीन प्रक्रम विकसित होता है, तो कार्बन नैनो ट्यूब आसानी से बन सकेंगी। लेजर सेटअप काफी महंगा है। ऐसे में सस्टेनेबल स्माल स्केल पर ग्रीन फ्रेंडली अल्टरनेट कार्बन नैनो ट्यूब बनाया जा सकता है।

> कार्बन नैनो ट्यूब को इंडिया में ग्रीन फ्रेंडली विधि से बनाने में सफलता मिली तो हमारी चीन व अन्य देशों पर निर्भरता कम हो जाएगी। जिससे विदेशी मुद्रा देश में आएगी। अभी लीथियम आयन हमें अन्य देशों से खरीदना पड़ता है, फिर अन्य देश हमसे खरीदेंगे। - **डॉ. एमजीएच जैदी,** प्राध्यापक रसायन विज्ञान विभाग।

## विमान यात्री के खाने में मिला कॉकरोच

- दिल्ली से न्यूयार्क जा रही थी एयर इंडिया की फ्लाइट

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के एक यात्री ने राष्ट्रीय राजधानी से न्यूयॉर्क जाने वाले विमान में परोसे गए ऑमलेट में कॉकरोच मिलने की शिकायत की है। वहीं, एयर इंडिया ने कहा है कि उसने आगे की जांच के लिए खानपान सेवा प्रदाता के समक्ष यह मामला उठाया है। यात्री ने कहा कि जब हमें यह पता चला तब तक मेरा दो साल का बच्चा आधे से ज्यादा ऑमलेट खा चुका था। इसके परिणामस्वरूप वह बीमार हो गया। यात्री ने एक छोटा वीडियो और तस्वीर भी साझा की। उसने पोस्ट में एयर इंडिया, डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्री को टैग किया।

## दिल्ली में 4 दिव्यांग बेटियों के साथ पिता ने की खुदकुशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- घर से मिले सल्फास के 3 पैकेट

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज दक्षिण थाना क्षेत्र के रंगपुरी गांव में 46 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी चार बेटियों के साथ जहर खाकर जान दे दी। उनके शव किराए के उनके घर से बरामद किए गए हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि चार में दो बेटियां दिव्यांग थीं और शवों की हालत से ऐसा लगता है कि उनकी मौत कई दिन पहले हो चुकी थी। मृतकों की पहचान पिछले 28 साल से वसंत कुंज में इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर में बढ़ई के तौर पर काम करने वाले हीरालाल शर्मा और उसकी चार बेटियों नीतू (26), निक्की (24), नीरू (23) और निधि (20) के रूप में की गई है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि शव शुक्रवार दोपहर को मिले और उन पर चोट के कोई निशान नहीं है लेकिन घर में सल्फास जहर के तीन पैकेट, पांच गिलास और एक संदिग्ध तरल पदार्थ के साथ एक चम्मच मिली है। पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला है क्योंकि किसी भी तरह की साजिश का कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति की दो छोटी बेटियां दिव्यांग थीं जबकि पड़ोसियों ने बताया कि चारों दिव्यांग थीं।

## एक नजर

### मिल्कीपुर उप चुनाव के प्रभारी तीस को आएंगे

अयोध्या। अमृत विचार : मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी एवं पूर्व सांसद पीएल पुनिया और राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल 30 सितंबर को मिल्कीपुर पहुंच कर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि पूर्व सांसद पीएल पुनिया मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के संबंध में 11 बजे मिल्कीपुर, अपराह्न 12 बजे कुमारगंज बाजार, ब्लाक-अमानीगंज, अपराह्न 2 बजे खड़भढ़िया चौराहा, ब्लाक हैरिंगटनगंज पहुंच कर बैठक करेंगे, जिसमें ब्लॉक के बूथ अध्यक्ष, न्याय पंचायत अध्यक्ष, न्याय पंचायत प्रभार, आदि शामिल होंगे। इसके बाद बैठक करेंगे।

### डेंगू के 11 मरीज और मिले

अयोध्या। जिले में शनिवार को डेंगू के 11 मरीज और मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के के मुताबिक नगर क्षेत्र में सात, खंडासा, मयाबाजार, रुदौली व बीकापुर में एक-एक मरीज मिले हैं। अब तक 135 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है, जबकि 31 का इलाज चल रहा है।

# मधुमेह में लाभकारी साबित होने वाला सफेद रंग का बैगन विकसित

कुमारगंज, अयोध्या।

**उपलब्धि** — कृषि विश्वविद्यालय ने विकसित की सब्जी व फल की 10 प्रजातियां

**विश्वविद्यालय में खुशी की लहर, कुलपति ने वैज्ञानिकों को दी बधाई**

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ने नैक मूल्यांकन में सफलता हासिल करने के बाद एक और कीर्तिमान स्थापित कर लिया है। एक साथ 10 औद्यानिक फसलों की प्रजातियां विकसित करने के बाद इतिहास के पन्नों में कृषि विश्वविद्यालय का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया है।

कृषि विश्वविद्यालय में यह सभी प्रजातियां उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय द्वारा विकसित की गई हैं। औद्यानिक फसलों के विकसित होने वाली प्रजातियों में आंवला की दो प्रजातियां हैं। वहीं बैगन की एक प्रजाति नरेंद्र सुयोग को वैज्ञानिकों ने विकसित किया है, जो मधुमेह में लाभदायक होगा। कृषि विवि के मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया इन प्रजातियों को अधिसूचित एवं विमोचित किया गया है।

भारत सरकार के कृषि एवं कल्याण मंत्रालय द्वारा इन प्रजातियों की पहचान एवं अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह बड़ी उपलब्धि विश्विद्यालय के हाथ लगने पर पूरे विश्वविद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने इस सफलता के लिए वानिकी अधिष्ठाता, निदेशक शोध एवं परियोनाओं में कार्यरत समस्त वैज्ञानिकों, संबंधित विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है।



कृषि विश्वविद्यालय में विकसित की गई आंवला प्रजाति का निरीक्षण करते वैज्ञानिक।



विकसित की गई नई प्रजाति नरेंद्र बेल। अमृत विचार

**इनका रहा योगदान**

प्रजातियों को विकसित करने में मुख्य रूप से वरिष्ठ वैज्ञानिक/कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, अधिष्ठाता डॉ. संजय पाठक, डॉ. हेमन्त कुमार सिंह मुख्य अन्वेषक एरिड जोन फ्रूट, डॉ. प्रदीप कुमार मुख्य अन्वेषक मसाला परियोजना, डा. भानुप्रताप विभागाध्यक्ष फल विज्ञान, डॉ. सीएन राम विभागाध्यक्ष सब्जी विज्ञान, डॉ. गुलाब चंद्र यादव पूर्व मुख्य अन्वेषक सब्जी परियोजना, वैज्ञानिक डॉ. विक्रमा प्रसाद पांडेय, वैज्ञानिक डॉ. एच.के. सिंह, वैज्ञानिक डॉ. अच्छे लाल यादव, वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार मौर्या तथा तकनीकि सहायक में नंदलाल शर्मा, राजकुमार गुप्ता व शिव सरन गुप्ता का योगदान रहा।

**ये प्रजातियां की गईं विकसित**

- नरेंद्र आंवला 25- इस विकसित आंवला प्रजाति की प्रति पेड़ उत्पादन क्षमता 150-160 किलोग्राम है। मध्यम समय में परिपक्वता है। यह आंवला च्यवनप्राश, मुरब्बा और कैंडी बनाने के लिए अधिक उपयुक्त है।
- नरेंद्र आंवला 26- इस आंवला प्रजाति की भी उत्पादन क्षमता प्रति पेड़ 160 किग्रा है। यह फल चमकीला और हरे-पीले रंग का है।
- नरेंद्र बेल 8- इस बेल का वजन 1.0 किलोग्राम से 1.25 किग्रा. है। इस पेड़ का प्रति पेड़ उत्पादन क्षमता 125-145 किलोग्राम है।
- नरेंद्र बेल 10- इस बेल का आकार बिल्कुल गोल है। इसका वजन 1.25 से 1.5 किग्रा. है। यह बेल जूस, मुरब्बा एवं कैंडी के लिए अधिक उपयुक्त है। इसकी उत्पादन क्षमता 100-110 फल प्रति पेड़ है।
- नरेंद्र बेल 11- इस बेल का आकार भी गोलाकार है। इस बेल का वजन 1.75 से 2.0 किग्रा. तक है। इस बेल की उत्पादन क्षमता 150 से 175 किग्रा. प्रति पेड़ है।
- नरेंद्र सरसो (साग-1)- इस सरसो के पत्ते हरे रंग के और बड़े हैं। सरसो की उत्पादन क्षमता 286 कुंटल प्रति हेक्टेयर है।
- नरेंद्र हल्दी 4- इसकी मध्यम परिपक्वता अवधि 235-240 दिन की है। करक्यूमिन 6.67 प्रतिशत और इस हल्दी की उत्पादन क्षमता 345-350 कुंटल प्रति हेक्टेयर है। यह प्रजाति पत्ती धब्बा एवं लीफ ब्लाच के प्रति मध्यम प्रतिरोधी है।
- नरेंद्र कामना (लौकी)- इस लौकी प्रजाति को उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखण्ड सहित देश के विभिन्न राज्यों के लिए संस्तुत की गई है। इस लौकी की उच्च उत्पादन क्षमता 350 कुंटल प्रति हेक्टेयर है। ये बुआई के 30 से 35 दिन में तुड़ाई हेतु तैयार हो जाती है।
- नरेंद्र सीता (लौकी)- यह लौकी की संकर प्रजाति है। यह क्षारीयता के प्रति सहिष्णु एवं उच्च उत्पादन 450-500 कुंटल प्रति हेक्टेयर है।
- नरेंद्र सुयोग (बैगन)- यह सफेद रंग की प्रजाति है तथा मधुमेह के रोगियों के लिए अधिक लाभदायक है। इसकी औसत उपज 500-550 कुंटल प्रति हेक्टेयर है।

# अवध विश्वविद्यालय में कर्मचारियों ने की छात्र-छात्राओं से अभद्रता, हंगामा

## एटीकेटी व्यवस्था को लेकर धरना देने पहुंचे थे छात्र

**हॉस्टलों में भी अव्यवस्था का लगाया आरोप**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में शनिवार को धरना देने पहुंचे छात्र-छात्राओं से कर्मियों द्वारा बदसलूकी के बाद जबरदस्त हंगामा हुआ। छात्रों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने कर्मियों पर छात्राओं से अभद्रता का आरोप लगाया है। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ और मुख्य नियंता प्रो. संत शरण मिश्र ने मौके पर पहुंच कर स्थिति संभाल ली। एटीकेटी की अनुमति न मिलने पर विद्यार्थी परिषद ने एक अक्टूबर से बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

छात्र-छात्राओं द्वारा लगातार एक महीने से एटीकेटी के तहत व्यवस्था की मांग की जा रही है। कोई सुनवाई नहीं होने पर शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर पहुंच गये और विरोध- प्रदर्शन करने लगे। आरोप है कि इसी दौरान कतिपय कर्मियों और तैनात सुरक्षा गार्डों द्वारा उनके साथ धक्का मुक्की की गई। कुछ कर्मियों ने छात्राओं का हाथ पकड़ उन्हें घसीट कर बाहर करने का प्रयास किया। जिस पर छात्र भड़क गए और कर्मियों से भिड़ गए। करीब आधे घंटे तक जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान कुलपति कौटिल्य भवन में बैठक ले रही थीं। सूचना पाकर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ और मुख्य नियंता प्रो. संत शरण मिश्र मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र आरोपित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। काफी देर तक चली जद्दोजहद के बाद अधिकारियों ने विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों और छात्रों को बुला कर बातचीत की और ज्ञापन लिया तब जाकर मामला शांत हुआ। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय द्वारा बैक पेपर व्यवस्था समाप्त करने के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एटीकेटी व्यवस्था लागू की गई है, लेकिन उसका भी पालन नहीं किया जा रहा है। उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो एक अक्टूबर से प्रदर्शन किया जाएगा।



अवध विश्वविद्यालय में शनिवार को छात्रों को धक्का देते कर्मी। अमृत विचार

**हॉस्टल में बदहाली का आरोप**

प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया कि छात्रावास में रह रहीं छात्राओं को तमाम बदहाली झेलनी पड़ रही है। हॉस्टल में शौचालयों और मेस की बुरी दशा है। खाना भी ढंग का नहीं मिलता है। शिकायत के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**क्या है एटीकेटी व्यवस्था**

भारतीय शिक्षा प्रणाली में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत, अगर कोई छात्र प्री-ग्रेजुएशन या ग्रेजुएशन में एक से चार विषयों में फ़ेल हो जाता है, तो उसे अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाता है। इसे एटीकेटी एलाउंड टू कीप टर्म्स कहते हैं। अगली कक्षा में प्रवेश लेने के लिए, छात्रों को उन विषयों में पास होना ज़रूरी है जिनमें वे फ़ेल हुए थे। आम तौर पर, छात्रों को पांच बार तक एटीकेटी का मौका दिया जाता है। अगर पांच बार एटीकेटी के बाद भी छात्र परीक्षा पास नहीं कर पाता, तो उसे फिर उसी कक्षा में दोबारा पढ़ना पड़ता है।

> छात्रों से वार्ता की गयी है। विश्वविद्यालय प्रशासन संबद्ध महाविद्यालयों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निर्धारण करेगा। छात्रावास में दूषित भोजन और व्यवस्थाओं के बारे में छात्रों द्वारा अवगत कराया गया है। संज्ञान में लेते हुए इसको देखा जाएगा।
> –संत शरण मिश्र, मुख्य नियंता, अवध विश्वविद्यालय।

## आरोपी मोइद खान और राजू खान पर गैंगेस्टर

**सामूहिक दुष्कर्म मामला**

**मसौधा, अयोध्या।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा में हुए किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोपी मोइद खान की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। एक तरफ मोईद खान की तरफ से उच्च न्यायालय में जमानत को लेकर 30 सितंबर को सुनवाई होनी है वहीं उसके विरुद्ध पूराकलंदर थाने में गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज करा दिया गया। मामले में जेल में निरुद्ध मोईद खान ने जिला न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन किया लेकिन जमानत नामंजूर हो गई थी। जिसको लेकर मोईद खान ने मामले में उच्च न्यायालय लखनऊ खंड पीठ में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। जिस पर 30 सितंबर को सुनवाई होनी है। उससे पहले ही अब पूराकलंदर थाने में मोईद खान और राजू खान पर गैंगेस्टर केस पंजीकृत कर लिया गया है और जांच शुरू हो गई है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन के निर्देश पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### अयोध्या से हैदराबाद के लिए फ्लाइट का संचालन

अयोध्या। अमृत विचार : अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से अयोध्या-हैदराबाद के बीच इंडिगो एयरलाइंस ने फ्लाइट का संचालन शुरू किया है। डायरेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि यह फ्लाइट हफ्ते में चार दिन उड़ान भरेगी। सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को दोपहर एक बजकर 55 मिनट पर हैदराबाद से टेकऑफ होगी। यहां चार बजकर पांच मिनट पर लैंड करेगी। इसके बाद यहां चार बजकर 40 मिनट पर उड़ान भरेगी और हैदराबाद एयरपोर्ट पर छह बजकर 40 मिनट पर लैंड करेगी।

### उपचुनाव को लेकर युवजन सभा ने कसी कमर



सपा कार्यालय पर बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन।

अयोध्या, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर युवजन सभा की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक में मिल्कीपुर उप चुनाव को लेकर रणनीति बनी। अध्यक्षता युवजन सभा के जिला अध्यक्ष जय सिंह राणा एवं संचालन उपाध्यक्ष मनोज यादव ने किया। बैठक में मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव के बारे में चर्चा की गई और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया गया। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार से जनता त्रस्त है और इसका जवाब आने वाले मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर देगी। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा सभी पदाधिकारी मिल्कीपुर के उपचुनाव में घर घर जाकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। इस मौके पर हामिद जाफर मीसम, अतुल यादव, शुभम वर्मा, नीरज शर्मा, समरपाल सिंह, अखिलेश यादव, गोविंद विश्वकर्मा, दीपक यादव, वीरेंद्र, अनुभव, महमूदखान, अमित आदि लोग मौजूद रहे।

### विधायक अमित लोक लेखा समिति के सदस्य बने



अयोध्या। बीकापुर के विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान को विधानसभा के लोक लेखा समिति का सदस्य बनाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि मुझे मिली जिम्मेदारी को पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ निभाऊंगा।

### जयंती पर श्रद्धा के साथ याद किए गए शहीद भगत सिंह




शहीद भगत सिंह की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद नारा लगाते इंकलाबी नौजवान सभा के पदाधिकारी।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : शहीद भगत सिंह की जयंती पर शनिवार को नगर निगम स्थित भगत सिंह की प्रतिमा पर विभिन्न संगठनों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि मौजूदा दौर में भगत सिंह के विचार और भी प्रासंगिक हो गए हैं। आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी देश में असमानता की खाई बढ़ती जा रही है। भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक मयाराम वर्मा, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद, इंकलाबी नौजवान सभा के जिला संयोजक अजय शर्मा चंचल, सहसंयोजक आशीष, दिलीप, सुनील, मजदूर नेता शैलेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### भगत सिंह के स्थापित मूल्यों की रक्षा युवाओं का दायित्व



शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते शहीद शोध संस्थान के पदाधिकारी।

अयोध्या, अमृत विचार : अशफ़ाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पांडेय ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद ए आज़म भगत सिंह द्वारा स्थापित मूल्यों की हिफाजत नई पीढ़ी का महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में उसके दर्शन की उन्होंने सटीक व्याख्या किया है। वह शहीद की जयंती पर माल्यार्पण के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। अध्यक्ष ज़फ़र इक़बाल, कोषाध्यक्ष अब्दुल रहमान, भोलू, विकास सोनकर, अंकित पांडेय, रामशंकर मास्टर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### स्थगित हुआ राज्य बाल अधिकार आयोग सदस्य का दौरा

अयोध्या, अमृत विचार : राज्य बाल अधिकार आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी का शनिवार को एक दिवसीय जनपद दौरा अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया। बाल अधिकार आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी को जनपद पहुंच बाल सुधार गृह, कारागार का निरीक्षण करना था और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करनी थी। साथ ही उनको गांव जाकर महारजगंज थाना क्षेत्र की दुष्कर्म पीड़िता बच्ची के परिवार से मिलना था और पत्रकार वार्ता करनी थी। बाल अधिकार संरक्षण समिति के जिला प्रभारी सर्वेश अवस्थी ने बताया कि राज्य बाल अधिकार आयोग सदस्य का दौरा स्थगित हो गया है।

### जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की रिपोर्ट के लिए भटके मरीज

अयोध्या, अमृत विचार : जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन का प्रिंटर खराब हो जाने के कारण मरीजों को रिपोर्ट के लिए दो दिन से इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पीपीपी मोड पर संचालित मशीन के प्रिंटर के खराब होने के संबंध में प्रभारी आशीष राय ने बताया कि कुछ लोगों को मैन्युअल रिपोर्ट दी गई थी। शनिवार की शाम को प्रिंटर बन गया है। अब पहले की तरह रिपोर्ट दी जा रही है, जिनकी रिपोर्ट पेंडिंग थी। वह आकर ले सकते हैं।

### नवागत एसपी देहात ने ग्रहण किया पदभार

अयोध्या, अमृत विचार : गाजीपुर से स्थानांतरित होकर आए वर्ष 1999 बैच के पीपीएस अधिकारी बलवंत चौधरी ने जनपद पहुंच अपर पुलिस अधीक्षक देहात का पद भार ग्रहण कर लिया। नवागत एसपी देहात यहां एसपी सिटी के पद पर तैनात मधुबन सिंह के बैचमेट हैं और प्राण प्रतिष्ठा के दौरान विशेष सुरक्षा ड्यूटी कर चुके हैं। पूर्व में वह चित्रकूट में भी लगभग तीन वर्ष तैनात रहे। यहां एसपी देहात के पद पर तैनात अतुल कुमार सोनकर को इसी पद पर गाजीपुर भेजा गया है।

# ज्ञानवापी और मथुरा को खुद सौंप दे मुस्लिम : केके मोहम्मद

**साकेत महाविद्यालय में बोले- मुसलमानों ने बहुत मंदिर तोड़े**

अयोध्या कार्यालय



केके मोहम्मद, आर्कियोलॉजिस्ट

**अमृत विचार :** साकेत महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित संगोष्ठी में पहुंचे प्रसिद्ध आर्कियोलॉजिस्ट केके मोहम्मद ने कहा कि राम मंदिर के हक में सुप्रीम कोर्ट से जो फैसला आया है उसके पीछे खोदाई में मिले प्राचीन अवशेष ही थे। उन्होंने कहा कि विवादित ढांचा की खोदाई में जो सबूत मिले थे कोर्ट ने उन्हें आधार माना था। मुसलमान इस देश में आए तो उन्होंने बहुत सारे मंदिर तोड़े। बहुत कुछ गलत हुआ है। कुछ चीजों का रखर खाव हमें करना चाहिए। ज्ञानवापी व मथुरा को मुसलमानों को खुद ही हिंदुओं को सौंप देना चाहिए। विवाद आगे न बढ़ाकर हिंदुओं को भी यही रुक जाना चाहिए। केके मोहम्मद ने ही अयोध्या में जन्मभूमि स्थल पर मिले साक्ष्यों को एकत्र कर साक्ष्य बनाया था।

वहीं बतौर अतिथि संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संघ के सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल ने कहा कि पश्चिमी इतिहास केवल 6000 वर्ष में ही स्थिर हो गया, जबकि भारतीय इतिहास कई लाख वर्ष पुराना माना जाता है। भारत की मौलिक दृष्टि है कि जो बीत गया उसे भूल जाओ। हमने सारे इतिहास को एक रस में देखा। हमारे इतिहासकारों को शोध करना होगा। इतिहास पढ़ना है तो केवल राजा राजाओं की कहानी ही पर्याप्त नहीं है। इस दौरान प्रो हरी नारायण दुबे, आई सी एच आर से प्रो. सुस्मिता पाण्डेय, इग्नू से डॉ. हर्षवर्धन सिंह, प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## गड्ढे में नहाने गए युवक की डूबकर मौत

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पंचायत कुमारगंज अंतर्गत पूरे गोस्वामी में राष्ट्रीय राजमार्ग अयोध्या- जगदीशपुर फोरलेन की निर्माण इकाई पीएनसी द्वारा खोदे गए गड्ढे में नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। गोताखोरों द्वारा छह घंटे की मशक्कत के बाद शव निकाला जा सका। गोसाईं का पुरवा निवासी दुर्गेश चौहान पुत्र काली प्रसाद उम्र लगभग (18) अपने दोस्तों के साथ शनिवार सुबह 10 बजे घर से निकला। गांव से करीब 500 मीटर दूर पीएनसी द्वारा खोदे गए गड्ढे में नहाने के लिए जैसे ही कूदा वह डूब गया। दोस्तों ने काफी खोजबीन की मगर दुर्गेश का पता नहीं चला। पुलिस ने स्थानीय गोताखोर कलीम को बुलाकर काफी खोजबीन कराई, लेकिन असफल रही। नगर पंचायत कुमारगंज के अध्यक्ष विकास सिंह भी मौके पर पहुंचे और पुनः गोताखोर से ढूंढने के लिए आग्रह किया पर स्थानीय गोताखोर असफल रहे। थाना प्रभारी रतन सिंह ने बताया कि अयोध्या से आए गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। स्थानीय निवासियों द्वारा निर्माण इकाई पर गड्ढा खोद कर छोड़ दिए जाने में लापरवाही का आरोप लगाया है।



दुर्गेश चौहान (फाइल फोटो)

# सोनिया गांधी को चाहिए राहुल को भेज दें अस्पताल : विनय कटियार

अयोध्या कार्यालय

- पूर्व सांसद ने दिया विवादित बयान, कहा राहुल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं
- उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महिला आयोग उपाध्यक्ष ने भी राहुल को घेरा



भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद विनय कटियार

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से एक विवादित बयान के बाद यहां राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद विनय कटियार ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव को लेकर बड़ी बात कही है।

उन्होंने कहा है कि दोनों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, सोनिया गांधी को चाहिए राहुल गांधी को अच्छे अस्पताल भेज दें। उन्होंने कहा है कि अगर वह नहीं भेज पा रही तो हमको बताएं। हम राहुल गांधी को अस्पताल भेज देंगे। वहीं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के द्वारा मठाधीश पर की गई टिप्पणी को लेकर कहा कि उनके पिता जी ने कुछ सिखाया नहीं है। वह भी मानसिक रूप से बीमार हैं। इसके अलावा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि राहुल गांधी को अब राम मंदिर की याद आ रही है। 22 जनवरी को आम जनता उत्सव मना रही थी कोई मंदिर ऐसा नहीं था जहां उत्सव का माहौल न रहा हो जहां प्रसाद ना बन रहा हो। पूरा देश राममय था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उस दिन इस उत्सव को देखते तो शायद उन्हें समझ में आता, लेकिन उन्होंने मुंह मोड़ लिया। उन्होंने कहा कि जिस दिन वह भारतीय संस्कृति को जान जाएंगे उसके बाद संस्कार वान हो जाएंगे।

स्व. मुलायम सिंह यादव की छोटी पुत्रवधू महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अच्छे से नहीं देखा है। उद्योगपति क्या देश का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मंदिर निर्माण करने वाले लोगों पर फूलों की वर्षा किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के घर में तीन-तीन प्रधानमंत्री हुए कोई एक व्यक्ति बता दें जिन्होंने सेवकों के पाव धुले हों। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश को भड़काने वाला भाषण देकर कुछ नहीं कर पाएंगे।

**तैयारी** — शासन से अवमुक्त हुआ बजट, लोक निर्माण विभाग की ओर से भेजा गया था प्रस्ताव

# ग्रामीण क्षेत्र की 4 सड़कों के मरम्मत को हरी झंडी

अयोध्या कार्यालय




**अमृत विचार।** शासन ने जनपद के ग्रामीण क्षेत्र की चार सड़कों की विशेष मरम्मत के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इसके लिए शासन की ओर से बजट भी अवमुक्त किया गया है। लोक निर्माण विभाग की ओर से इन सड़कों के विशेष मरम्मत का प्रस्ताव भेजवाया गया था।

लोक निर्माण विभाग खंड चार की ओर से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत का प्रस्ताव मुख्यालय के माध्यम से शासन को भेजवाया गया था, जिसको लेकर शासन ने ग्रामीण क्षेत्र में मिल्कीपुर और रुदौली विधानसभा क्षेत्र स्थित चार सड़कों के विशेष मरम्मत के कार्य को मंजूरी दी है। विभाग की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक 23 अगस्त को भेजवाए गए प्रस्ताव के सापेक्ष पांच वर्षीय अनुरक्षण लागत के तहत विशेष मरम्मत के लिए धनराशि स्वीकृति हुई है। विभाग को कोटिया संपर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के लिए 11.37 लाख रूपये मिला है। 3.75 किमी लंबे इस मार्ग का 45.1 लाख से निर्माण कराया गया था और पांच वर्षीय अनुरक्षण लागत के तहत 6.76 लाख स्वीकृत हुआ था। वहीं शासन ने 34.91 लाख से निर्मित 2.90 किमी लंबे झाऊ मिश्र का पुरवा से पूरे टिकई बचकुना संपर्क मार्ग के लिए 8.72 लाख, 60.74 लाख से निर्मित 4 किमी लंबे कुमारगंज सैदपुर से चौधरीपुर वाया गडौली संपर्क मार्ग के लिए 15.18 लाख और 43.41 लाख से निर्मित 3. 50 किमी लंबे मिल्कीपुर पेट्रोल पंप से टिकरा संपर्क मार्ग की विशेष मरम्मत के लिए 10.85 लाख रूपये का बजट मिला है।

लोक निर्माण विभाग खंड 4 के अधिशासी अभियंता शशिभूषण सिंह ने बताया कि शासन ने ग्रामीण क्षेत्र के 14.15 किमी लंबाई के कुल चार संपर्क मार्गों के विशेष मरम्मत के लिए 46.02 लाख रूपये की धनराशि अवमुक्त की है। जल्द ही मररमत का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग को निर्माणाधीन रौनाही-ड्योढ़ी संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण परियोजना के लिए 174.61 लाख की अग्रिम किश्त मिली है।

**रौनाही-इयोढ़ी संपर्क मार्ग के लिए मिला था 174 लाख**

कुछ दिन पूर्व ही शासन की ओर से रौनाही-ड्योढ़ी संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 174.61 लाख रूपये की किश्त अवमुक्त की गई थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 24 नवंबर 23 को इस परियोजना के लिए 2650.63 लाख रूपये की स्वीकृति मिली थी और लोक निर्माण विभाग के खंड 4 की ओर से 2642.93 लाख रूपये का ठेका दिया था। परियोजना के तहत अब तक 1928.74 लाख रूपये का बजट आवंटित किया जा चुका था, जबकि कुल लागत में से 714.19 लाख रूपये अवशेष था।

# ग्राम विकास अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप

अयोध्या कार्यालय




**प्रमाण पत्र बनाने और नकल निकलवाने में हो रही वसूली**

**अमृत विचार :** तारुन ब्लाक की ग्राम पंचायत बारा की प्रधान अंजू निषाद द्वारा ग्राम विकास अधिकारी राम नयन यादव पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी पर तमाम गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायती पत्र में कहा गया है कि उक्त ग्राम विकास अधिकारी ने गांव में भ्रष्टाचार की दुकान खोल ली है।

आरोप है कि उक्त अधिकारी द्वारा मृत्यु प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर आदि की नकल के लिए रेट फिक्स कर रखा है। प्रधान का कहना है कि उक्त ग्राम विकास अधिकारी द्वारा लगातार लोगों को प्रताड़ित कर अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मी कई पंचायतों के चार्ज पर हैं और लगातार अनियमितता कर रहे हैं। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा है कि प्रधानों द्वारा भी उपमुख्यमंत्री के समक्ष उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है। इतना ही नहीं आरोपी को हटाया भी गया, लेकिन तारुन क्लस्टर में बरकरार रखा गया, जिस कारण करीब पांच हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। आरोप है कि उक्त ग्राम विकास अधिकारी को जनपद से स्थानांतरित कर दिया जाए। मांग की गई है तत्काल उक्त कर्मी को यहां से हटाया जाए अन्यथा सरकार प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है।

## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने एवं वर्षा होने की संभावना है।

26.0° अधिकतम तापमान | 22.0° न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम



- उर्मिला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन परिसर कोटसराय में एक दिवसीय रोजगार मेला 10 :00 बजे से।
- जिलाधिकारी/अध्यक्ष जल जीवन मिशन की अध्यक्षता में जिला पेयजल व स्वच्छता मिशन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में 12 :00 बजे।
- अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीयन/नवीनीकरण व संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श के लिए बैठक सीएमओ कार्यालय में अपराह्न 02 :00 बजे।
- समाजवादी मुलायम यूथ बिग्रेड की गुलाबबाड़ी कार्यालय पर बैठक अपराह्न 02 :00 बजे से।
- भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान पूरा बाजार ब्लॉक में अपराह्न 02 :00 बजे से।
- अंजुमन गुंचे मजलूमियां की ओर से ताजियाती जलसा इमामबाड़ा में शाम 04 :00 बजे से।

### ट्रांसफार्मर जला, 50 हजार की आबादी बिन बिजली

**कुमारगंज, अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित कुमारगंज विद्युत उपकेंद्र से आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उपकेंद्र पर लगा 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर जल गया है जिसके चलते सैकड़ों गांवों की पचास हजार की आबादी अंधेरे में है। गुरुवार की रात उपकेंद्र पर स्थापित 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर जल गया है। विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में अंधेरा छा गया है। जला ट्रांसफार्मर अभी बदला नहीं जा सका है, जबकि विद्युत विभाग के शीर्ष अधिकारियों ने दावा किया है कि उपकेंद्र से जुड़े सभी फीडरों को दो-दो चक्र में चार-चार घंटे विद्युत आपूर्ति प्रदान की जाएगी। मुख्य अभियंता रामकुमार एवं अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय मिल्कीपुर विनोद कुमार का कहना है कि जला हुआ ट्रांसफार्मर बदले जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ट्रांसफार्मर लखनऊ से शनिवार देर शाम तक बिजली घर पहुंच जाएगा और रविवार को शाम तक उसे स्थापित कर दिया जायेगा।



किसानों की बढ़ी चिंता

बारिश का कहर





पूराबाजार में धान की फसल लोट जाने के बाद परेशान किसान।

जलवानपुरा में जलभराव के बाद ट्रैक्टर से बाहर निकलते लोग।

**83.6** एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई

**22** से अधिक मोहल्लों में पेयजल संकट छाया

टकसाल में बारिश का पानी भरने के बाद गली से निकलना हो गया मुश्किल।

# ढहे आशियाने, फसलें चौपट, जलवानपुरा में उतारे ट्रैक्टर

## शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में जलभराव से हुए परेशान ▸ मलबे में दबने से तीन बच्चे घायल, आज भी बारिश की संभावना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दो दिन से हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर में जगह-जगह जलभराव है। अयोध्या धाम के जलवानपुरा में हालात बदतर हो गए हैं। कई घरों में पानी भरा हुआ है। नगर निगम ने लोगों को आने-जाने के लिए ट्रैक्टर की सेवा शुरू कराई है। वहीं ग्रामीण इलाकों में तो कई लोगों के आशियाने ढह गए। तीन बच्चों के चोटिल होने का मामला सामने आया है। बारिश के कारण धान की फसलों पर भी बुरा असर पड़ा है। खेतों में बालियां लगी फसलें लोट गईं। किसान परेशान हैं। शनिवार को 83.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग ने आगे भी बादल छाए रहने व मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है।

पूराजाबार प्रतिनिधि के अनुसार विकासखंड के खनुवावां के राम करन रावत व तालुकदार पांडे का घर शुक्रवार की देर शाम भरभरा कर गिर गया। रामकरन ने बताया कि शुक्रवार की शाम पांच बजे बरसात के दौरान घर एक का एक हिस्सा गिर गया। मां इसी मकान में रहती थीं। संयोग से बरसात होने के नाते खाना खाने के लिए दूसरे घर पर गई थीं। इसी तरह तालुकदार पांडे का मकान भी शुक्रवार की शाम छह बजे भरभरा कर गिर गया।

उन्होंने इसकी सूचना लेखपाल को दी, लेकिन अभी तक गांव में दिखाई नहीं पड़े। रुदौली प्रतिनिधि के मुताबिक थाना पटरंगा के ग्राम पूरे सालिक में बिंदु का कच्चा मकान गिरने से बिंदु का 7 वर्षीय पुत्र आदित्य, 6 वर्षीय पुत्री राधा व दो वर्षीय पुत्र आर्यन मलबे में दब गए। ग्रामीणों की सहायता से बाहर निकाला गया, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। चोटिल बच्चों को परिजनो ने ग्रामीणों की सहायता से निकट के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। एसडीएम प्रवीण यादव ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजा गया है।



खनुवावां में बरसात से रामकरण रावत का कच्चा मकान गिर गया।

रुदौली में कच्ची दीवार गिरने के बाद इन्हीं तीन बच्चों को चोटें आई थीं।

### किसान खेतों में बिछी फसलों को लेकर परेशान

**पूरा बाजार, अयोध्या।** बारिश और तेज हवा के चलते धान व गन्ना की फसलें गिरकर बर्बाद हो गई हैं। विकासखंड पूरा बाजार के कछौली खनुवावां निवासी किसान पवन पांडेय ने बताया कि 6 बीघा धान पक कर तैयार हुआ था जो बरसात और तेज हवा के चलते गिरकर जमीन पर लेट गया, खेत में पानी भरा होने के चलते धन सड़ने की स्थिति में है। खनुवावां के भागीरथी का तीन बीघा, राम अवध का तीन बीघा, राम जन्म का दो बीघा, राजमणि का दो बीघा, अर्जुन रावत का एक बीघा धान की फसल पानी में डूब गई है। लक्ष्मीदासपुर के रामनयन पांडे, घिराऊ पांडे दिनेश पांडे, चंद्रिका प्रसाद राय बताते हैं कि पानी ने धान और गन्ने की फसल को बर्बाद कर दिया। इस बरसात के पानी से बहुत नुकसान हो रहा है।

### कमर तक भरा पानी, निकलना मुश्किल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनगरी में वाटर मेट्रो, क्रूज, ईवी, पैराग्लाइडिंग के बाद अब जलवानपुरा वासियों के लिए अयोध्या नगर निगम ने ट्रैक्टर सेवा शुरू किया है। सुबह से ही जलवानपुरा में नगर निगम के द्वारा घरों से बाहर आने जाने के लिए दो ट्रैक्टर लगाया है। बीते दो दिन से हो रही बारिश के कारण जगहों पर जलभराव है। जलवानपुरा में लगभग एक दर्जन से अधिक घरों में तीन फुट से अधिक पानी भरा हुआ है, जिसके कारण लोग अपने घरों से भी नहीं निकल पर रहे थे। स्थानीय निवासी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे क्षेत्र में बड़ी संख्या में पानी भर गया है। काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। यहां पर बीते 15 वर्षों से अधिक समय से जल भराव की समस्या बनी हुई है। ज़ब जलभराव की समस्या से अवगत कराया गया तो लोगों को घर से लाने ले जाने के लिए ट्रैक्टर लगा दिया गया है। ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि लोगों के घरों में कमर तक पानी भरा हुआ है। सामानों को ले जाने आने में बड़ी दिक्कत हो रही थी। जब यह ट्रैक्टर सेवा शुरू किया गया तो हम बाहर से अपने घर के लोगों के लिए राशन लेकर जा रहे हैं। ट्रैक्टर चालक शिवपूजन ने बताया कि नगर निगम के द्वारा हमें यहां पर लोगों को पानी से बाहर लाने और ले जाने के लिए लगाया गया है। सुबह से लगभग 50 से अधिक चक्कर लगा कर लगभग 200 से अधिक लोगों को बाहर लाकर छोड़ चुके हैं। नगर निगम के जलकल विभाग से यह आदेश प्राप्त हुआ है। सुबह 9 से लेकर रात 9 बजे तक यह सेवा क्षेत्र के लोगों को दी जा रही है।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी गरुड़ द्वार की बाउंड्रीवाल



हाईवे के किनारे गिरी हुई बाउंड्री वॉल।

**पूराबाजार, अयोध्या।** हाईवे के किनारे बनने वाले गरुड़ द्वार की बाउंड्री वॉल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। पहली ही बरसात में धराशायी हो गई। बाउंड्री वॉल गिरने से क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश है। मामला विकासखंड पूराबाजार के ग्राम पंचायत राजेपुर व सरायराशी का है। स्थानीय लोगों की माने तो बाउंड्री वॉल के निर्माण में शुरू से ही अनियमितताएं देखने को मिल रही थीं। लोगों का कहना है कि काम की गति भी बहुत धीमी थी, और गुणवत्ता की जांच के लिए कोई अधिकारी कभी भी मौके पर नहीं आता था। पहली ही बारिश में दीवार का गिरना इन आरोपों की पुष्टि करता है। इस विषय में जब कार्यदायी संस्था के इंजीनियर शिवम पांडे और छोटे लाल शर्मा से पूछा गया, तो उन्होंने इसे प्राकृतिक आपदा का परिणाम बताया। उनका कहना था कि बाउंड्री वॉल के किनारे एसटीपी के लिए खोदे गए गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने के कारण दीवार गिर गई। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### मलबे में दब गईं आयुर्वेदिक दवाएं



**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना राम जन्मभूमि थाना क्षेत्र में बड़ा स्थान में दशरथ महल की सद्गुरु औषधालय की जर्जर दीवार गिर पड़ी। लगभग 50 हजार की आयुर्वेदिक दवाएं मलबे में दब गईं। कनक भवन के दक्षिणी गेट के सामने है सद्गुरु औषधालय की दीवार गिरने के बाद लोगों का मजमा लग गया।

# 250 गांव अंधेरे में, चार ट्रांसफार्मर फुंके, कई फीडर ठप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दो दिन से भारी बारिश के कारण बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी बुरी तरह से लड़खड़ा गई है। बीते 48 घंटे से जहां जिले के 250 गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं वहीं अब तक बारिश के चलते दस एमवीए के चार ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं।

48 घंटे से अधिक हो गए हैं, लेकिन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर साठ फीसदी से अधिक इलाकों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा गई है। दर्शननगर स्थित 132 केवीए उप केन्द्र की 33 हजार लाइन में शुक्रवार से आई गड़बड़ी के कारण अभी तक चौक और नियावां व अमानीगंज समेत लालबाग विद्युत उप केन्द्र अभी भी प्रभावित चल रहे हैं। शुक्रवार शाम चार बजे से जहां नियावां विद्युत उप केन्द्र से रेतिया और हसनू कटरा आदि इलाकों को दो - दो घंटे की आपूर्ति दी जा रही है। वहीं चौक क्षेत्र में चार से पांच घंटे के बाद तीन-तीन घंटे की कटौती की जा रही है। लालबाग विद्युत उप केन्द्र द्वारा भी टुकड़ों में आपूर्ति दी जा रही है। सिविल लाइन विद्युत उप केन्द्र के हनुमानगढ़ी और बल्ला हाता इलाके में शुक्रवार देर रात आठ बजे से शनिवार दोपहर 12 बजे तक केवल चार घंटे की सप्लाई मिली है। नगर क्षेत्र के 32 विद्युत उपकेन्द्रों के अधीन आने वाले दस एमवीए के चार ट्रांसफार्मर अलग-अलग स्थानों पर फुंक गए हैं जिसके कारण ट्राली ट्रांसफार्मर लगा कर आपूर्ति दी जा रही है। बिजली विभाग का कहना है कि जब तक बारिश पूरी तरह रुक नहीं जाती सभी फाल्ट अटेंड नहीं किए जा सकते। बताया जाता है जलकल के अधिकतर पंप बिजली संकट के कारण सामान्य रूप से नहीं चल पाए हैं जिसके 22 से अधिक मोहल्लों में पेयजल संकट भी छाया हुआ है। अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार वर्मा का कहना है कि सभी उप केन्द्रों द्वारा सामान्य आपूर्ति का प्रयास किया जा रहा है। दर्शननगर से आई 33 हजार लाइन ठीक कर ली गई है, लेकिन इंसुलेटर और फीडरों में दिक्कत के कारण आपूर्ति सामान्य होने में समय लग रहा है।



गोसाईगंज में ट्रांसफार्मर से गई लाइन को दुरुस्त करता लाइनमैन।

**भारी बारिश के कारण बिजली संकट गहराया, कई जगहों पर 48 घंटे बाद भी नहीं हुई आपूर्ति, जलापूर्ति भी ठप, नगर क्षेत्र में भी कटौती, जम्फर, इंसुलेटर दगे**

### तेज हवाओं के कारण बिजली आपूर्ति बहाल करने में आ रही बाधा

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र सोहावल से जुड़े आधा दर्जन से ज्यादा फीडरों पर आपूर्ति तेज हवाओं पर निर्भर करती है। यहां हवाओं की रफ्तार बढ़ते ही आपूर्ति ठप कर दी जाती है। आर एल, रेलवे, मंगलसी, जगनपुर, रौनाही, सुचित्तागंज, आदि से जुड़ी विकास खंड के 56 गांव पंचायतों की लगभग ढाई लाख की आबादी पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है। गुरुवार की शाम से शुरू हुई बरसात और तेज हवा के कारण जब आपूर्ति ठप की गई तो 24 घंटे बाद शुक्रवार की शाम ही बहाल हुई। कुछ घंटे ही बिजली के दर्शन लोगों को हो पाया रात में फिर हवा के रुख बदलते ही आपूर्ति में बाधा आ गई और शनिवार को रूक रूक का आना जाना लगा रहा। अवर अभियंता ज्ञान सिंह ने बताया कुछ फीडर संवेदनशील है। तेज हवाओं से इनके तार आपस में टकराने लगते है। इसके कारण आपूर्ति को रोकना पड़ता है। अनवरत बरसात में कई जगह पोल और तार गिरने से आपूर्ति बाधित हो रही है।

### पूरा बाजार के 35 गांव की एक लाख आबादी भी बिजली संकट से प्रभावित

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** तेज हवा व भारी बरसात के चलते रसूलाबाद के 35 गांव के करीब एक लाख की आबादी दो दिन से विद्युत आपूर्ति ठप होने के चलते अंधेरे में है। नरायनपुर फीडर के सराय चैमल निवासी शोभाराम वर्मा, रामकिशोर वर्मा, चंद्रपाल वर्मा, मेराज अहमद, मोहम्मद नफीस, लक्ष्मीदासपुर के अंकित दुबे, लक्ष्मी शंकर राय, शिव शंकर राय, द्वारिका प्रसाद मौर्य ने बताया कि गुरुवार की रात से बरसात शुरू होने के साथ से बिजली नहीं आ रही है। उपकेंद्र पूरा बाजार के अवर अभियंता राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सुचारू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।



पूराबाजार के रसूलाबाद क्षेत्र में 33 हजार लाइन ठीक करता लाइनमैन।

### जलभराव की सूचना इन नम्बरों पर दें

नगर निगम प्रशासन की ओर सेजलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष कार्यदल गठित किया गया है, जो त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेगया। जल भराव के सम्बन्ध में किसी भी शिकायत/सूचना निगम के कन्ट्रोल रूम में दूरभाष सं0 1533 /05278-299400/1800-313-1277/7311165805 पर सम्पर्क किया जा सकता है।




# हनुमान जी की अष्टधातु की खंडित मूर्ति बरामद, तीन गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जनपद के क्राइम ब्रांच की स्वॉट और रौनाही थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने हनुमान जी की एक खंडित मूर्ति के साथ बाइक सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद मूर्ति को अष्टधातु की और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 50 लाख रुपये बताई है। मूर्ति तस्कर गिरोह का सरगना अभी पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है, जिसकी पुलिस को तलाश है। प्रकरण में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करवा पकड़े गए तीनों लोगों का चालान किया है।

शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में नवागत एसपी देहात बलवंत चौधरी ने बताया कि एक कीमती अष्टधातु की मूर्ति को बिक्री के लिए लखनऊ ले जाने वाले थे। इसके बाद शुक्रवार की शाम स्वॉट/सर्विलांस प्रभारी अमरेश त्रिपाठी और रौनाही थाना प्रभारी पंकज सिंह की टीम ने लखनऊ हाइवे पर फैजाबाद शहर से लखनऊ की ओर जा रहे एक बाइक सवार तीन लोगों को लखौरी तिराहा पर जांच के लिए रोका तो उन्होंने भागने की कोशिश की। इसी कोशिश में बाइक फिसलकर गिरी तथा पुलिस ने बाइक सवार तीन लोगों कृष्णा कुमार (25) निवासी चांदपुर हरवंश थाना पूराकलन्दर, आदर्श उपाध्याय (22) निवासी जेरूवा कोतवाली बीकापुर तथा मनीष कुमार (25) निवासी बेलघरा, गदोरहवा थाना तारुन को पकड़ लिया। साथ ही तीन मोबाइल, एक बाइक और नीले रंग के पिट्ठू बैग से हनुमान की एक मूर्ति बरामद की है, जिसका दोनों पंजा गायब है। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि इनका सरगना गोलू पांडेय निवासी हूंसे पांडेय का पुरवा सनेथुथू थाना पूराकलंदर पहले ही मूर्ति का कुछ अंश लेकर परीक्षण कराने और सौदा तय करने लखनऊ पहुंच चुका है। उसी ने हम लोगों को मूर्ति सोने की होने की बात बताई थी और बिक्री के बाद हिस्सा देने को कहा था तथा मूर्ति लेकर लखनऊ बुलाया था। एसपी देहात ने बताया कि गोलू के खिलाफ गैंगेस्टर, मारपीट, बलवा, आयुध अधिनियम में छह तथा कृष्णा कुमार व आदर्श के खिलाफ मारपीट का एक-एक मामला दर्ज मिला है। मूर्ति कहां से चुराई गई और किसको बेंची जानी थी, इसकी जानकारी के लिए सरगना गोलू पांडेय की तलाश कराई जा रही है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा चालान किया गया है।

▸▸ **अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रुपये बताई जा रही है कीमत**



बरामद की गई हनुमान जी की मूर्ति।

### मामला बेशकीमती बता मूर्ति के नाम पर ठगी के कोशिश का तो नहीं

पुलिस ने बरामद मूर्ति के अष्टधातु का होने का दावा किया है लेकिन अभी इसकी किसी प्रयोगशाला में जांच नहीं कराई गई है। अष्टधातु की मूर्ति के नाम पर ठगी के गोरखधंधे की जानकारी रखने वालों का कहना है कि ऐसी मूर्तियां अथवा सामान अपनी प्राचीनता अथवा अष्टधातु से निर्मित होने के चलते बेशकीमती मानी जाती हैं, लेकिन सौदा हमेशा समूची मूर्ति का होता है। परीक्षण के लिए मूर्ति के किसी हिस्से का बुरादा जौहरी अथवा प्रयोगशाला को भेजवाया जाता है न कि मूर्ति का कोई हिस्सा काटकर अथवा तोड़कर। अष्टधातु को तोड़ना संभव नहीं है, जबकि इस मूर्ति का दोनों पंजा कलाई से टूटा हुआ दिख रहा है। मामला अष्टधातु की बेशकीमती मूर्ति बता ठगी के गोरखधंधे से जुड़ा प्रतीत होता है।

## सार-संक्षेप

### उच्च क्वालिटी के शोध पर देना होगा जोरः कुलपति



अवध विश्वविद्यालय में शनिवार को बैठक करतीं कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहा कि पूरे मनोयोग से किए गए कार्य में सफलता मिलनी निश्चित है। सभी की एकजुटता से ही विश्वविद्यालय परिवार ने 20 सितम्बर को अपना 29 दीक्षांत समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न किया। कुलपति ने शनिवार को पूर्वाह्न विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में समिति के संयोजक व सह-संयोजकों और अधिकारियों के साथ धन्यवाद बैठक की। कुलपति ने दीक्षांत की सफलता पर सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में उच्च शैक्षिक संस्थानों के मुकाबले विश्वविद्यालय खड़ा होगा। इसके लिए सभी को शोध कार्य को बढ़ावा देना होगा। शोध प्रारूप पर चर्चा करते हुए कुलपति ने उच्च क्वालिटी के शोध कार्य पर जोर दिया। कहा कि इससे विश्वविद्यालय की अलग पहचान बनेगी। बैठक में कुलसचिव डॉ अंजनी कुमार मिश्र, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, मुख्य नियंता प्रो. संत शरण मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, उप कुलसचिव डॉ दिनेश मौर्य, डॉ रीमा श्रीवास्तव, मोहम्मद सहील सहित 23 समितियों के संयोजक व सहसयोजक मौजूद रहे।

### दहशत फैलाने के लिए युवकों ने चलाई लाठी, एक घायल



घायल यमुना यादव

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार** : रौनाही थाना क्षेत्र के गुलाल तारा बाजार में शनिवार को दोपहर बाद लगभग दर्जन भर मनबढ़ युवकों ने अपना वर्चस्व दिखाने के लिए जमकर लाठी डंडा बरसाया। कई लोग चोटहिल हुए तो एक को गंभीर चोटें आईं, जिसका इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल यमुना यादव पुत्र हरिप्रसाद यादव निवासी पंडितपुरी पिलखावा ने बताया वह बाजार में गैस सिलेंडर लेने गया था। इसी बीच करीब दर्जन भर युवकों ने बाजार में आकर हमला बोल दिया। जो जहां मिला उसे अपना शिकार बनाया। बताया इनका मकसद बाजार में केवल अपना वर्चस्व दिखाना था। कुछ लोगों की पहचान साहेब का पुरवा रामपुर ग्रांट निवासी के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया मौके पर गई 112 नंबर पुलिस के द्वारा जानकारी मिली है। पुलिस आरोपियों की जांच पड़ताल में लग गई है।

### सड़क किनारे से ट्रैक्टर चोरी

**मसौधा अयोध्या। अमृत विचार** : पूराकलंदर थाना क्षेत्र के उसरू गांव के निकट ईंट भट्ठे के पास खड़ा एक कंपनी का ट्रैक्टर चोरी हो गया। घटना की तहरीर कम्पनी के कर्मचारी बृजेश सिंह निवासी जंगली खेड़ा उन्नाव ने पूराकलंदर थाने को दिया है। तहरीर में कहा है कि उनका ग्रीन स्टील पाइप बिछाने का कार्य प्रभात नगर से लेकर उसरू रोड पर चल रहा है। रात कार्य करने के उपरांत उनका ट्रैक्टर कंटेनर के साथ ईंट भट्ठे के किनारे सड़क के पास खड़ा कर चालक रूम पर चला गया। सुबह चालक जब ईंट भट्ठे पर आया तो ट्रैक्टर गायब था। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### मेडिकल कॉलेज के सद्दाम को मिली पीएचडी की उपाधि



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : मेडिकल कॉलेज में नवनियुक्त सहायक शोध अधिकारी सद्दाम खान को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ सद्दाम खान ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मनरेगा का योगदान (जिला अयोध्या के संदर्भ में) विषय पर अपना शोध कार्य का सु साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ मिर्जा शहाब शाह के निर्देशन में पूर्ण किया है। उनकी इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन, अपर शोध अधिकारी प्रवीण त्रिपाठी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### भरतकुंड भदरसा रहा अव्वल, अन्य निकाय अपात्र

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : मुख्यमंत्री वैश्विक नगरीय योजना के तहत नगरीय सेवाएं और अवस्थापना विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पांच वर्ष के विजन प्लान व वर्तमान वित्तीय वर्ष की वार्षिक कार्ययोजना पर विचार-विमर्श के लिए शनिवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में परियोजना निर्माण समिति की बैठक हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न इस बैठक में वर्ष 2022-23 के सापेक्ष वर्ष 2023-24 में नगर पालिका व नगर पंचायत के वसूली की समीक्षा में पाया गया कि नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा की वर्ष 2022-23 की वसूली 9.43 लाख के सापेक्ष वर्ष 2023-24 में 216.33 प्रतिशत अधिक 29.83 लाख रुपये की वसूली हुई है। जिसके चलते नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के अधिशासी अधिकारी की ओर से प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के बाद मुख्यमंत्री वैश्विक नगरीय योजना के तहत दो दिन में नया प्रस्ताव तैयार करवा प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। जबकि जनपद के अन्य नगर निकाय नगर पालिका परिषद रूदौली, नगर पंचायत गोसाईगंज, नगर पंचायत बीकापुर इस मानक के तहत न आने के कारण वर्ष 2023-24 के लिए पात्र नहीं पाए गए। वहीं नव सृजित नगर पंचायत कुमारगंज, खिरौनी सुचित्तागंज व मां कामाख्या नगर पंचायत में अभी वसूली न होने के चलते इस योजना के दायरे से बाहर हैं।

# राम भारत के आदर्श व सबके मन में हैं : अपर्णा

## कारसेवक पुरम में निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण के लिए 750 लोगों ने कराया था पंजीकरण

अयोध्या कार्यालय





कारसेवकपुरम में आयोजित कृत्रिम अंग वितरण समारोह में चंपत राय ने अपर्णा यादव का सम्मान किया। कार्यक्रम में मौजूद उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत व साधु-संत।

**अमृत विचार** : अशोक सिंहल फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद व भगवान महावीर विकलांग कल्याण सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में अशोक सिंहल की 98वीं जयंती के अवसर पर कारसेवक पुरम में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के आयोजन के दूसरे दिन इंदौर के जगद्गुरु माधवाचार्य, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत और महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव भी शामिल हुईं। सभी ने अशोक सिंहल को श्रद्धांजलि दी। अशोक सिंहल के न्यासी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री चंपत राय ने सम्पूर्ण कैंप का दौरा कर दिव्यांगों से हल चल पूछा और सांत्वना दी।

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि कारसेवक पुरम में जिस प्रकार से दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और सहायता प्रदान किया जा रहा है। मैं उसकी सराहना करता हूं। राम जन्मभूमि का संघर्ष लेकर अब तक जिस तरीके से अशोक सिंघल की भूमिका रही है उसे हम भुला नहीं सकते हैं। वहीं स्व. मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि पावन धरती आकर बहुत अच्छा लगता है। राम भारत के आदर्श हैं। राम सबके मन में हैं। कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। यह सब कारसेवकों की प्रेरणा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से ही हो सका है। शिविर के व्यवस्थापक मनोज तिवारी ने बताया कि कुल 750 पंजीकरण प्राप्त हुए थे, जिसमें भारी बारिश के बावजूद शिविर में 55 दिव्यांगो को अंग प्रदान किए गए। 65 लोगों की आंखों की एवं रक्त की जांच की गई तथा चश्मे वितरित किए गए।

## हर्षोल्लास से मनाएं गांधी जयंती : जिलाधिकारी

**अयोध्या, अमृत विचार** : महात्मा गांधी की 155 वीं गांधी जयन्ती को लेकर प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। जिलाधिकारी ने साफ़-सफाई अभियान चलाने और 2 अक्टूबर को जयंती हर्षोल्लास से मनाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह की ओर से कहा गया है कि शहरी तथा ग्रामीण निकायों के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में साफ सफाई एवं चूने का छिड़काव कराएं। सभी कार्यालयों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जाए। कार्यक्रम के मुताबिक जयंती पर प्रातः 6 से 7 बजे तक कार्यालयों की साफ- सफाई व श्रमदान, प्रातः 7 से 7:30 बजे तक महापुरुषों व स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, सुबह 7 बजे से 9 बजे तक डाभासेमर स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता, प्रातः 8 बजे सभी राजकीय भवनों पर ध्वजारोहण होगा।



### राम मंदिर में द्वितीय तल पर डाली जा रही छत

**अयोध्या।** राम मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने द्वितीय तल के निर्माण कार्य की कुछ तस्वीरें जारी की हैं। द्वितीय तल पर छत डालने का कार्य किया जा रहा है।

### अचानक तबीयत बिगड़ने से युवक की मौत

**बाराबंकी।** अचानक तबीयत बिगड़ने से एक युवक की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रसौली कस्बे के ग्रीन गार्डन में रहने वाले संजीव सिंह चौहान का 23 वर्षीय पुत्र अभिषेक सिंह किसी कार्यवश घर से निकला था। शहर के सीमा क्षेत्र पर चौपुला के पास युवक की तबीयत अचानक बिगड़ गई, वहां पर मौजूद तीन अन्य दोस्त उसे लेकर जिला अस्पताल गए। जहां पर डाक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

### वांछित लालू और मुलायम समेत तीन गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना रामसनेहीघाट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम ने यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त लालू यादव, मुलायम यादव व नितिन यादव को गिरफ्तार किया।

## चोर खोल ले गए सौर ऊर्जा पंप के पैनल, सप्लाई बंद

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी



**अमृत विचारः** विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत नेरा कबूलपुर व नरेंद्रपुर मदरहा में जल जीवन मिशन अंतर्गत अन्य पंचायत की भांति मेघा कंपनी द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई थी। कहीं-कहीं लीकेज की समस्या आ रही थी, परंतु लगभग तीन माह पहले दोनों पंचायत से पंप के संचालन हेतु लगाए गए सौर ऊर्जा पैनल रातों-रात चोर खोलकर चंपत हो गए।

तीन महीना बीतने को है उत्तरदाई कंपनी मेघा ने अभी तक पुनः सोलर पैनलों की स्थापना नहीं करवाई है। परिणाम स्वरूप करोड़ों की लागत से दोनों पंचायत में स्थापित करवाए गए नलकूप, जिनसे ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति की जानी है, ठप पड़े हैं। अमृत विचार ने नरेंद्रपुर मदरसा स्थित उक्त निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण किया। जहां अर्धनिर्मित पानी की टंकी बिना सोलर पैनल के मिली। ग्राम प्रधान मीरा त्रिपाठी ने बताया कि चोरों द्वारा सोलर पैनल खोल जाने के बाद कार्यरत सभी मजदूर भी यहां से भाग गए। इस घटना को तीन माह लगभग बीतने को है। अभी तक मेघा कंपनी ने सोलर पैनल दोबारा लगवाने की जहमत नहीं उठाई है।

## देवा मेले की तैयारियों में जुटा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : ऐतिहासिक देवा मेला इस बार 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चलेगा। 10 दिवसीय मेले के सांस्कृतिक मंच पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को श्रृंखला में पिरोने का काम शुरू हो गया है। बड़े कलाकारों को बुलाने के लिए देवा मेला समिति द्वारा इवेंट मेकर की तलाश शुरू कर दी गई है। अब तक आधा दर्जन इवेंट मेकर के आवेदन आ चुके हैं। जल्द ही किसी एक के नाम पर मुहर लगेगी।

देवा मेला प्रदर्शनी एवं महोत्सव के मंच पर हर वर्ष बड़े व नामचीन कलाकार आते रहे हैं। जल्द ही कलाकारों की सूची को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। देवा मेला को लेकर जिला प्रशासन की देखरेख में तैयारियां शुरू करा दी गयी हैं।

### जल्द ही तय होगा इवेंट मेकर का नाम



देवा मेला प्रदर्शनी एवं महोत्सव समिति के सचिव व एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अभी कलाकारों को लेकर कोई बातचीत फाइनल नहीं हुई है, लेकिन इवेंट मेकरों के पांच से छह आवेदन आए हैं। जल्द ही किसी एक के नाम को तय कर, उनके द्वारा कलाकारों को बुलाया जाएगा।

## ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार।** प्रयागराज रेल प्रखंड पर रेलपथ किनारे शनिवार को एक युवक का शव मिला है। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हुई। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। स्थानीय लोगों ने दोपहर बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के मरुई सहाय सिंह पटखौली गांव के समीप रेल ट्रैक किनारे 42 वर्षीय एक युवक का रक्तरंजित शव देखा और मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाँच-पड़ताल शुरू की तो मृतक की पहचान कोतवाली क्षेत्र के ही नसीरपुर मूसी निवासी प्रेम प्रकाश बनराजा पुत्र जयराम के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। आशंका जताई जा रही है कि पूर्वान्ह लगभग 11 बजे युवक इधर से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि मौत की वजह की जानकारी के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

**आवश्यकता है**

**चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय**

बरदरी, मरकामऊ, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी
में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है

स्नातक स्तर पर कला संकाय में (बी.ए.) पाठ्यक्रम हेतु– समाज शास्त्र, गृह विज्ञान एवं राजनीति शास्त्र में प्रवक्ता 02–02 पद । एवं परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय में (एम.एससी.एजी.) पाठ्यक्रम हेतु– एग्रोनॉमी में प्रवक्ता 02 पद

शैक्षिक योग्यता व वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की परिनियमावली के अनुसार।

**इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 15 दिवसों के अंदर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर डॉक द्वारा प्रेषित करे।**

प्रबंधक
मो. न. 9935190185

## पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के खिलाफ धरने पर माझी समाज

अयोध्या कार्यालय



धरने पर बैठे माझी समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार** : रामनगरी के परिक्रमा मार्ग स्थित अखिल भारतीय श्रीराम जानकी मांझी मंदिर पर सैकड़ों की संख्या में मझवार परिवार के लोग एकत्र होकर जमकर नारेबाजी करने लगे। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों पर जबरन मंदिर के संपत्ति को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गए।

माझी समाज का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी नियम विरुद्ध कार्य कर रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई इंजीनियर और उच्च अधिकारी कंचन मंदिर को बचाने के लिए चौड़ीकरण के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। दरअसल 14 कोसी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है, जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी ने चौड़ीकरण की जद में आने वाले सभी भवन व आवासों को गिराने-हटाने का कार्य तेज कर दिया है। चौड़ीकरण की जद में ऋष्ा मोचन घाट स्थित श्रीराम जानकी माझी मझवार मंदिर भी आ रहा है। धरने पर बैठे माझी समाज के लोगों का कहना है कि हम चौड़ीकरण के विरोध में नहीं हैं, लेकिन पीडब्ल्यूडी के द्वारा छह महीने पहले चौड़ीकरण के लिए नाप और निशान लगाए गए थे, जिसके निशान अभी भी दोनों मंदिरो के दीवारों पर देखे जा सकते हैं, लेकिन पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा हमारे समाज के साथ अनुचित व्यवहार किया जा रहा है। पहले जब नाप और निशान लगे थे तो दोनों मदिरों की दीवारों पर ध्वस्तीकरण के लि निशान लगाए गए थे, लेकिन अभी कुछ दिन पहले पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी आए और बोले कि हम कंचन मंदिर को नहीं तोड़ सकते हम यह निषाद समाज का जो मंदिर है उसको पूरा गिरा देंगे, जिसको लेकर कर्मचारियों ने मंदिर की नाप जोख भी की। माझी समाज के लोगों के द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। माझी समाज के अध्यक्ष वीरचंद माझी का कहना है कि 25 सितंबर को एसडीएम सदर के द्वारा उनको तहसील परिसर में बुलाया गया। मंदिर संबंधित बात कराने के लिए जब मैं वहां पहुंचा दफ्तर में बैठा तो मुझे मंदिर के पुजारी ने फोन किया की जेसीबी से मंदिर की बाउंड्री वॉल को गिरा दिया।

## 28 लाख की मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : थाना बड्डूपुर पुलिस टीम ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 280 ग्राम मार्फीन बरामद की। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 28 लाख रुपये बताई जाती है। जनपद में मादक पदार्थ तस्कर के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बड्डूपुर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर बाबादीन उर्फ मो. अहमद पुत्र हामिद निवासी ग्राम सोहीपुर दीपपनाह थाना घुंघटेर को ग्राम कतुरीकला के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से 280 ग्राम मार्फीन अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 28 लाख रुपये बरामद की गई। इसके विरुद्ध थाना बड्डूपुर पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

### कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : थाना बदोसराय पुलिस टीम ने अभियुक्त राममनोज पुत्र बेनी प्रसाद निवासी ग्राम तवकलपुर थाना रामनगर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से दस पाउच कच्ची शराब बरामद की। इस संबंध में थाना बदोसरांय पर आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**बाराबंकी, अमृत विचारः** शहर कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता ने दुपट्टे से बने फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दानियालपुर के रहने वाले राजेश की पत्नी अंकिता वर्मा घर की दूसरी मंजिल पर एक कमरे में फांसी के फंदे से लटक गई। पति राजेश टेल्को में कर्मचारी हैं जो ड्यूटी पर गये थे। वह शुक्रवार की शाम घर वापस लौटा। आवाज लगाते हुए जब ऊपरी मंजिल पर गया तो हक्का बक्का रह गया। उसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवाहिता के इस कदम को लेकर परिजन कुछ बता नहीं सके।

# सड़क हादसों में मजदूर समेत दो लोगों की मौत

त्रिवेदीगंज/मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचारः** अलग-अलग सड़क हादसों में एक मजदूर समेत दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक युवक के पिता बनारस जिले में यातायात उपनिरीक्षक पद पर तैनात हैं। उसके साथ कार पर सवार अन्य युवक का उपचार जारी है।

लोनीकटरा थाना क्षेत्र में लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर शुक्रवार मध्य रात्रि के बाद करीब एक बजे भिलवल चौराहे पर कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार चला रहे आजमगढ़ के थाना जीयनपुर क्षेत्र के ग्राम नरहन के रहने वाले अमरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ प्रियांशु 20 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साथ में बैठा रिश्तेदार आदित्य सागर सिंह (26) पिंडौरी जनपद मऊ गंभीर रूप से घायल हो गया। इसे सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बतााय जा रहा कि कार सवार अमरेन्द्र बनारस अपने पिता से मिलने जा रहा था। उसके पिता सीपी सिंह बनारस में ट्रैफिक पुलिस मे उपनिरीक्षक के पद पर तैनात हैं।



भिलवल चौराहे पर हुए हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

▸▸ **लखनऊ-सुलतानपुर हाईवे पर भिलवल चौराहे पास डिवाइडर से टकराई कार**

दूसरी घटना मसौली थाना क्षेत्र में हुई। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरौली का रहने वाला चंद्रेश कुमार वर्मा 40 पुत्र रमेश चंद्र एस कुमार फैक्ट्री में श्रमिक था। वह शुक्रवार की देर रात बाइक से घर वापस लौट रहा था, ग्राम पिपरौली के पास डीसीएम ने सामने से टक्कर मार दी। उसे गंभीर दशा में लोगों की सहायता से एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, टिकैतनगर, बाराबंकी (स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0)**
**नीलामी सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाराबंकी कि निस्प्रयोग्य सामग्री की नीलामी दिनांक 03/10/24 प्रात: 11:30 की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले ।
स्वास्थ विभाग बाराबंकी

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2009 अनुक्रमांक 2167753 व इंटरमीडिएट वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1280522 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र कहीं वास्तव में खो गया है। **वैभव कुमार पांडेय पुत्र दिनेश कुमार पांडेय निवासी मालवीय नगर जनपद –गोंडा**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम संजय से संजय यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। संजय यादव पुत्र रामायन ग्राम बॉक खास, पोस्ट बेदू पार, जिला कुशीनगर 274409

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रोनन बटव्याल पुत्र बिरेन्द्र नाथ बटव्याल, निवासी– 559/खा–417, न्यू श्री नगर, नजदीक सेंट ऐन्स डे स्कूल, चंदर नगर, आलमबाग, लखनऊ, उ0प्र0–226005** मेरे पौत्र का नाम आदित्य बटव्याल (Aditya Batabyal) था किन्तु ज्योतिषीय सलाह से नाम बदलकर शरवील बटव्याल (Sharvil Batabyal) हो गया है। जो कि मेरे पौत्र के आधार कार्ड में दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मेरे पौत्र को उसके वास्तविक नाम शरवील बटव्याल (Sharvil Batabyal) के नाम से जाना व पहचाना जायेगा तथा जहां कहीं भी आदित्य बटब्याल (Aditya Batabyal) दर्ज है उसके स्थान पर वास्तविक नाम शरवील बटव्याल (Sharvil Batabyal) लिखा, पढा जाय।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र साबिर अली उर्फ गुड्डू का चाल चलन ठीक न होने के कारण मैं अपनी सारी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। यदि उसके द्वारा कोई भी कृत्य किया जाता है तो उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। **नादिरा पत्नी भिरगू निवासिनी ग्राम सेहरिया कला थाना कौड़िया, जिला– गोण्डा**

**सूचना**
मैं अपनी मूल विक्रय विलेख जिसका आराजी संख्या– 199/2, रकबा– 6 डिसमिल (2616 वर्गफीट) स्थित मौजा रोस्तमपुर तप्पा व परगना हवेली तहसील सदर जिला गोरखपुर को भारतीय स्टेट बैंक शाखा गोरखपुर में बंधक रखकर ऋण ले रहा हूं। उक्त आराजी संख्या 199/2, रकबा–6 डिसमिल की मूल विक्रय विलेख जो बही नम्बर 1, जिल्द–1473, पृष्ठ संख्या–266 से 268, क्रम संख्या–390 दिनांक– 28/01/1972 जो उपनिबंधक प्रथम सदर गोरखपुर के वहां रजिस्ट्रीकृत हैं, वास्तव में खो गया है। जगदीश पाण्डेय पुत्र रामदास पाण्डेय, निवासी– मौजा कोनी, तहसील सदर , जिला गोरखपुर।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा यूपी बोर्ड का हाईस्कूल अनुक्रमांक 2120984 , वर्ष 2011, एवं इण्टरमीडियट अनुक्रमांक 1549516 , वर्ष 2013का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रियंका पुत्री दर्शन, निवासी ग्राम व पोस्ट कूम्ही, कादीपुर, सुल्तानपुर।, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र साबिर अली उर्फ गुड्डू का चाल चलन ठीक न होने के कारण मैं अपनी सारी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। यदि उसके द्वारा कोई भी कृत्य किया जाता है तो उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। **नादिरा पत्नी भिरगू निवासिनी ग्राम सेहरिया कला थाना कौड़िया, जिला– गोण्डा**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम लगन से बदलकर लगन प्रसाद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। लगन प्रसाद पुत्र मुन्नर ग्राम बरवा उर्फ सियरही भार, पोस्ट जद्दू पीपरा, जिला महराजगंज

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत अलियाबाद में नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठन हेतु द्वितीय बैठक दिनांक 30/09/2024 दिन सोमवार को साय 4 बजे पंचायत भवन केन्हौरा ब्लाक दरियाबाद तहसील राम सनेही घाट जनपद बाराबंकी में आयोजित की जा रही है जिसमे सभी ग्रामवासी जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान बी डी सी जिला पंचायत व अधिकारीगण सादर आमंत्रित है। **मुख्य प्रवर्तक अब्दुल अली प्रस्तावित समिति** 8127272752

**सूचना**
मेरे पुत्र सौरभ कुमार राव के स्कूल के अभिलेखों में त्रुटिवश पिता का नाम संतलाल राव (Santlal Rao) व माता का नाम सुनीता राव (Sunita Rao) अंकित हो गया है। सही नाम पिता का नाम संतलाल राम (Santlal Ram) व माता का नाम सुनीता राव (Suneeta Rav) अंकित किया जाय। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **–संतलाल राम पुत्र राम समुझ, निवासी टाइप 2 क्वाटर नं0 694, जी0सी0, सी0आर0पी0एफ0 बिजनौर, लखनऊ**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जमाल से बदलकर जमाल अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। जमाल अंसारी पुत्र मकसूद अहमद ग्राम बेतनार मुस्ताहकम, पोस्ट रमवापुर, थाना त्रिलोकपुर, जिला सिद्धार्थ नगर

**सूचना**
मैं राम बाबू पुत्र पन्ना लाल रस्तोगी निवासी वार्ड नं 10 रस्तोगी टोला कटरा बाजार गोंडा का निवासी हूं यह घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में राम बाबू उर्फ कौशल किशोर अंकित है जबकि मेरा सही नाम राम बाबू ही है। राम बाबू और कौशल किशोर दोनो नाम मेरा ही है अब मुझे राम बाबू के नाम से ही जाना जाय। **राम बाबू पुत्र पन्ना लाल निवासी वार्ड न 10 रस्तोगी टोला कटरा बाजार गोंडा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **श्रीमती शुभावती शुक्ला, पत्नी स्व0 नरेश कुमार शुक्ला, स्थायी निवासिनी ग्राम–ठिहैरा, मजरा बौना भारी, विकास खण्ड व तहसील सिधौली, थाना अटरिया, जिला सीतापुर, हाल निवासिनी–मकानं–537भ/309, भरत नगर, थाना–मडियाँव, तहसील व जिला लखनऊ,** मेरा सही एवं वास्तविक नाम श्रीमती शुभावती शुक्ला (SUBHAVATI SHUKLA) पत्नी स्व0 नरेश कुमार शुक्ला है। मेरे पहचान पत्रों व सरकारी कागजातों में जहाँ–जहाँ मेरा नाम सोभावती, सोभावती शुक्ला या सोभारानी, सोभारानी शुक्ला दर्ज पाया जाय, वहाँ–वहां मेरा सही नाम श्रीमती शुभावती शुक्ला, पढ़ा, जाना व समझा जाय।

## एक नजर

### तालाब में डूबकर वृद्ध की मौत

**टांडा, अंबेडकरनगर।** जनपद के थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र के जोगापुर ग्राम में तालाब के किनारे शौच करने गए परशुराम पुत्र महावीर 63 की फिसल कर तालाब में गिरने से डूबकर मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### टांडा डाक घर में प्रिंटर खराब, सेवाएं बाधित

**टांडा, अंबेडकरनगर।** टांडा डाकघर में प्रिंटर मशीन खराब होने से पंजीकृत डाक नहीं बुक हो पा रही है। वैसे ही डाक विभाग का अधिकांश काम कोरियर सर्विस के पास चला गया है और अब बाकी बचा काम भी अधिकारियों की लापरवाही की भेट चढ़ता चला जा रहा है। लगभग एक माह से टांडा डाकघर की मशीन खराब है और जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टांडा डाकघर के पोस्टपास्टर पीसी विश्वकर्मा ने बताया कि उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया गया है शीघ्र ही मशीन उपलब्ध हो जाएगी और कार्य सुचारू रूप से चलने लगेगा।

### उस्मानपुर में 40वें की मजलिस आज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर कस्बे के मोहल्ला उस्मानपुर स्थित बारगाह इमाम अली मुर्तजा हाजी बाबा तल में रविवार को सुबह नौ बजे से मौलाना गुलामुस्सकलैन वाएज मरहूम की मजलिसे चेहल्लुम का आयोजन होगा। मजलिस को मौलाना सैयद मोहम्मद जाबिर जौरासी खिताब करेंगे। उससे पूर्व मौलाना मेहदी हसन वाएज, मौलाना अकबर अली वाइज, मौलाना नैय्यर जुलकरनैन, मास्टर इब्ने हसन मरहूम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालेंगे। वहीं शायर हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शान में नजराना-ए-अकीदत पेश करेंगे। उक्त सूचना मरहूम के पुत्र मौलाना मोहम्मद मीसम ने दी है।

# भारी बारिश से आम जनमानस अस्त-व्यस्त

## बारिश बनी आफत, धान व गन्ने की फसल को हुआ नुकसान, सड़कों पर गिरे पेड़ों से आवागमन बाधित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में लगातर तीन दिनों से हो रही बारिश का कहर जारी है। इस बारिश से भीषण गर्मी और उमस झेल रही जनता को गर्मी से निजात तो मिली है, लेकिन लगातार हो रही बारिश अब उनके लिए मुसीबत बनती दिख रही है। लगातार हो रही बारिश से किसानों के धान और गन्ने की फसल गिरने लगी है। साथ ही कई इलाकों में पानी भरा हुआ है। लगातार हो रही बारिश के कारण बिजली कटौती से लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नतीजतन आम जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है।

बता दें कि बीते गुरुवार को सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए थे। अचानक शुरू हुई बरसात से पहले तो लोगो को गर्मी से काफी राहत मिली और किसान भी बारिश से काफी खुश थे, लेकिन पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से आम जनजीवन भी बुरी तरह से प्रभावित होता दिख रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोग बारिश से भीगते हुए अपने गंतव्य स्थलों की तरफ जाते हुए दिखे। शनिवार को सुबह से हो रही झमाझम बारिश से सडके जलमगन हो गई हैं। खेती किसानी करने वालों के लिए बारिश शुरू में तो अच्छी थी, लेकिन लगातार हो रही बारिश से किसानों के धान की फसलों को नुकसान हो रहा है। वहीं गन्ने की फसल भी गिरने लगी है। टांडा और आलापुर तहसील क्षेत्र में भी जगह-जगह घरों व दुकानों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। तेज बारिश व हवाओं के चलते कई जगह मुख्य मार्गों पर ही पेड़ और डालियां गिर पड़ीं। जिससे कई जगह आवागमन पर असर पड़ा। अकबरपुर बरियावन के बीच पेड़ गिरने से यातायात काफी देर तक प्रभावित रहा। इसी तरह अकबरपुर-मालीपुर मार्ग, जलालपुर-हजपुरा मार्ग व अकबरपुर-इल्तिफातगंज मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ। लगातार हो रही बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया। इससे लोगों को आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अकबरपुर नगर के सब्जी मंडी, अयोध्या मार्ग, कृषि भवन के निकट, अकबरपुर बिजली उपकेंद्र परिसर, पीडब्लूडी कार्यालय परिसर में पानी भर गया। इससे विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।


कलेक्ट्रेट परिसर में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार


बारिश से सड़कें हुई लबालब।


बारिश से गिरी धान की फसल। अमृत विचार


अकबरपुर-जलालपुर मार्ग पर पर गिरा पेड़।


जलालपुर बिजली घर परिसर में जमा बरसात का पानी। अमृत विचार

### जगह-जगह जलभराव से लोग परेशान

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** लगातार तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों को फसलों की सिंचाई करने से निजात मिल गई है। लेकिन अधिक बरसात होने की वजह से चारों तरफ जल जमाव हो गया है और कुछ किसानों की तैयार फैसले भी गिरने से बर्बाद हो गई है। बरसात के चलते जलालपुर उप जिलाधिकारी व लेखपाल के आवास में पानी की उचित निकास न होने से जल भराव हो गया है। इसी तरीके से जलालपुर बिजली घर में पानी की निकासी न होने से वहां भी बरसात का पानी इकट्ठा हो जाता है। इसी तरीके से नगर के जाफराबाद मोहल्ले में साफ-सफाई न होने से मोहल्ला में पानी भरकर लोगों के घरों में घुस गया। इतना ही नहीं नगर की मेहरोत्रा गली से मठिया मंदिर को जाने वाले रोड भी जलमग्न हो गया है। बरसात के चलते लोगों का जनजीवन अस्त. व्यस्त हो गया है। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के कर्बला बाजार में पुलिया के बगल स्थित एक पेड़ गिरने से जलालपुर-बसखारी रोड जाम हो गया, जिसे किसी तरह से लोगों द्वारा हटाया गया तब जाकर घंटे बाद यह मार्ग चालू हो सका।

# भरभराकर गिरा कच्चा मकान, दो लोगों की मौत


घटना स्थल पर मौजूद एसडीएम पवन कुमार जायसवाल व साथ थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरि।

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** दो दिन से लगातार हो रही झमाझम बारिश के चलते जहां जलालपुर सर्किल क्षेत्र में मकान गिरने से जहां दो लोगों की मौत हो गई है, वहीं आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। सूचना पर उप जिलाधिकारी पवन कुमार जायसवाल ने पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लेते हुए अहेतुक सहायता राशि उपलब्ध कराए जाने की बात कही है।

दो दिन से लगातार झमाझम हो रही बारिश के चलते जहां खेत, तालाब आदि जलमग्न हो गए हैं, वहीं घरों के गिरने का सिलसिला जारी है। जिसके चलते जैतपुर थाना क्षेत्र के लखमीपुर गांव में छप्पर में सो रही 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला लाल देई पत्नी शीतला छप्पर गिरने से दब गई। वृद्ध महिला को छप्पर से निकलकर अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर उप जिलाधिकारी पवन कुमार जायसवाल और जैतपुर थाना अध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी घटना जलालपुर थाना क्षेत्र के लाभापार गांव में घटित हुई जब गांव निवासी भूलोट पुत्र बसंती 74 वर्ष मिट्टी नुमा मकान से एक बास का टुकड़ा हटा रहे थे, तभी अचानक मकान भर-भराकर गिर गया। जिसमें वह दब गए और घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर जलालपुर कोतवाल संतोष कुमार सिंह व तहसील के अधिकारियों ने पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उप जिलाधिकारी पवन कुमार जायसवाल ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मृतकों के परिजनों को अहेतुक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### कच्चा मकान गिरने से हुए कई हादसे

जलालपुर कोतवाल अंतर्गत कन्नूपुर गांव में दीपचंद का मिट्टी नुमा घर गिरने से इनकी माता लखपति, अच्छे लाल, संजय, सोनम और विजय घायल हो गए। जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। मालीपुर थाना क्षेत्र के टिकरी गांव में सपना 18 वर्ष और इसकी माता के ऊपर पड़ोसी जगदीश का मकान गिर गया जिसमें सपना दब कर गंभीर रूप से घायल हो गई। कटका थाना क्षेत्र के दुल्हूपुर के मजरे बिलारी गांव में हरिश्चंद्र शर्मा का खपरैल नुमा मकान धराशाई हो गया।

# पोल्ट्री फार्म पर सो रहे अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या

टांडा, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र के मखदुमनगर में पोल्ट्रीफार्म पर सो रहे अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

बता दें कि अलीगंज थाना क्षेत्र के मखदूमनगर निवासी 55 वर्षीय आस मोहम्मद उर्फ बब्बन पुत्र शाह मोहम्मद बीती रात में मखदूमनगर में ही स्थित पोल्ट्रीफार्म पर सोने गया था। जिसकी धारदार हथियार से गर्दन काटकर हत्या कर दिया गया। शनिवार की सुबह जब परिजन पोल्ट्रीफार्म पर पहुंचे तो उनका शव बिस्तर पर पड़ा मिला। घटना की सूचना पर सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय, सीओ टांडा शुभम कुमार, कोतवाल टांडा दीपक रघुवंशी और थानाध्यक्ष अलीगंज राजीव श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल की जांच-पड़ताल किया। मृतक के बड़े भाई ताज ने बताया कि शनिवार सबह करीब 8 बजे गांव के हमीदुल्लाह द्वारा उसे घटना की सूचना मिली। पुलिस ने ताज मोहम्द की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मौके पर एसओजी और फोरेंसिक विभाग की टीमों ने पहुंच कर जांच-पड़ताल किया। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ-साथ सर्विलांस सेल की भी मदद ले रही है। पुलिस घटना से संबंधित कुछ लोगों को थाने लाकर पूछताछ में जुटी हुई है।

अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय नें बताया की मृतक की किसी धारदार हथियार से हत्या की गई है। हत्या के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया है। जल्द ही हत्या का खुलासा किया जाएगा।


घटना स्थल का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय।

# छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** छात्रा ने शादी का झांसा देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाने और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने व मारपीट करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर मालीपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही करने में जुट गई है।

मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासिनी बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया है कि चार वर्ष पूर्व जब वह इंटर की छात्रा थी तो उसके गांव के बगल के अंकुर यादव नाम के युवक ने उसे अपने प्रेम प्रसंग में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर जबरन अवैध संबंध बनाया। युवक को उसका पट्टीदार दिव्यांशु यादव ने अपना भाई बताकर भेंट कराया था, जो उसके साथ मिला था। इस बीच दोनों ने अश्लील वीडियो व फोटो भी धोखे से बनायी। छात्रा ने आरोप लगाया कि इसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हुए बीते पांच सितंबर को दोनों ने उसका शारीरिक शोषण किया। छात्रा ने कहा कि कहीं बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि युवकों के चाचा सपा के जिला सचिव हैं, जिनका उन्हें संरक्षण प्राप्त है। बीते शुक्रवार को युवकों की हरकत से आजिज छात्रा ने पूरी कहानी अपनी मां को बताया और कहा कि वर्षों से मेरा यौन शोषण हो रहा है। बेटी की बात सुन कर मां आरोपियों के घर गयी तो आरोपी अंकुर, अंकुश, अनुराधा समेत अन्य परिजनों ने उन्हें मारा-पीटा और गाली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। इस सबन्ध में मालीपुर थानाध्यक्ष प्रभाकांत तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### आधुनिक शिक्षा के अलावा दीनी तालीम भी आवश्यक : मौलाना तूसी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर तहसील क्षेत्र के कटघर कमाल में दिवंगत मोहम्मद हसनैन के इसाले सवाब की मजलिस का आयोजन हुआ। जिसे मौलाना जावेद आबिदी और मौलाना गजनफर अब्बास तूसी ने संबोधित किया। पहली मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना जावेद आबिदी ने कहा कि हम सब को हमेशा दीन-दुखियों की मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस्लाम धर्म किसी को परेशान करने की इजाजत नहीं देता है, बल्कि परेशान लोगों की सहायता करने का हुक्म देता है। विशेष रूप से पड़ोसी किसी भी जाति, धर्म का हो बिना किसी भेदभाव के संकट के समय उसकी मदद करें। जबकि दूसरी मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना गजनफर अब्बास तूसी ने कहा कि सांसारिक शिक्षा के साथ दीनी तालीम भी हासिल करें, जिससे लोक परलोक दोनों संवर जाए। मौलाना ने आगे कहा कि इंसानियत के बगैर इंसान अल्लाह के करीब नहीं हो सकता है।

## सार-संक्षेप

### डॉ. सुरेश लाल राष्ट्र धर्म सेवा पुरस्कार से किए गए पुरस्कृत

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अयोध्या में अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद के अध्यक्ष डॉ. वीपी सिंह व उपाध्यक्ष एडवोकेट आरवी मेहता द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन बीते 27 सितंबर को देश के महान संत महात्माओं, साध्वी कंचन और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत द्वारा राजकीय हाईस्कूल जहांगीरगंज के प्रधानाचार्य व शिवपुर गयासपुर के मूलनिवासी डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव को राष्ट्र धर्म सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। डॉ. सुरेश लाल को यह सम्मान उनके द्वारा सामाजिक, मानवीय मूल्यों और मानव अधिकार विषयों पर उत्कृष्ट लेखन एवं काव्य सृजन सन्दर्भ में दिया गया है। समारोह में अतिथि स्वरूप गजल सम्राट अनूप जलोटा, मशहूर युवा कवयित्री अनामिका अम्बर आदि अनेक कवियों व कवयित्रियों की भी शिरकत रही। डॉ. सुरेश लाल ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माँ उर्मिला के आशीर्वाद को दिया है।

### विश्व रेबीज दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन


संयुक्त जिला चिकित्सालय सभागार में आयोजित गोष्ठी में सीएमओ डॉ. राजकुमार।

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** विश्व रेबीज दिवस पर शनिवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार ने किया। डॉ. सुल्तान अहमद ने उपस्थित सभी लोगों को बताया कि जंगली जानवर जिसमें कुत्ते, बिल्ली, बंदर, घोड़े आदि द्वारा काटे जाने पर सबसे पहले काटे गए स्थान पर पानी की तेजधार से घाव को 15 से 20 मिनट साबुन से अच्छी तरीके से धुले और जल्द ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रेबीज का टीका उपलब्ध है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओमप्रकाश, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमानंद सिद्धार्थ, डॉ. गौतम मिश्रा, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ राजेंद्र जायसवाल, डॉ. हर्षित गुप्ता, डॉ. सर्वेश कुमार, सुनील वर्मा, संदीप गुप्ता, सिद्धार्थ सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मंत्री ने 51 श्रमिकों को वितरित किया प्रमाण पत्र


प्रमाणपत्र वितरित करते मंत्री अनिल राजभर व साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी।

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** देव इन्द्रावती महाविद्यालय कटेहरी मे निर्माण श्रमिकों की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार, श्रमिक जागरूकता और रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग अनिल राजभर उपस्थिति रहे। कार्यक्रम मे मंत्री ने उत्तर प्रदेश भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार और हितलाभ वितरण कार्यक्रम में 51 निर्माण श्रमिकों को प्रमाण-पत्र का वितरित किया। इस दौरान जनपद के भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा, राणा रणविजय सिंह जिला उपाध्यक्ष भाजपा, राम किशोर अध्यक्षए किसान मोर्चा भाजपाए व अन्य जनप्रतिनिधि, प्रतिभा तिवारी उपश्रमायुक्त अयोध्या मण्डल, सहायक निदेशक सेवायोजन देवव्रत कुमार, सहायक श्रमायुक्त राजबहादुर यादव, सहायक श्रमायुक्त अमेठी गोविन्द यादव, कमेलश कुमार सिंहए व अन्य श्रम प्रवर्तन अधिकारी और जनपद के लगभग 700 निर्माण श्रमिक उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम मंत्री और जिलाधिकारी के दिशानिर्देशन में राजबहादुर यादव सहायक श्रमायुक्त द्वारा श्रमिकों के जागरूकता के भव्य कार्यक्रम का आयोजन कटेहरी में किया गया। मंत्री ने श्रमिकों के हित में कार्य करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। अन्त में सहायक श्रमायुक्त ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मंत्री की अनुमति से कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

### ब्राह्मण महासभा की बैठक आज

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में 29 सितंबर को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज शास्त्री नगर में सभी पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी प्रकोष्ठ परशुराम सेना, महिला महासभा, विधि प्रकोष्ठ, शिक्षा प्रकोष्ठ, व्यापार प्रकोष्ठ, राजस्व प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ, मीडिया प्रकोष्ठ, सभी जिला पदाधिकारी, तहसील पदाधिकारी, ब्लाक पदाधिकारी, नगर पालिका व नगर पंचायत पदाधिकारी व सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व प्रभारी और विस्तारक व नए मनोनीत पदाधिकारियों की उपस्थित आवश्यक रुप से प्रार्थनीय है। समय से पहुंच कर कार्य कारणी के महत्वपूर्ण बैठक को सम्पन्न करावें। उक्त जानकारी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पं. राजेश कुमार त्रिपाठी ने दी।

# अधिकारी कार्यालयों की कराएं साफ-सफाई : जिलाधिकारी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाए जाने के संबंध में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया।

बता दें कि सुबह 6:30 बजे समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राएं, अध्यापक और क्षेत्रीय गांधी आश्रम के कार्यकर्ता अपने बैंड बाजे के साथ प्रभात फेरी प्रारंभ करके सुबह 7:15 बजे डॉ. राम मनोहर लोहिया चौक शहजादपुर पहुंचेंगे। सुबह 7:30 बजे गणमान्य नागरिकों द्वारा गांधी आश्रम अकबरपुर में स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा। सुबह 8 बजे सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, संस्थाओं पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। कार्यालयों में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण और माल्यार्पण के पश्चात गांधी के जीवन वृत्त दर्शन कार्यों पर चर्चा की जाएगी। सुबह 8:45 पर एकलव्य स्टेडिएम में 3 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे जिला पंचायत सभागार में महात्मा गांधी के जीवन वृत्त पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त कार्यालय अध्यक्ष, कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों, अधिकारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिए हैं।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, डीएफओ डॉ. उमेश तिवारी, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी सौरभ शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

**निर्देश** मुकदमों के निस्तारण के लिए एसडीएम, तहसीलदारअपने-अपने कोर्ट पर नियमित रूप से करें सुनवाई

# लक्ष्य के सापेक्ष वसूली में तेजी लाएं अधिकारी : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। अगस्त माह में जिन विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम पाई गई है उन विभागों को जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष वसूली में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए हैं। अन्यथा की दशा में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान धारा 24, 33, 34, 67, 80 और अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक समीक्षा किया। साथ ही साथ उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक माह लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनमानस के साथ संवेदनशीलता का व्यवहार करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि अपने कोर्ट पर नियमित रूप से सुनवाई किया जाए। जिससे लम्बित मुकदमों का ज्यादा से ज्यादा यथा शीघ्र निस्तारण हो सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि सुबह 10 बजे से 12 बजे तक प्रत्येक दिन जनता दर्शन की सुनवाई करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


राजस्व कार्यों की समीक्षा करते डीएम अविनाश सिंह व साथ में एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता।

### बैठक में ये भी रहे उपस्थित

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप लिाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और संबंधित विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# कारागार परिसर व बंदी बैरकों की सफाई व्यवस्था पर दें ध्यान

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम सुलीन सिंह के निर्देशानुसार वृद्धाश्रम अकबरपुर में वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण और अधिकार के सम्बन्ध में शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने विधिक साक्षरता शिविर का शुभारंभ और शेल्टर होम्स निरीक्षण समिति द्वारा वृद्धाश्रम व जिला कारागार का निरीक्षण किया गया।

इस विधिक साक्षरता शिविर में अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, ज्योत्सना मणि यदुवंशी अपर सिविल जज सीडि एसीजेएम, अभिषेक सिंह सिविल जजए जूडि टाण्डा्र, जिला विधि सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी और पीएलवी और वृद्धाश्रम अकबरपुर से सत्यप्रकाश प्रबन्धक वृद्धाश्रम अकबरपुर और वृद्धजनों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए अपर जिला जज ने बताया कि सरकार द्वारा बुजुर्गों के लिये कई योजनाएं और नीतियां शुरू की हैं। शेल्टर होम्स निरीक्षण समिति ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर वृद्धजनों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल किया। अपर जिला जज ने प्रबन्धक वृद्धाश्रम को वृद्धजनों की पेंशन दिलवाने के लिए सम्बन्धित विभाग में पत्राचार करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने इस कार्य के लिए एक पीएलवी नियुक्त कर उसकी सेवाएं दिए जाने का निर्देश दिया है।

### बंदियों से भोजन व स्वास्थ्य के बारे में ली जानकारी

निरीक्षण समिति ने जिला कारागार और महिला बैरक का निरीक्षण कर बन्दियों से मुलाकात कर उनके भोजन व स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी लिया। निरीक्षण समिति ने बंदियों के मुकदमें के सम्बन्ध में भी बात की और जेलर को निर्देशित किया कि यदि किसी भी बन्दी को निशुल्क विधिक सहायता या निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रेषित कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। अपर जिला जज ने जेलर को कारागार परिसर और बन्दी बैरकों की साफ-सफाई और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कारागार कर्मचारियों और बन्दियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मसकनवा, अमृत विचार :** नाबालिग को बहला फुसला कर भगाने और दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है। एसओ कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि आरोपी आनंद कुमार निवासी पसियन पुरवा थाना वजीरगंज को चौकी प्रभारी मसकनवा तेज नारायण गुप्ता ने मनीपुर ग्रंट जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया। चौकी प्रभारी मसकनवा तेज नारायण गुप्ता ने बताया कि एक व्यक्ति ने तहरीर दी कि उसकी नाबालिग लड़की को विपक्षी बहला फुसला कर भगा ले गया था। उन्होंने बताया कि पॉक्सो एक्ट सहित अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज कराया गया।

### इंटर कॉलेज में सेवा पखवाड़ा का आयोजन

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** महाराजा देवी बक्स सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में सेवा पखवाड़ा विकसित भारत 2047 के उपलक्ष में गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह सदस्य विधान परिषद व विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर रामचंद्र रहे। मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। संभाषण प्रतियोगिता के सतीश मौर्य, भूमि साहू, राज मिश्रा एवं शिवनारायण मिश्रा को मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने मेडल तथा प्रशस्त पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक मजहरूल हक अंसारी ने किया।

### तीन पर एससी/एसटी एक्ट का केस दर्ज

**रुपईडीह :** जमीन पर कब्जा करने को लेकर जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर गाली गलौज देने व मारपीट कर घायल करने के आरोप मे पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दिया है। कौड़िया थाना क्षेत्र के गुरई पुरवा झौहना पूर्वी गांव निवासिनी गुड्डी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि गांव मे जमीन पर कब्जा करने को लेकर गांव के ही नानबच्चा रात मे घर आकर गाली देने लगे जब उसने विरोध किया तब उनके साथी लल्लू और मुकेश लाठी-डंडा लेकर आये और उसकी पुत्री रोशनी व भतीजी काजल को मार-पीट कर घायल कर दिया। काजल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**रुपईडीह :** एक माह पहले आर्यनगर-कर्नलगंज मार्ग पर उमरिया गांव के पास वाहन की चपेट मे घायल हुए कौड़िया थाना क्षेत्र के सलई पुरवा गांव निवासी राम बाबू 30 के भाई अंकुल तिवारी ने थाने मे तहरीर देकर अज्ञात वाहन के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया है। थानाध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### शायर के निधन पर शोक

**करनैलगंज, अमृत विचार :** साहित्यिक संस्था बज़्मे शामे गज़ल की विशेष शोक गोष्ठी वरिष्ठ शायर, शिक्षक व चिकित्सक डॉ. असलम खाँ वारसी बकाई के निधन पर अल्लामा इक़बाल लाइब्रेरी बालूगंज में आयोजित हुई। अध्यक्षता अब्दुल गफ्फार ठेकेदार ने की। सलीम बेदिल ने आग़ाज़ में नात पेश की। संचालन करते हुए याकूब सिद्दीकी अज्म़ ने शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। संरक्षक गणेश तिवारी के साथ कौसर सलमानी, याकूब अज्म़, यासीन राजू अंसारी, उत्तम कुमार शोला व इमरान मसूदी ने रचनाओं से श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# 600 नवनियुक्त शिक्षकों का सत्यापन अटका

## कई ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारियों ने नहीं भेजी पत्रावली, बीएसए ने दिया अल्टीमेटम

**गोंडा, अमृत विचारः** खंड शिक्षा अधिकारियों की लापरवाही से 12460 शिक्षक भर्ती के तहत नियुक्ति पाने वाले 600 शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन अटक गया है। कई ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारियों ने नवनियुक्त शिक्षकों की पत्रावली ही बीएसए कार्यालय को नहीं भेजी है। जबकि शिक्षक वेतन भुगतान को लेकर कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों को अल्टीमेटम देकर पत्रावली कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

12460 शिक्षक भर्ती के तहत जिले में 641 शिक्षकों को दिसंबर व जनवरी महीने में नियुक्ति मिली थी। नियुक्ति पाने के 6 महीने बाद 29 जून को स्कूल आवंटित किया गया। जुलाई से शिक्षक स्कूलों में ड्यूटी दे रहे हैं लेकिन 4 महीने बीतने के बावजूद इन्हे अब तक वेतन का भुगतान नहीं हो सका है। शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन के अभाव में इनका वेतन रुका है। हालांकि सरकार की तरफ से नवनियुक्त शिक्षकों के अभिलेखों के सत्यापन की जिम्मेदारी खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंपी गई थी। नियुक्ति के बाद उन्हें गोपनीय रूप से अभिलेखों का सत्यापन कराकर इसकी रिपोर्ट बीएसए कार्यालय को देनी थी लेकिन सत्यापन तो दूर जिले के कई खंड शिक्षा अधिकारी अब तक अपने ब्लॉकों में नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों की पत्रावली ही बीएसए कार्यालय को नहीं उपलब्ध करा सके हैं।

वहीं वेतन भुगतान के लिए नवनियुक्त शिक्षक बीएसए कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ भी इस मामले पर बीएसए से मिलकर वेतन भुगतान की मांग कर चुका है। इसके बाद बीएसए अतुल तिवारी ने वेतन भुगतान मसले पर गंभीरता दिखाते हुए इसकी पड़ताल करायी तो पता चला कि मनकापुर, परसपुर, बेलसर व बभनजोत के खंड शिक्षा अधिकारियों ने शिक्षकों की पत्रावली ही नहीं भेजी है। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को दो दिन के भीतर पत्रावली कार्यालय का उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया है।

**641**
शिक्षकों को दिसंबर व जनवरी में मिली थी नियुक्ति

### 27 और शिक्षकों के वेतन भुगतान का आदेश जारी

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी ने शुक्रवार को 27 नवनियुक्त शिक्षकों के वेतन का आदेश जारी किया। इसके पहले 15 शिक्षकों के वेतन का आदेश जारी किया जा चुका है। जिन शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेख के सत्यापन की रिपोर्ट मिल रही है उनका वेतन आदेश निर्गत किया जा रहा है। कोशिश है कि जल्द ही सभी की सत्यापन रिपोर्ट मिल जाए सत्यापन रिपोर्ट मिलते ही उनके वेतन भुगतान का आदेश जारी कर दिया जाएगा।

### वेतन भुगतान के लिए कार्यालय आने पर रोक

वेतन भुगतान के लिए चक्कर काट रहे शिक्षकों के कार्यालय आने पर रोक लगा दी गई है। बीएसए अतुल तिवारी ने बताया कि पता चला है कि शिक्षक अपने वेतन भुगतान के लिए लगातार कार्यालय पहुंच रहे हैं। उनके समस्या को देखते हुए प्रत्येक शनिवार को सत्यापन सूची सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया है।

शनिवार को शिक्षक कार्यालय पहुंचकर नोटिस बोर्ड पर अपने सत्यापन की सूची देख सकते हैं। इसके पहले उन्हें कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। आने वाले दिनों में यदि कोई शिक्षक कार्यालय में घूमता मिला तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### वेतन भुगतान की मांग को लेकर बीएसए से मिले शिक्षक

**गोंडा, अमृत विचार :** 12460 भर्ती प्रक्रिया में नियुक्त शिक्षकों के वेतन भुगतान में आ रही समस्याओं को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष विनय तिवारी के नेतृत्व में बीएसए से मुलाकात की और उन्हे समस्याओं से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष ने ऑनलाइन उपलब्ध प्रमाण पत्र को संबंधित वेबसाइट पर सत्यापित करते हुए सत्यापन सूची में अपडेट करते हुए सूची जारी करने की मांग की जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तत्काल अब तक प्राप्त समस्त सत्यापनो की सूची एवम् ऑनलाइन उपलब्ध प्रमाण पत्रों का सत्यापन करते हुए सूची जारी करने एवं दो दिवस के अंदर सत्यापन प्राप्त समस्त शिक्षकों के वेतन भुगतान का आदेश निर्गत करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला संयुक्त मंत्री/ब्लॉक अध्यक्ष तरबगंज बलवंत सिंह, जिला संगठन मंत्री/ब्लॉक अध्यक्ष मुजेहना कुलदीप पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष वजीरगंज अवनीश पांडेय, उपाध्यक्ष मुजेहना सुजीत त्रिपाठी, जिला सहायक लेखाकार संदीप त्रिपाठी एवं अचिन कुमार उपस्थित रहे।



बीएसए से वार्ता करते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

# कॉलेज की नवनिर्मित दुकानों का आवंटन अटका

**गोंडा, अमृत विचारः** शहर के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज की जमीन पर बनी नवनिर्मित दुकानों का आवंटन अटकने के बाद यहां व्यवसाय करने का सपना संजोए आवेदकों की उम्मीद टूटने लगी है।

काशीराम कॉलोनी के रहने वाले मंगली प्रसाद मिश्रा ने जिलाधिकारी व शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज के अध्यक्ष को भेजे गए पत्र में कहा है कि उसने शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में नवनिर्मित दुकान के आवंटन के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 5000 वर्ष 2020 में तत्कालीन प्रधानाचार्य/प्रबंधक के पास नगद जमा कराया था। उस समय यह बताया गया था कि दुकान बन चुकी है। शटर एवं प्लास्टर होना बाकी है। जिसका कार्य दो महीने में पूरा हो जाएगा। फिर दुकान का आवंटन कर दिया जाएगा लेकिन 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी विद्यालय प्रशासन दुकान आवंटन नहीं कर सका। मंगली प्रसाद का कहना है कि अब वह दुकान लेने में असमर्थ है। जिसको लेकर विद्यालय में जमा रजिस्ट्रेशन शुल्क वापस पानी के लिए बीते 7 फरवरी वर्ष 2024 को उसने कॉलेज के प्रधानाचार्य को रजिस्टर्ड पत्र भेजा था, लेकिन अभी तक विद्यालय की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया है और न ही रजिस्ट्रेशन शुल्क वापस किया गया है। मंगली प्रसाद ने पत्र में कहा है कि रजिस्ट्रेशन शुल्क विद्यालय में नगद जमा किया गया था, जिसकी विद्यालय प्रशासन की ओर से कोई रसीद नहीं दी गई थी। उसने जिलाधिकारी से रजिस्ट्रेशन शुल्क वापस कराने की मांग की है।

▶▶ **आवेदक ने डीएम को पत्र भेजकर शुल्क वापसी की लगाई गुहार**

### रोजगार मेले में 65 युवाओं का साक्षात्कार

**करनैलगंज :** करनैलगंज ब्लॉक सभागार में रोजगार मेले का आरंभ एडीओ आईएसबी दिनेश चंद्रा व एडीओ पंचायत परमात्मादीन ने किया। इसके बाद कम्पनियों ने काउंसिलिंग शुरू की। यूनाइटेड यंग इंडिया के ज्ञानेंद्र कुमार, ब्राइट फ्यूचर के मोहम्मद हासिम, स्टार ग्रुप मेन पावर की पुनीता, ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन के वेद प्रकाश ने युवाओं के अभिलेख जमा किये व साक्षात्कार लिया। कुल 65 युवाओं ने साक्षात्कार दिया।

## सार-संक्षेप

### अवध विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष पद के लिए मांगा समर्थन



एलबीएस में शिक्षक संघ के चुनाव को लेकर जनसंपर्क करते प्रत्याशी।

**गोंडा :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के निर्वाचन में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रो मंशाराम वर्मा ने श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के शिक्षक साथियों से प्रत्येक विभाग में संपर्क कर मत एवं समर्थन मांगा। अध् प्रो मंशाराम वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय इकाई परिवार के गुरुजनों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों एवं बताए गए रास्ते पर चलने की कार्ययोजना बनाकर आगे के कार्यक्रम को निर्धारित किया जाएगा। विज्ञान परिसर में प्रो. संजय शिक्षक संघ के मंत्री एवं गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ मनीष शर्मा ने रसायनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. पुष्य मित्र ने भी सुझाव दिये। इस अवसर पर डॉ रवि प्रकाश ओझा, एवं डॉ. पुनीत कुमार उपस्थित रहे। वनस्पति विज्ञान के अध्यक्ष प्रो. श्रवण कुमार श्रीवास्तव, डॉ. रेखा शर्मा, जंतु विज्ञान के अध्यक्ष डॉ. शिशिर त्रिपाठी ने चर्चा की। प्रो. एनके श्रीनिवास राव, प्रो. शिवशरण शुक्ला, प्रो रंजन शर्मा, जयशंकर तिवारी एवं डॉक्टर अच्युत शुक्ल, प्रो. विनोद प्रताप सिंह डॉ श्याम बहादुर सिंह, प्रो. राम समुझ, डॉ. शैलेश कुमार, प्रो. शशिबाला, डॉ. लोहंस कुमार कल्याणी, डॉ. अभिक सिंह, डॉ. बैजनाथ पाल, डॉ. अवधेश कुमार वर्मा, डॉ. विवेक प्रताप सिंह, डॉ. मनीष मोदनवाल, डॉ. वंदना भारतीय, डॉ. रवि कुमार ओझा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### शिविर में सफाई कर्मियों को दी स्वच्छता किट

**कटरा बाजार :** शनिवार को ब्लॉक परिसर कटरा बाजार में पंचायत विभाग की और से स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाजपा नेता भवानी भीख शुक्ल व जिलाध्यक्ष प्रधान संघ उमापति त्रिपाठी ने क्षेत्र में तैनात सफाईकर्मी को स्वच्छता किट दिया। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने कहा कि हमे स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। स्वच्छता शिविर में प्रभारी बीडीओ विजय बहादुर सिंह ने कहा कि 'स्वच्छता ही सेवा' आगामी 1 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में जलजीवन मिशन की आईएसए संस्था कंचन जनकल्याण समिति वाराणसी, बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन सहित अन्य विभागों ने अपने अपने स्टाल लगाए। एडीओ पंचायत प्रीतम श्रीवास्तव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अगले पांच वर्ष में स्वच्छ भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है ताकि बापू की 150 वीं जयंती पर इस लक्ष्य की प्राप्ति के रूप में मनाया जा सके। कार्यक्रम में डॉ एसपी पाठक, मनीष जायसवाल, माखन तिवारी, श्वेता सिंह, विष्णु भगवान शुक्ल, शिव शरण पांडेय, कृष्ण कुमार, ज्ञानेश पांडेय, मृत्युंजय सहित क्षेत्र के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### स्टाफ नर्स की तैनाती न होने से प्रसव कार्य प्रभावित

**बेलसर :** सीएचसी बेलसर पर एक सप्ताह से अधिक समय बीत जानें के बाद भी स्टाफ नर्स की तैनाती नही की गई है जिससे प्रसव सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे है। सीएचसी बेलसर पर चार स्टाफ नर्स की तैनाती थी। जिसमे से सीएमओ के आदेश पर पुष्पा मिश्रा एवम संगीता का स्थानांतरण खरगूपुर एवं मुजेहना कर दिया गया था। उनके स्थान पर किसी की तैनाती नही की गई। जिससे प्रसव, टीकाकरण सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे है। सीएचसी अधीक्षक सतपाल सोनकर ने बताया कि सीएमओ के निर्देश पर स्थानांतरित स्टाफ नर्स को रिलीव कर दिया गया है। उनके स्थान पर अभी तक किसी की तैनाती नही हुई है। सीएमओ को पत्र लिखकर तैनाती की मांग की गई है।

# जांच के दायरे में आए स्कूलों का 20 लाख रुपये का भुगतान रोका

**फीस प्रतिपूर्ति घोटाला**

**गोंडा, अमृत विचारः** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तबतगरीब बच्चों की पढाई के लिए सरकार की तरफ से दी जा रही फीस प्रतिपूर्ति में करोड़ों रुपये का घोटाला कर जांच के दायरे में आए स्कूलों का 20 लाख रुपये का भुगतान रोक दिया गया है। वर्ष 2023-24 में गरीब बच्चों को पढाने का दावा कर स्कूल की तरफ से इस धनराशि के भुगतान की मांग की गयी थी। पैसा उनके बैंक खाते में चला भी गया था लेकिन इसी बीच उनके फर्जीवाड़े की शिकायत जिला प्रशासन तक पहुंच गयी। इसके बाद इस धनराशि के भुगतान पर रोक लगा दी गयी है।

परसपुर थाना क्षेत्र के नंदौर गांव के रहने वाले रावेन्द्र सिंह ने शिकायत करते हुए कहा था कि ग्राम नन्दौर नौसहरा के रहने वाले शीतला प्रसाद सिंह बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर एक ही स्थान व भवन में 15 अलग अलग स्कूलों का संचालन कर रहे हैं। इन स्कूलों में आरटीई के तहत गरीब बच्चों का फर्जी नामांकन दिखाकर फीस प्रतिपूर्ति के नाम पर करोड़ों रुपये का भुगतान लिया जा रहा है। इसके लिए एक बच्चे का नामांकन तीन तीन स्कूलों में दिखाया जा रहा है। इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए तत्कालीन बीएसए ने इसकी तीन सदस्यीय समिति से जांच करायी तो आरोप सही पाया गया। जिस स्कूल को संचालित दिखाकर बच्चों का नामांकन किया गया और आरटीई के तहत फीस प्रतिपूर्ति ली गयी वह विद्यालय धरातल पर संचालित ही नहीं है। बीएसए ने फीस प्रतिपूर्ति का भुगतान रोकते हुए स्कूल संचालक से स्पष्टीकरण मांगा तो संचालक ने जांच पर सवाल उठाते हुए जिलाधिकारी से दूसरे विभाग के अधिकारी से मामले की जांच कराए जाने की मांग की। डीएम नेहा शर्मा ने अपर उप जिलाधिकारी प्रथम के नेतृत्व में वित्त एवं लेखाधिकारी, जिला पंचायत व परसपुर के खण्ड विकास अधिकारी की तीन सदस्यीय समिति का गठन कर मामले की जांच का आदेश दिया है और 15 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट तलब की है। जांच के दायरे में आने के बाद इस स्कूल को फीस प्रतिपूर्ति के तौर पर भेजी गयी 20 लाख रुपये के भुगतान पर रोक लगा दी गयी है। यह धनराशि स्कूलों को वर्ष 2023-24 में गरीब बच्चों का नामांकन करने के बदले भेजी गयी थी लेकिन इसी दौरान जिला प्रशासन को फर्जीवाड़े की शिकायत मिल गयी। समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक प्रेम शंकर मिश्रा ने बताया कि जांच के दायरे में आने वाले स्कूलों को 7 लाख और 13 लाख रुपये दो किश्तें फीस प्रतिपूर्ति के लिए भेजी गयी थी लेकिन जांच शुरू होने के बाद इनका भुगतान रोक दिया गया है।



फीस प्रतिपूर्ति के नाम पर एक करोड़ से अधिक का घोटाला

संचालक ने कागजों में 15 स्कूलों का संचालन दिखाकर बेसिक शिक्षा विभाग से ली धनराशि

अमृत विचार के शुक्रवार के अंक में छपी खबर। अमृत विचार

### फर्जी अंकपत्र पर नौकरी कर रहे मिल कर्मी के खिलाफ केस

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** फर्जी अंकपत्र के सहारे मनकापुर चीनी मिल में वेयर हाउस सहायक के पद पर नौकरी कर रहे व्यक्ति के विरुद्ध सहायक महाप्रबंधक ने धोखाधड़ी, कूटरचना की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

मामला बलरामपुर चीनी मिल यूनिट मनकापुर दातौली चीनी मिल से जुड़ा है। सहायक महाप्रबन्धक (विधि, कार्मिक एंव प्रशासन) के पद पर कार्यरत गजेन्द्र कुमार रावत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि सुधान्शु प्रताप सिंह को चीनी मिल के प्रतिष्ठान आसवानी डिवीजन में वेयर हाउस सहायक के पद पर एक जनवरी 2007 को नियुक्त किया गया था। जांच में सुधान्शु प्रताप सिंह के दाखिल प्रमाण पत्र पर प्रतिष्ठान द्वारा संदेह होने पर उनके इण्टरमीडियट प्रमाण पत्र सह अंक पत्र का सत्यापन के लिए अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी से कराया गया तो वह फर्जी मिला। पुलिस ने धोखाधड़ी कूटरचना कर नौकरी प्राप्त करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने कहा मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## वर्ग पहेली-206

**बाएं से दाएं**

1. 1. पुट्ठा 2. ढोल पर मढ़ा जाने वाला चमड़ा।
3. 1. चित्तवृत्तियों का निरोध और इन्हें सांसारिकता से विमुख कर अंतर्मुखी करने की एक जटिल भारतीय साधना पद्धति 2. नाथ पंथियों में योग का एक प्रकार जिसमें कुंडलिनी जागरण कराकर 'सहस्रारचक्र' तक ले जाया जाता है। उक्त योग में कठिन आसन मुद्राओं का विधान है।
5. मृतक संबंधी एक कृत्य जो किसी की मृत्यु के छह महीने बाद किया जाता है, छमासी।
8. 1. बहुत दूर या समुद्र पार का देश, पराया देश, विदेश 2. पिछली सदी में भारतीय जन सामान्य द्वारा इंग्लैंड के लिए प्रयुक्त नाम।

**ऊपर से नीचे**

2. अलग करने वाला, पृथक करने वाला।
4. सूर्यकांत मणि।
6. ऊँचे पहाड़ों की एक लता, निसोथ।
7. 1. रेती (औज़ार) से रगड़कर काटना 2. चिकना करना 3. रेतने वाले औज़ार की धार से रगड़ना।



### वर्ग पहेली -205 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 नि | 2 गो | ड़ी | |
| | 3 द | | पी | | 4 ति |
| | नु | | चं | | र |
| | 5 ज | 6 ल | द | | मि |
| 7 चु | | 8 प | न | 9 भ | रा |
| 10 क | रें | सी | | र | |
| ना | | | 11 चौ | त | नी |

### सुडोकू -119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 2 | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 5 | | 1 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 8 | |
| 9 | 3 | | | | 1 | | 2 | 4 |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | | 7 | | | | 5 | 9 |
| | 9 | | | | | 5 | | |
| 1 | | 8 | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 7 | | | 8 | | 4 | | |

### सुडोकू - 118 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 4 | 7 | 1 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 16.47 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज यदि नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्र रहना होगा। दूसरों की गलतियां गिनाने के बजाय सही सलाह देकर समझाने का प्रयास करें। प्रेम विवाह में कुछ बाधाएं आ सकती हैं।

**वृष** — आज नए लोगों के साथ संपर्क प्रगाढ़ होंगे। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं वरना समस्या हो सकती है। वैवाहिक जीवन में किसी कारण को लेकर तनाव को सकता है।

**मिथुन** — आज घर के कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। आप लोगों के मन के विचारों को समझ लेते हैं, जिसके कारण लोग आपसे सलाह की अपेक्षा रखेंगे। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। कुछ महत्वपूर्ण और साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

**कर्क** — आज आपको आराम पर्याप्त मात्रा में करना चाहिए। हृदय रोगियों को परेशानी हो सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ कड़ाई से पेश आ सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर पूरा करने का दबाव रहेगा।

**सिंह** — आज व्यवसाय में आपको बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। निजी रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। नए रचनात्मक कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। परिवार को आप पर्याप्त समय देंगे। आर्थिक मामलों को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। आपको जिम्मेदारी वाला पद मिल सकता है।

**कन्या** — आज मानसिक तनाव आपको परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। बदलता मौसम आपको सर्दी-जुकाम से पीड़ित कर सकता है। परिवार के लोगों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। धन की कमी का सामना करना पड़ेगा।

**तुला** — आज आपके लिए दिन बहुत ही शुभ है। आय के नए स्रोत विकसित होने के योग बन रहे हैं। जॉब में आपका प्रदर्शन लोगों के लिए अनुकरणीय रहेगा। आपकी तार्किक क्षमता आपको सभी जगह सफलता प्रदान करने में मदद करेगी।

**वृश्चिक** — आज अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। पैतृक संपदा में वृद्धि होगी। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में नए कर्मचारियों की नियुक्ति करने का विचार बनाएंगे। सीनियर्स आपसे काफी प्रभावित रहेंगे।

**धनु** — आज सहयोगियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। काम का दबाव कम होगा। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। व्यापार में लाभ कमाने के नए मौके खोज लेंगे।

**मकर** — आज आप स्वयं को काफी समय देंगे। चलते कार्यों में अचानक विघ्न आ सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भावनाओं में आने के कारण काम बिगड़ सकते हैं। फिलहाल आपका समय ठीक नहीं है, इसीलिए लोगों से सलाह न लें।

**कुंभ** — आज लोक कल्याण के कार्यों में आप रुचि लेंगे। सरकारी कार्य समय से पूर्ण हो जाएंगे। दिनचर्या काफी व्यवस्थित और संतुलित रहेगी। एकांत में बैठकर आत्मविश्लेषण कर सकते हैं। व्यापार में कमजोर पहलुओं को दूर करने में सफलता मिलेगी।

**मीन** — आज गूढ़ विषयों के अध्ययन के प्रति आकर्षित रहेंगे। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। मित्रों के साथ आपके संबंध और प्रगाढ़ होंगे। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। कार्यक्षेत्र की बिगड़ी हुई स्थितियां आपके नियंत्रण में आ जाएंगी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
पृथ्वी — सुबह : 09.25
बच्चन पांडे — रात : 07.20

**&pictures**
आचार्य — सुबह : 09.45
खिलाड़ी 786 — शाम : 05.28

**SONY PIX**
जॉम्बीलैंड — रात : 09.43
सैन एंड्रियास — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
राधे — सुबह : 09.15
स्कंदा — रात : 08.00

**ZEE ACTION**
देवी — सुबह : 10.26
हॉलीडे — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी एक्शन पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- लड़कों का कॉमनसेंस बिल्कुल जीरो होता है।
पति- कैसे?
बीवी- अब देखो ना जेंटस टॉयलेट में लिख कर आएंगे शालू आई लव यू। अब क्या शालू वहां पढ़ने जाएगी?

पत्नी- तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति-72 फीसदी मेरी जान...
पत्नी -100 फीसदी क्यों नहीं करते हो?
पति- पगली, लग्जरी चीजों पर 28 फीसदी जीएसटी भी तो लगता है न।

## एक नजर

### आज से शुरू होगा 5 दिवसीय अग्रसेन जयंती समारोह

**गोंडा** : हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रसेन जयंती समारोह रविवार से पांच दिवसीय कार्यक्रम साइकिल दौड़ प्रतियोगिता से शुरू होगा। यह कार्यक्रम 29 सितंबर से 03 अक्टूबर तक चलेगा। ये जानकारी अग्रवाल नव युवक संघ के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने दी। शनिवार सुबह 10 बजे साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन नवीन गल्ला मंडी में और दोपहर 2 बजे से नेहरू स्टेडियम में बैडमिंटन युगल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 30 सितंबर को मास्टर शेफ प्रतियोगिता, छोटे बच्चों की गुढ़रिया रेस प्रतियोगिता, बालिकाओं की एकल नृत्य प्रतियोगिता, और महिलाओं को रेटोरियम नृत्य प्रतियोगिता श्रीराम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में किया जायेगा।

### प्राक्कलन समिति के सदस्य बने अजय सिंह व बावन सिंह

**करनैलगंज** : उत्तर प्रदेश विधानसभा प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष ने गोंडा जनपद के दो भाजपा विधायकों को सदस्य मनोनीत किया है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश प्राक्कलन समिति का गठन किया है। जिसमें गोंडा जनपद के विधानसभा करनैलगंज के विधायक अजय सिंह व कटरा बाजार के विधायक बावन सिंह को सदस्य बनाया है।

### अपर आयुक्त प्रशासन से मिले फार्मासिस्ट

**गोंडा** : फार्मासिस्टों की समस्या को लेकर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को अपर आयुक्त प्रशासन से मिला और उन्हें मांग पत्र सौंपकर समस्या निस्तारण की मांग की। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की अपर आयुक्त प्रशासन वरिष्ठ आईएएस रेखा एस चौहान से मेडिकल स्टोर के लाइसेंस जारी होने में 2017 के शासनादेश का अनुपालन न किए जाने की बात रखी। 31 जुलाई 2017 को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा रिटेल लाइसेंस एक कार्य दिवस में और होलसेल का लाइसेंस 15 कार्य दिवस में जारी करने का शासनादेश जारी हुआ लेकिन पूरे प्रदेश में आज किसी भी जनपद में 24 घंटे में रिटेल का लाइसेंस नहीं जारी किया जा रहा है। इसकी आड़ में औषधि निरीक्षकों द्वारा अवैध वसूली की जा रही है।

# घाघरा का जलस्तर बढ़ने से दहशत में ग्रामीण

## 20 गांवों पर मंडराया बाढ़ का खतरा, बारिश व बैराजों से हो रहे डिस्चार्ज ने बढ़ाई परेशानी

करनैलगंज/ उमरीबेगमगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश व बैराजों के डिस्चार्ज से घाघरा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। जिससे एक बार फिर लोगों को बाढ़ चिंता सताने लगी है। बढ़ते जल स्तर से बांध की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों की चिंता बढ़ गयी है और वह दहशत में है। वहीं करनैलगंज व तरबगंज तहसील के 20 से अधिक गांव एक बार फिर से बाढ़ के मुहाने पर आ गए हैं।

मूसलाधार बारिश व बैराजों से हो रहे डिस्चार्ज के चलते घाघरा नदी लाल निशान को पार करने को बेताब है। जिससे नदी से जुड़े नालों व निचले भागों से होकर नदी का पानी गांवों की ओर जाना शुरू हो चुका है। जिससे बांध व नदी के बीच वाले तहसील करनैलगंज के नकहरा व बाराबंकी गोण्डा के सरहदी गांव परसावल, बेहटा, पारा मांझा, काशीपुर माझा, रायपुर मांझा, चंदापुर किटौली व तरबगंज तहसील के ऐली परसौली, गढ़ी, जवर नगर, परास, बहादुरपुर सहित दर्जनों गांव बाढ़ के मुहाने पर हैं। मूसलाधार बारिश और बाढ़ के सितम की आहट भर से ही ग्रामीणों की रूह कांप जा रही है। अभी बाढ़ की त्रासदी से पूरी तरह निपट भी नहीं पाए थे और दोबारा फिर बाढ़ की आहट से लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती है।

गोंडा व बाराबंकी के सरहदी गांव नैपुरा, परसावल, मांझारायपुर व नकहरा के कई लोगों की खेतिहर जमीन जो नदी व बांध के बीच में थी वह नदी का पानी बढ़ने से डूब गई। बाद में पानी तो घटा लेकिन फसल तबाह हो गई है। इन सब के पास परिवार की आजीविका चलाने का साधन सिर्फ कृषि ही था लेकिन अब इनकी फसलें नदी की भेंट चढ़ गई। जिससे परिवार का भरण पोषण करने में समस्या हो रही है। बाढ पीड़ितों का कहना है कि उन की समस्याएं कम नहीं होतीं। उन्हें कभी बीमारी तो कभी जहरीले सांप और खतरनाक जंगली जानवरों से हमेशा डर कर अपने बच्चों की सुरक्षा करनी पड़ती है। सरकार हो या जिला प्रशासन कोई भी इस समस्या के स्थायी हल के बारे में गंभीरता से सोचना नहीं चाहता।

### बांध को नहीं है कोई खतरा : अमरेश सिंह

बाढ़ खंड के सहायक अभियंता अमरेश सिंह का कहना है कि नदी का पानी बढ़ रहा है। जिससे धीमी गति से नदी कटान कर रही है। बांध पूरी तरह से सुरक्षित है।



करनैलगंज क्षेत्र के बहुवन मदार मांझा के पास कटान करती घाघरा। अमृत विचार

### दो घंटे में 10 सेमी बढ़ा घाघरा का जलस्तर

शनिवार को एल्गिन ब्रिज स्थित केन्द्रीय जल आयोग संस्थान के आंकड़ो के अनुसार नदी का जलस्तर सुबह 8 बजे की रीडिंग में 105 .786 दर्ज किया गया। जो कि डेंजर लेवल 106 .07 से 29 सेंमी नीचे था तथा डिस्चार्ज 2 लाख 66 हजार 618 क्यूसेक था। जबकि दो घंटे बाद 10 बजे की रीडिंग में जलस्तर बढ़ कर 105 .886 पर पहुंच गया। जो खतरा बिंदु से महज 19 सेंटीमीटर नीचे रहा। वहीं गिरिजा, शारदा व सरयू का कुल डिस्चार्ज 2 लाख 62 हजार 965 क्यूसेक दर्ज किया गया। बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि हम लोग हर बार बाढ़ से इतना परेशान हो चुके हैं कि अब अपना आशियाना बनाने का मन नहीं कर रहा है। नकहरा, मांझारायपुर व नैपुरा व परसावल के कई लोगों के पास अब घर बसाने के लिए कोई उचित स्थान नहीं है।

# स्कूल की बाउंड्री पर गिरा पेड़, दीवार धराशायी



पेड़ गिरने से गिरी स्कूल की बाउंड्रीवॉल। अमृत विचार

**मनकापुर, अमृत विचारः** दो दिन से लगातार हो रही बरसात से एक स्कूल की बाउंड्री पर बगल में लगा पेड़ गिर गया। शिक्षा क्षेत्र के ग्राम गोहन्ना स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर मे लगा सगौन का पेड जो विद्यालय की बाउंड्री से सटा हुआ लगा था बीते शुक्रवार की रात में तेज बारिश व हवा के चलने से गिर गया।

सागौन का पेड़ गिरने से स्कूल की पूरी बाउंड्रीवॉल धराशायी हो गयी। गनीमत यह रही कि दो दिन से लगातार बरसात के चलते विद्यालय मे अवकाश था जिससे कोई जनहानि नही हुई। ग्राम प्रधान राज कुमार ने बताया 15 साल पहले चारदीवारी या निर्माण हुआ था। उसके बगल पौधरोपण किया गया था। ग्राम प्रधान ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को पेड गिरने की सूचना देकर पेड़ को हटवाया।

**पीपल का पेड़ गिरने से महिला घायल :** इटियाथोक में तेज बारिश व तूफान की वजह से ग्राम पंचायत बगाही में पीपल के पेड़ गिरने से 50 वर्षीय महिला घायल हो गई। परिजनों के मुताबिक टीनशेड का मडहा में महिला सहित चार लोग बैठे हुए थे। अचानक तेज आंधी तूफान से पीपल का पेड़ उस टीन सेड के मडहे पर गिर पड़ा जिससे 50 वर्षीय उषा तिवारी पत्नी प्रमोद तिवारी घायल हो गयी। उन्हे आनन फानन में गोंडा के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जलभराव ने बढ़ाई परेशानी



क्षेत्रीय निदान केंद्र के सामने भरे पानी के बीच से गुजरता बाइक सवार। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचारः** मेडिकल कालेज परिसर में हुए जलभराव से भी मरीजों की दुश्वारियां बढ़ गयी हैं। उन्हे इसी पानी के बीच से होकर अस्पताल और जांच केंद्रों तक जाना पड़ रहा है। क्षेत्रीय निदान केंद्र के सामने हुए जलभराव के कारण जांच के लिए आने वाले मरीज परेशान हो रहे हैं। डॉक्टर मरीज को जांच के लिए क्षेत्रीय निदान पर भेजता है तो उसे भरे पानी से होकर निकलना पड़ रहा है। जलभराव के चलते शनिवार को कई लोगों के वाहन पानी में फंसे रहे। मरीजों का आरोप है कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन मरीज के इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा है। जलभराव के बीच से गुजर रहे समयदीन ने बताया कि मेडिकल प्रशासन को जल निकासी की व्यवस्था कर लेनी चाहिए।

# मेडिकल कॉलेज की बिजली आपूर्ति बेपटरी

**गोंडा, अमृत विचारः** तूफानी बारिश के साथ ध्वस्त हुई जिले की बिजली व्यवस्था ने मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर और मरीजों की परेशानी बढ़ा दी है 18 घंटे बाद बहाल हुई बिजली शनिवार को भी बेपटरी रही। बिजली की आवाजाही के चलते डाक्टरों को मोबाइल की रोशनी में मरीजों का इलाज करना पड़ा। वहीं मेडिकल कालेज परिसर में हुए जलभराव से भी मरीजों को परेशानी हुई। उन्हे अस्पताल के भीतर जाने के लिए घुटनों तक भरे पानी के बीच से गुजरना पड़ा।

शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश से पूरे जिले की बिजली व्यवस्था बाधित रही। शनिवार को किसी तरह शहर का बिजली आपूर्ति को ठीक किया गया लेकिन पूरे दिन बिजली की आवाजाही लगी रही। इसके सबसे अधिक असर मेडिकल कालेज पर पड़ा। यहां मरीजों के इलाज के लिए डाक्टरों को मोबाइल और टार्च की रोशनी का सहारा लेना पड़ा।



मोबाइल की रोशनी में मरीज का इलाज करते डॉ. अखिलेश त्रिपाठी। अमृत विचार

बिजली न होने के कारण मरीजों की जांच भी प्रभावित रही। एक्सरे व अल्ट्रासाउंड जैसी जांच के लिए मरीजों को बाहर जाना पड़ा। डाक्टरों ने बताया कि सुबह से ही बिजली की आवाजाही लगी है। पांच दस मिनट के बाद बिजली कट जा रही है। ऐसे में ओपीडी करने के लिए उन्हे मोबाइल की रोशनी का सहारा लेना पड़ रहा है। मेडिकल कालेज प्रबंधक अनिल वर्मा ने बताया कि बारिश के कारण बिजली की मेन लाइन खराब हो गयी थी। जिससे आपूर्ति प्रभावित है। इसे ठीक कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### इमलिया गुरदयाल गांव में जलभराव, रास्ते पर भरा पानी



जलभराव के बीच सड़क से गुजरता ग्रामीण। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार** : विकासखंड झंझरी तथा शहर से जुडे ग्राम पंचायत इमलिया गुरुदयाल गांव के ग्रामीणों के मुताबिक बीते दिनों हुई बारिश से पूरे रास्ते पर जल भराव हो गया है। जल निकासी के लिए नालियां सही तरीके से नहीं बनी है। जिसका खामियाजा यहां के रहने वालों को भोगना पड़ रहा है। गाँव के बच्चा लाल के घर से बनवारी के घर तक लगभग 200 मीटर की दूरी है। यह रास्ता वर्षो से बदहाल है। इस रास्ते की हालत बरसात में और भी खराब हो जाती है। यहां के रहने वाले दिव्यांग, बच्चे, बुजुर्ग आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। गांव के लोगो ने बताया है की इस सड़क के निर्माण के लिए कई बार गुहार लगाई गयी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेश कुमार वर्मा ने कहते है कि इस क्षेत्र से उन्हें कम वोट मिला था। सड़क के निर्माण के लिए गांव के विद्याराम, छोटू, राजू, लल्ला, रत्न कुमार, विश्वास, आदि लोगो ने जिला प्रशासन से मांग की है।

### खरगूपुर में 36 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित

**खरगूपुर** : गुरुवार देर रात को क्षेत्र में तेज हवा व भारी बरसात होने से 33 के वी ए लाइन पर ठठेरन पुरवा गांव के पास शागौन का पेड़ गिर जाने से विद्युत उपकेंद्र खरगूपुर पर आने वाली आपूर्ति बंद हो गई। जिससे यहां के विशुनापुर व साउथ फीडर, देवतहा व आई पीडीएस फीडरों पर विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। यहां विशुनापुर फीडर पर अचलापुर बरगदही, परसदा, हरिचंदपुर, राजक पुरवा गांव के पास 11 हजार लाइन पर पेड़ गिरने तथा कई खंबे टूट जाने के कारण लगभग सैकड़ो गांवों में 36 घंटे के बाद भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। वहीं नगर पंचायत खरगूपुर में आई पी डी एस फीडर पर 24 घंटे के बाद शनिवार दोपहर विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाई। शनिवार को 11 हजार लाइन पर गिरे पेड़ों को काट कर हटाया गया लेकिन देर शाम तक ग्रामीण फीडरों पर विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। अवर अभियंता लक्ष्मी नारायण यादव ने बताया कि कर्मचारी विद्युत लाइनों पर गिरे पेड़ों को काटकर आपूर्ति बहाल कराने में लगे हैं। शीघ्र विद्युत आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी।

### पोखरा कौड़िया गांव में गिरा ट्रांसफार्मर, बिजली गुल

**रुपईडीह** : पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश व तेज हवाओं के चलने से पोखरा कौड़िया गांव मे 11 हजार लाइन के दो खम्भे व उन पर लगे ट्रांसफार्मर गिर गए। जिससे गांव के लगभग 50 घरों की विद्युत आपूर्ति पिछले 36 घंटो से ठप्प हो गई है। ग्राम प्रधान रिंकू मिश्र ने बताया कि लोगों को अंधेरे मे रहने पर मजबूर होना पड़ रहा है। टूटे हुए दोनों खम्भे व ट्रांसफार्मर बदलवाने की शिकायत विद्युत उपकेंद्र पर की गई है। विद्युत उपकेंद्र आर्यनगर के अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि मौसम सही होने पर शीघ्र ही बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करवाई जाएगी।

### सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ने आयोजित कराई प्रतियोगिता

**गोंडा** : भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के निमित्त विद्यालयों एवं तकनीकी संस्थानों में आत्मनिर्भर भारत विषय पर वाद विवाद, निबंध एवं संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज मैं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एमएलसी अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह ने बेलसर स्थित महाराजा देवी भगत सिंह इंटर कॉलेज मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व में स्थापित हो। इस परिकल्पना को साकार करने हेतु भारत का आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। हमारे युवा पीढ़ी इस कार्य को कर पाने में सक्षम है। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान 2024 को गति प्रदान करते हुए रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए सभी बूथों पर भाजपा द्वारा पार्टी की सदस्यता दिलाने का कार्य भी किया जाएगा। जिन बूथों पर अभी 100 की सदस्यता नहीं हो पाई है उन सभी बूथों पर जिले से पदाधिकारी जनप्रतिनिधि को लगाया गया है।

### गौरव का बोध कराती है हिन्दीः दानिश हसनैन

**गोंडा** : हिन्दी भाषा सिर्फ अभिव्यक्ति का एक माध्यम ही नहीं है बल्कि हिन्दी हमें गौरव का बोध कराती है। हिन्दी भाषा का अपना एक लंबा इतिहास है और इसे बोलने व सुनने पर हमें गर्व की अनुभूति होती है। यह बात हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत अधिवक्ता परिषद द्वारा बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने कही। अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष धन लाल तिवारी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र त्रिपाठी ने इस आयोजन के लिए अधिवक्ता परिषद को बधाई दी।

### सेवा पखवाड़ा के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित

**करनैलगंज** : कन्हैया लाल इण्टर कॉलेज में शनिवार को स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी रहे। कार्यक्रम मे पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें रौनक वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने पेंटिग प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मेजर राजाराम ने सभी अध्यापकों एवं बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है। भारत भूमि हमारी माता है और हम सभी इसके आंचल में पल बढ़ रहे हैं। इसलिए हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम इसे स्वच्छ रखें तथा स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक भी करें।

# स्ट्रेचर नहीं मिला तो पत्नी को गोद में लेकर पहुंचा अस्पताल

**गोंडा, अमृत विचारः** जिले के मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्था एक बार फिर से खुलकर सामने आई है। शुक्रवार को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज आए एक युवक को स्ट्रेचर नहीं मिला तो उसे अपनी बीमार पत्नी को गोद में उठाकर अस्पताल के भीतर ले जाना पड़ा। पत्नी को गोद में उठाए पति की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है इस वीडियो को देखकर लोग मेडिकल कॉलेज की दुर्व्यवस्था पर नाराजगी जता रहे हैं और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के दावे पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने इस पूरे मामले के जांच के आदेश दिए हैं। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस वीडियो को अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर करते हुए सरकार को घेरा है और पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है।

गुरुवार की देर रात से हो रही मूसलाधार बरसात के चलते जिले का स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेज का परिसर जलभराव की चपेट में है। पूरे परिसर में घुटनों तक पानी भरा हुआ है। इसी बरसात के बीच शुक्रवार को सीतारामपुर ग्रांट गांव का रहने वाले घनश्याम अपनी पत्नी मुइदा को लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे थे। पत्नी को भीतर से जाने के लिए उन्होने अस्पताल कर्मियों से स्ट्रेचर मांगा लेकिन उन्हे स्ट्रेचर नहीं दिया गया।

इस पर वह अपनी बीमार पत्नी को गोद मे उठाकर अस्पताल के भीतर ले गए और उनका इलाज कराया। पत्नी को गोद में उठाकर से जाते युवक का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह जलभराव के बीच से गुजरता दिखाई दे रहा है। मेडिकल कालेज कर्मियों की इस लापरवाही पर लोग तरह तरह के सवाल उठा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस वीडियो को अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर करते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। अखिलेश यादव ने मेडिकल कॉलेज को जलमग्न अस्पताल की संज्ञा दी है और भाजपा सरकार को कुशासन के उदाहरण की पोथी बताया है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने ने इस वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पूरे मामले के जांच के आदेश दिए हैं।

### अखिलेश ने किया ट्वीट

▸▸ **वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, प्राचार्य ने दिए जांच के दिए आदेश**




वायरल वीडियो पर पूर्व सीएम अखिलेश यादव द्वारा किया गया ट्वीट। अमृत विचार

# जंगली जानवर ने चार बकरियों को बनाया निवाला

**बालपुर, अमृत विचारः** बालपुर चौकी क्षेत्र बटौरा बख्तावर गांव में अज्ञात जंगली जानवर ने चार बकरियों को अपना निवाला बना लिया जानवर के हमले में तीन अन्य बकरियां भी घायल हुई है। एक नीलगाय भी जंगली जानवर के हमले में घायल मिली है।

गांव निवासी इस्तकार ने बताया की तरह रोज की तरह शुक्रवार को भी उसकी बकरियां छप्पर के नीचे बंधी थी। दोपहर के बाद वह वापस लौटा तो देखा कि बकरियां घायल अवस्था में पड़ी हुई है। उसने तत्काल इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी और पशु चिकित्सक को बुलाकर घायल बकरियों का इलाज कराया, लेकिन शनिवार को उसके चार बकरियों की मौत हो गई जबकि तीन अभी गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं दर्शनपुरवा गांव निवासी नसिर ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 9 बजे उसने किसी जानवर के चीखने की आवाज सुनी। वह टार्च लेकर गन्ने के खेत मे पहुंचा तो देखा तो कोई जंगली जानवर एक नील गाय के बच्चे को नोच रहा था। टार्च की रोशनी पड़ने से पहले जानवर भाग निकला इसलिए उसकी पहचान नहीं हो पायी है। नील गाय के बच्चे को घर लाकर उसने क्षेत्रीय पशु चिकत्सक को बुला कर उसका इलाज कराया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने दोनों गांव में पहुंचकर घटनास्थल की जांच की और ग्रामीणों को सतर्क का रहने की हिदायत दी। गांव के लोगों ने तेंदुए के पैरों के निशान होने की आशंका जताई है। घटना के बाद दोनों गांव में दहशत का माहौल है।

**जंगली जानवर के हमले से बछिया की मौत :** तरबगंज के मोहनपुर गांव में शुक्रवार की रात एक जंगली जानवर ने एक बछिया को निशाना बनाते हुए हमला कर दिया जिससे उसकी ही मौत हो गई। सुबह जानकारी होते ही वन विभाग को सूचना दी गई। भिखारीपुर गांव के मजरा मोहनपुर में बाल्मीक तिवारी के घर के बाहर बंधी बछिया पर शुक्रवार की रात जंगली जानवर ने जानलेवा हमला कर दिया।

**लापरवाही** | बीएसए से मिले शिक्षक, जांच कमेटी पर जानबूझकर पत्रावली लटकाने का आरोप

# परिषद को नहीं भेजी जा सकी 250 शिक्षकों की पुरानी पेंशन पत्रावली

**गोंडा, अमृत विचारः** पुरानी पेंशन पाने के लिए शिक्षकों से मांगी गयी विकल्प पत्र की पत्रावली पर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अडंगा लगा दिया है। जांच अफसरों की शिथिलता से पत्रावली अटकी हुई है और उसे बेसिक शिक्षा परिषद नहीं भेजा जा सका है।

शनिवार को बिशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष आजाद बेग के नेतृत्व में शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की और पत्रावली की जांच के लिए बनाई गई कमेटी पर जानबूझकर विलंब करने का आरोप लगाया। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन पत्रावली परिषद को भेजे जाने की मांग की है। बीएसए ने 2 अक्टूबर के पहले पत्रावली शासन को भेजे जाने का भरोसा दिलाया है।



बीएसए अतुल तिवारी को मांग पत्र देते शिक्षक। अमृत विचार

बिशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष आजाद बेग ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2005 से पहले नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों को पुरानी पेंशन देने कि घोषणा की है।इसके लिए शिक्षको से विकल्प पत्र मांगा गया था। इस अवधि से पहले नियुक्त पाने वाले करीब 250 शिक्षकों ने अपना विकल्प पत्र भरकर बीएसए कार्यालय को उपलब्ध करा दिया था। विकल्प पत्र भरने वाले शिक्षकों में बीटीसी वर्ष 2001, बीटीसी वर्ष 2004, विशिष्ट बीटीसी 2004 व विबीटीसी उर्दू के तहत नियुक्ति पाने वाले शिक्षक शामिल हैं। इसकी जांच के लिए बीएसए की तरफ से तीन खंड शिक्षा अधिकारियों की जांच समिति बनाई गई है। जांच समिति में खंड शिक्षा अधिकारी कोमल यादव रियाज अहमद व उपेंद्र त्रिपाठी को शामिल किया गया है। आजाद बेग का कहना है कि जांच समिति के अधिकारी वर्ष 2004 में भर्ती हुए शिक्षकों से उनके नियुक्ति के संबंध में जारी किए गए विज्ञापन की प्रति मांग रहे हैं, जबकि बीटीसी की भर्ती में नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन जारी करने का नियम नहीं था। प्रशिक्षण के लिए जारी किए गए विज्ञापन को ही नियुक्ति का विज्ञापन माना जाता था, परंतु अधिकारी इसे मानने के लिए तैयार नहीं हैं। जांच टीम के अधिकारियों की मनमानी से शिक्षकों के विकल्प पत्र की पत्रावली अटकी हुई है।

शनिवार को आजाद बाग हुआ संजीव मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी से मुलाकात की और उन्हें स्थिति से अवगत कराया। बीएसए से मिलने वालों में राघवेंद्र प्रताप, अनुपमा सक्सेना हरीश कुमार मिश्रा, विश्वनाथ साहू, जगजीवन राम, पंकज चौधरी व अन्य शामिल रहे।

# आजादी में भगत सिंह का अहम योगदानः प्रमोद

**गोंडा** : महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह की जयंती कांग्रेस भवन में मनाई गई। कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने कहा कि आज जिस आजाद देश में हम सांस ले रहे हैं उसकी आजादी दिलाने में भगत सिंह के अहम भूमिका थी। भगत सिंह सबसे मुखर क्रांतिकारी थे। उन्होंने अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया था। देश आज भी उनका कर्जदार है और सदैव रहेगा। आजादी में बहुत से लोगों ने बलिदान दिया था, लेकिन सबसे अहम योगदान क्रांतिकारियों का था। देश के आजादी में भगत सिंह ने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। प्रवक्ता शिव कुमार दुबे ने कहा कि देश के आजादी में भगत सिंह के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

## एक नजर

### राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष आज करेंगे बैठक

**बहराइच।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष लालमणि कुमार उर्फ लाल बाबू ने शनिवार की शाम सात बजे लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन बहराइच पहुंचकर रात्रि विश्राम किया। वे रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे जिले के समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ तथा अपराह्न दो बजे से बाढ़ खण्ड, पंचायती राज, सिंचाई विभाग, समस्त उप निबन्धक, आबकारी अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, स्वास्थ्य एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ लोनिवि निरीक्षण भवन में बैठक करेंगे।

### दबंग ने नगर पंचायत के वाहन चालक को पीटा

**बहराइच।** रिसिया नगर पंचायत में चालक के पद पर तैनात समीर को एक दबंग ने पीट दिया। थाने में दी गयी तहरीर में समीर ने कहा है कि शनिवार को दिन में 1:30 बजे वह नगर पंचायत के कार्य से टेलीफोन एक्सचेंज के पास गया। यहां पर वाहन साइड में लगाने को लेकर भौखारा निवासी अखंड ने वाहन रोकने को कहा। उसने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### विभिन्न थानों की पुलिस ने 68 आरोपियों को दबोचा

**नानपारा, बहराइच।** डीआईजी एपी सिंह के निर्देश पर जिले में अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। पुलिस ने 68 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें से सबसे अधिक गिरफ्तारी नानपारा कोतवाली पुलिस द्वारा की गई। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक और राजा बाजार चौकी इंचार्ज की टीम ने कोतवाली क्षेत्र के 18 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इन सभी के विरुद्ध न्यायालय ने एनबीडब्ल्यू का वारंट जारी था।

### दिव्यांग बच्चों ने खेलकूद स्पर्धा में लिया भाग

**बहराइच।** शहर में संचालित बाबा सुंदर सिंह बधिर विद्यालय में शनिवार को स्पेशल ओलंपिक भारत की संस्थापिका यूनिस कैनेडी श्रीवर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने इनडोर व आउटडोर खेलों में प्रतिभाग किया। राजेश अग्रवाल ने अपने पौत्र शिवांश का जन्मदिन मनाया और बच्चों को गिफ्ट दिये। कार्यक्रम में राजेश अग्रवाल, विमलेश जायसवाल, गुरविंदर सिंह, कोर्स कोआर्डिनेटर विजय बहादुर गुप्ता, आबदा खातून, सोनी, गीता, रंजना व श्रेया उपस्थित रहीं। विद्यालय प्रबंधिका डॉक्टर बलमीत कौर ने स्पेशल ओलंपिक भारत की संस्थापिका यूनिस कैनेडी शीवर के बारे में बताते हुए बताया कि यूनिस कैंनेडी श्रीवर का भाई मानसिक रूप से दिव्यांग था। उन्होंने उसको खेल के माध्यम से जीवन की गतिविधियों से जोड़ा इसी कारण उन्होंने एक संस्था की शुरुआत की।

# उद्यमियों की समस्याओं का कराएं निस्तारण : डीएम

**उद्योग बंधु की बैठक**

- उद्योग के लिए आए 1801 आवेदन पत्रों में से 112 निरस्त
- ऋण वितरण के लंबित आवेदनों को बैंकों से करायें स्वीकृत

संवाददाता, बहराइच



उद्योग बंधु की बैठक को संबोधित करतीं जिलाधिकारी मोनिका रानी।

**अमृत विचार।** उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एमओयू क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की समस्याओं का निस्तारण करवाने के निर्देश दिए।

बैठक का संचालन करते हुए उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि 1 अप्रैल से 28 सितम्बर तक कुल 1801 आवेदन-पत्र प्राप्त हुए जिसके सापेक्ष 1618 स्वीकृत, 112 निरस्त एवं 30 आवेदन पत्र प्रक्रियाधीन तथा 41 आवेदन-पत्र समयान्तर्गत लम्बित हैं। धारा 80 से सम्बन्धित प्रकरणों की जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान में सदर तहसील में 06, महसी व मिहींपुरवा में 03, पयागपुर में 01 तथा 03 में तहसील का उल्लेख नहीं है। डीएम ने निर्देश दिया सम्बन्धित तहसीलों के एसडीएम से समन्वय कर प्रकरणों का निस्तारण कराया जाय।

एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा में पशुपालन, डेयरी, सहकारिता, वन एवं उद्यान विभागों से सम्बन्धित अधिक प्रकरण लम्बित होने पर डीएम ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि एमओयू के लम्बित प्रकरणों के सम्बन्ध में प्रत्येक 15 दिन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर एमओयू का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाए। उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोज़गार योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना व ओडीओपी वित पोषण योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने उपायुक्त को निर्देश दिया कि जो आवेदन-पत्र बैंकों द्वारा स्वीकृत कर दिये गये हैं, उनमें समय से प्रयास कर ऋृण वितरण की कार्यवाही पूर्ण करायें ताकि लाभार्थी अपना रोज़गार शुरू कर सकें। इसके अलावा सम्बन्धित बैंकों से समन्वय कर लम्बित आवेदनों का निस्तारण भी कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीवीओ डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, उद्यमी बृजमोहन मातनहेलिया, अशोक मातनहेलिया, अमित कुमार मित्तल, विजय केडिया, सुनील केडिया, मनीष मल्होत्रा, कालिका प्रसाद गुप्ता, रत्नाकर सिंह, प्रमोद कुमार जाधव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**न्यायालय का है स्थगन आदेश**

बैठक में व्यापारियों ने पुलिस लाइन रोड पर रेलवे क्रासिंग के पास जल निकासी की समस्या के समाधान की मांग की। इस सम्बन्ध में ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि इस मामले में न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित किया गया है।

# सियार ने श्रमिक पर किया हमला

## लोगों ने सियार को पीटकर मार डाला, नेवादा में भेड़िया समझ ग्रामीणों ने मारा

संवाददाता, जरवल, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के चिलवा गांव में निर्माणाधीन पानी टंकी में काम करने वाले श्रमिक पर शनिवार सुबह एक सियार ने हमला कर घायल कर दिया। इससे नाराज लोगों ने सियार को पीटकर मार डाला। सूचना वन विभाग को दी गई। उधर नेवादा गांव में भी लोगों ने सियार को मार डाला।

जिले में भेड़िया की दहशत में लोग सियार की जान ले रहे हैं। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के चिलवा गांव में पानी टंकी का निर्माण हो रहा है। इसमें क्षेत्र के अंगदपुर बदायूं गांव निवासी मैनेजर प्रसाद (32) पुत्र राजा चंद्र श्रमिक का काम करता है। शनिवार सुबह वह काम करने के लिए जा रहा था। तभी गन्ने के खेत से निकले सियार ने हमला कर उसे घायल कर दिया। श्रमिक के शोर मचाने पर आसपास के अन्य मजदूर और गांव के लोग दौड़े। सभी ने सियार को पीटकर मार डाला। वहीं घायल श्रमिक को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी रेंज कार्यालय में दी गई है। उधर खैरीघाट थाना क्षेत्र के नेवादा कस्बाती गांव में भेड़िया के चक्कर में लोगों ने सियार को पीट पीट कर मार डाला।

### अखिलेश ने किया ट्वीट-भेड़िये की समस्या को नकारना भी एक समस्या है

**बहराइच, अमृत विचार।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जिले में हो रहे भेड़िये के हमले पर ट्वीट कर भाजपा सरकार पर हमला किया है। उनका कहना है कि भेड़िये की समस्या को नकारना भी एक समस्या है। जिले के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िया हमला कर रहा है। दो सप्ताह बाद हमला रुकने के बाद गुरुवार रात भेड़िया ने पुन: दो बालकों पर हमला कर दिया था। जिसमें दोनों घायल हुए थे। लेकिन वन विभाग ने भेड़िया के हमले से इंकार कर दिया है। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह के मुताबिक दोनों हमले कुत्ते या सियार के हैं। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी ट्वीट कर सरकार पर हमला बोला है। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा है कि प्रशासन द्वारा भेड़िये की समस्या को नकारना भी एक समस्या है। अब तो कहानी में सुनते आए थे कि भेड़िया आया, भेड़िया आया का झूठ फैलाया जाता है। अब सच में भेड़िया आ रहा है तो प्रशासन उल्टी कहानी सुना रहा है और कह रहा है कि भेड़िया नहीं आया, भेड़िया नहीं आया। यह ट्वीट जिले में वायरल हो रहा है।



Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh
Follow
प्रशासन द्वारा 'भेड़िये की समस्या' को नकारना भी एक समस्या है। अब तक तो कहानी में सुनते आये थे कि 'भेड़िया आया-भेड़िया आया' का झूठ फैलाया जाता है, अब सच में भेड़िया आ रहा है तो प्रशासन उल्टी कहानी सुना रहा है कि ये झूठ है और कह रहा है 'भेड़िया नहीं आया-भेड़िया नहीं आया'।

अखिलेश ने किया ट्वीट।

### संविदा कर्मचारियों की पूरी की जाएं मांगें

**बहराइच, अमृत विचार।** संविदा कर्मचारी एकता संघ के बैनर तले शनिवार को रोडवेज कर्मचारियों का सम्मेलन आयोजित हुआ। सभी ने मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। संविदा कर्मचारी एकता संघ का प्रांतीय संविदा कर्मचारी सम्मेलन और धरना प्रदर्शन शनिवार को आयोजित हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष पवन शुक्ला के निर्देशन में आयोजित सम्मेलन और धरना में काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे। संघ के महामंत्री संतोष मिश्रा ने कहा कि संविदा कर्मचारियों की मांगों को अधिकारी पूरा करें। समस्याओं का समाधान न होने पर जिले से लेकर मंडल और प्रदेश स्तर के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस दौरान काफी संख्या में रोडवेज के संविदा कर्मचारी सम्मेलन में मौजूद रहे।

# बच्चों की क्षमता पहचानें शिक्षक

विशेश्वरगंज, बहराइच



ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र विशेश्वरगंज में बुनियादी भाषा एवं गणित विषय पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण के चतुर्थ बैच के समापन दिवस पर शिक्षकों को बच्चों की क्षमताओं को पहचानने और उनके व्यक्तित्व विकास को प्रेरित किया गया।

बीईओ कमलेश मिश्र ने शिक्षकों को अपने ब्लॉक को जल्द से जल्द निपुण बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों को क्लास ट्रांसफार्मेशन और सभी विभागीय कार्यों को समय पर पूरा करने पर जोर दिया, ताकि ब्लॉक को सर्वोच्च स्थान पर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को नए-नए तरीकों से बच्चों को पढ़ाने के प्रयास करने चाहिए ताकि बच्चों का समग्र विकास हो सके। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों की विभागीय कार्यों में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा की और उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख संदर्भदाता रमेश पाठक, संतोष कुमार सिंह, विवेक विक्रम सिंह समेत अन्य शिक्षकों जैसे अशोक त्रिपाठी, शैलेंद्र कुमार मिश्र, निर्मल भारती, पूजा शुक्ला, दलसिंगार, विपुल श्रीवास्तव, पंकज तिवारी, पवन तिवारी और जमालुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

# गांधी जयंती पर सम्मानित किये जाएंगे पुलिसकर्मी

रूपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार।** दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति द्वारा थाना रूपईडीहा में सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

अपराध निरोधक समिति की बहराइच इकाई द्वारा रूपईडीहा थाना प्रांगण में दो अक्टूबर को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह शामिल होंगे। इसमें रूपईडीहा थाने के कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया जायेगा। इसके लिए सदस्यों ने सीओ से मुलाकात की। इस अवसर क्षेत्राधिकारी से मुलाकात करने वाली टीम में समिति के जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कशौधन,जिला सचिव एवं जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य,जिला उपसचिव विनोद कुशवाहा,उपाध्यक्ष नगर पंचायत रूपईडीहा इरशाद हुसैन, संयोजक आदर्श नगर पालिका नानपारा राजेश शर्मा आदि शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समिति के सदस्य बने डॉ. आनंद गोंड



सांसद से भेंट करते ग्राम प्रधान।

**बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार।** बहराइच सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समिति का सदस्य बनाया गया है। इससे लोगों में खुशी है। सांसद डॉ आनंद गोंड को विगत दिवस में भारत सरकार ने विज्ञानं एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के संसदीय समिति का सदस्य नामित किया गया है। इस पर लोगों ने उन्हें बधाई दी। नवाबगंज के ग्राम प्रधान अतुल सिंह ने आवास पहुंचकर सांसद को पुष्प गुच्छ देकर बाधाई दी। प्रधान ने नवाबगंज क्षेत्र से जुड़े विकास कार्य पर चर्चा की।इस दौरान श्री गोंड द्वारा आश्वासन दिया गया कि क्षेत्र से जुड़ी समस्याओ को लेकर कार्य कर रहा हूं। सरकार लगातार विकास को गति दे रही है। सदस्य बनने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द वर्मा, विनोद गिरि, जीतेन्द्र शर्मा, वैभव सिंह विशेन, विपुल सिंह,आलोक वर्मा, श्रवण कुमार ने हर्ष जताया है।

### अधिवक्ताओं ने एमएलसी को सौंपा मांगों का ज्ञापन



विधान परिषद सदस्य को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** कैसरगंज तहसील में मुंसिफ न्यायालय की स्थापना को लेकर अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने कैसरगंज में एमएलसी पदमसेन चौधरी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपा। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेश प्रसाद मिश्र ने बताया कि अधिवक्ता विगत तीन दशक से मुंसिफ न्यायालय की स्थापना की मांग को लेकर संघर्षरत हैं । लेकिन अब तक सार्थक परिणाम नहीं निकल सका है। पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्रा एडवोकेट ने बताया कि जनपद स्तर पर कैसरगंज मुसिंफ न्यायालय के नाम से कोर्ट संचालित है उसे सिर्फ यहां स्थानांतरित किए जाने की आवश्यकता है। अगर यह कोर्ट यहां स्थानांतरित हो जाए तो हजारों वादकारियों को जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे तथा लोगों का धन एवं समय दोनों बचेगा। एमएलसी श्री चौधरी ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही वह इसके लिए सार्थक प्रयास करेंगे। मुंसिफ न्यायालय की यहां स्थापना हो सके इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, महामंत्री ज्ञान बाबू वर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### तालाब में तब्दील हुआ नीम-निहारा संपर्क मार्ग



मार्ग पर भरा पानी और आवागमन करते लोग।

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार।** नवाबगंज विकास क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज से नीम निहारा जाने वाली सम्पर्क मार्ग बदहाली का शिकार हो गई है। दो दशक पूर्व बनाई गई सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे सड़क की गिट्टियां उखड़ गयी हैं। सड़क गड्ढों में तब्दील हो गयी है । वहीं बरसात होने से सड़क पर जगह–जगह सड़क तालाब में तब्दील हो गई है । सड़क पर कीचड़ व जलभराव से पैदल व वाहन चालकन फिसलकर गिर जाते हैं। सड़क पर गड्ढे व गिट्टियों के उखड़ जाने से लोगों का राह चलना भी मुश्किल हो रहा है तो वहीं बारिश के चलते कीचड़ व जलभराव होने से इस मार्ग से पैदल व वाहन से आने जाने वाले यात्रियों को असुविधा हो रही है। इस मार्ग से प्रतिदिन पैदल व वाहनों से हजारों लोगों का आवागमन होता है। ग्रामीणों द्वारा कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों से सड़क मरम्मत की मांग की जा चुकी है लेकिन इस समस्या का समाधान आज तक नहीं हो सका है। वहीं विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने पर बताया जाता है कि इसके लिए जब बजट आएगा तब कार्य किया जाएगा।

### एकमुश्त विनियमन शुल्क जमा करें ईंट भट्ठा स्वामी

**बहराइच,अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ईट–भट्ठा सत्र 2023–24 के लि विनियमन शुल्क 1 अक्टूबर 2023 से 30 सितम्बर 2024 तक निर्धारित किया गया था। जबकि 1 अक्टूबर 2024 से ईट भट्ठा सत्र 2024–25 प्रारम्भ होगा। श्री रंजन ने ईंट भट्ठा स्वामियों को सुझाव दिया है कि ईंट भट्ठा सत्र 2024–25 हेतु पायों के हिसाब से एकमुश्त विनियमन शुल्क, पलोथन शुल्क व आवेदन शुल्क जमा करने के पश्चात ही ईंट पथाई, मिट्टी खनन अथवा ईंट भट्ठे का संचालन प्रारम्भ किया जाय। एडीएम ने भट्ठा स्वामियों को यह भी सुझाव दिया है कि ईंट भट्ठों पर संचालित होने वाले ट्रैक्टर–ट्राली व अन्य वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगवाया जाए। उन्होंने भट्ठा स्वामियों को सचेत किया कि किसी भी दशा में विनियमन शुल्क, पलोथन शुल्क व आवेदन शुल्क की धनराशि जमा किये बिना ईंट पथाई, मिट्टी खनन अथवा ईंट–भट्ठे का संचालन न किया जायें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

### प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



फखरपुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**फखरपुर, बहराइच,अमृत विचार।** विकसित भारत सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत चौधरी सियाराम इंटर कॉलेज फखरपुर में छात्रों के बीच निबंध, कला पेंटिंग और संभाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैसरगंज विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी गौरव वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के मानसिक विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने प्रतियोगिताओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये छात्रों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं। अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाउपाध्यक्ष एवं कैसरगंज विधान सभा संयोजक सुवेद वर्मा ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने निबंध में समाज और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कला पेंटिंग में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई, जबकि संभाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने संवाद कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंत में सभी अतिथियों ने प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार वितरित किया, जिससे उनके उत्साह में वृद्धि हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेन्द्र शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख रणवीर सिंह (मुन्ना भैया), मंडल महामंत्री डॉ. मान सिंह, सतीश शुक्ला, अभिषेक अवस्थी, रोहित अवस्थी, विक्रम लाल वर्मा और सतीश गुप्ता मौजूद रहे।

# बारिश ने किसानों की फसल को किया चौपट

पयागपुर, बहराइच



बारिश के कारण गिरी धान की फसल।

**अमृत विचार।** जिले में गुरुवार से मौसम में हुए बदलाव के कारण हुई तेज हवा के साथ बरसात ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

पयागपुर तहसील क्षेत्र के हंसुवापारा अमदापुर के किसान ओमप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि उनकी 65 बीघे धान की फसल जो अब पकने की कगार पर थी, गुरुवार से तेज हवा के साथ शुरू हुई बरसात के कारण पूरी तरह से जमीन में लोट गई है। पैड़ी कल्हवापुर निवासी किसान राधे पाण्डेय,बलई, मलखान दीक्षित आदि ने बताया कि हवा के कारण लगभग दो हेक्टेयर धान की फसल जमींदोज हो गई है। इन कृषकों का कहना है कि बरसात से फसलों को जहां राहत मिली थी वहीं तेज हवा ने फसलों को पूरी तरह से चौपट कर दिया है। कंजेभरिया निवासी प्रगतिशील किसान यज्ञ राम सिंह ने बताया कि उनकी लगभग 45 बीघे धान की फसल बर्बाद होने के कगार पर है। बरसात के साथ हवा का यह रुख इसी तरह जारी रहा तो उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

# सुरक्षित गर्भ समापन सेवाओं पर जोर

संवाददाता, बहराइच



मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते सीएमओ।

**अमृत विचार।** जनपद में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भसमापन दिवस के अवसर पर सीएमओ डॉ. संजय शर्मा की अध्यक्षता में सीएमओ सभागार में बैठक हुई। इसमें महिलाओं को सुरक्षित गर्भसमापन सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। सीएमओ ने असुरक्षित गर्भ समापन के खतरों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा "घर पर असुरक्षित गर्भसमापन से महिलाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। सीएमओ ने कहा कि कुछ विशेष परिस्थितियों में गर्भसमापन की सेवाएं 24 सप्ताह तक दी जा सकती हैं। इन परिस्थितियों में यौन उत्पीड़न, दुष्कर्म, नाबालिग होना, गर्भावस्था के दौरान तलाक या विधवापन, शारीरिक अक्षमताओं वाली महिलाएं, मानसिक रूप से रुग्ण महिलाएं, भ्रूणीय विकृति, और मानवीय आपदाएं या आकस्मिक परिस्थितियां शामिल हैं। एसीएमओ डॉ. संतोष राना ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गर्भपात के बाद परिवार नियोजन साधनों की जानकारी दी और सभी स्वास्थ्य इकाईयों पर सुरक्षित गर्भसमापन सेवाओं के लिए परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं को सामुदायिक बैठकों और गृह भ्रमण के दौरान महिलाओं को सुरक्षित गर्भसमापन सेवाओं के बारे में जागरूक करने पर जोर दिया गया। डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य इकाईयों पर गर्भसमापन सेवाओं की निःशुल्क उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य व जीवन दोनों के लिए घातक है नशा

**बाबागंज, बहराइच।** मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अभियान नशा मुक्त हो बहराइच अपना के अंतर्गत आज बाबागंज के हाजी युसूफ इंटर कालेज में नशा उन्मूलन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रस्ट के डायरेक्टर एसपी सिंह ने कहा कि नशा समाज के लिए बहुत ही घातक है आज का युवा जानकारी के अभाव में तंबाकू उत्पाद को अपनाकर बीमारी से ग्रसित हो रहा है तंबाकू के सेवन से उक्त रक्तचाप की समस्या अधिक उत्पन्न हो रही है तंबाकू को छोड़ने के लिए टोल फ्री नंबर 1800112356 पर बात कर काउंसलिंग कर सकते हैं इसके साथ ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों को धूम्रपान एवं तंबाकू उत्पाद का सेवन न करने एवं बच्चों को इससे दूरी बनाए रखने की शपथ दिलाई।

### वन्यजीव सप्ताह के तहत होंगे कार्यक्रम

**बहराइच, अमृत विचार।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के तत्वावधान में 1 से 7 अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह के तहत जन जागरूकता कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रभागीय वनाधिकारी बी. शिव शंकर ने बताया कि 1 अक्टूबर को मोगली स्कूल मोतीपुर एवं एसपीवीपी इण्टर कालेज सेमरहना के विद्यार्थियों के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता एवं जागरूकता गोष्ठी एवं राजकीय हाथी जलमाला व चम्पाकली हेतु फल महाभोज का आयोजन होगा। 2 अक्टूबर को उर्रा जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में सर्प के संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम तथा मानव-वन्य जीव संघर्ष को कम करने विषयक गोष्ठी होगी।

# पुत्र ने गला दबाकर की मां की हत्या

खैरीघाट, बहराइच

**अमृत विचार।** जनपद के धनावा गांव निवासी एक महिला को उसके पुत्र पर ही गला दबाकर हत्या का आरोप लगा है। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनावा गांव निवासी रंगी लाल के तीन बेटे हैं। इस समय परिवार में कुछ विवाद चल रहा है। जिसके चलते दो बेटे बाहर मजदूरी के लिए चले गए हैं। वहीं बड़ा बेटा जय करन घर पर रहता है। जय करन से शुक्रवार रात को मां गुलाबा देवी (75) कुछ विवाद हुआ। गांव के लोगों का कहना है कि पारिवारिक विवाद में बेटे ने रात 12 बजे मां का गला दबा दिया। कुछ ही देर में महिला की मौत हो गई। पति रंगी लाल अपनी पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। रंगी लाल ने पुलिस को सूचना दी। रंगी लाल का कहना है कि बेटे ने पत्नी को मार डाला है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह साथ मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# फखरपुर में चार हत्याओं को अंजाम दे मुंबई भाग गए थे आरोपी

- मुंबई की महिला और उसके चार बच्चों की हत्या का मामला

संवाददाता, बहराइच



आरोपियों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में मां और उसके तीन बच्चों की हत्या आरोपियों ने शातिराना अंदाज में की थी। हत्या करने के बाद सभी मुंबई चले गए थे। मुंबई से जिले की पुलिस टीम उन्हें पकड़कर लेकर आई थी। जिन तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा था। उसमें से दो आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई है।

मुंबई के मुंब्रा निवासी मेरी कात्यान और उसके तीन बच्चों की वर्ष 2021 में जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हत्या कर शव फेंक दिया गया था। फखरपुर थाना में 10 सितंबर 2021 को हत्या हुई। जबकि 12 सितंबर को हत्या के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया था। तत्कालीन एसओजी प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि मैरी कात्यान, पुत्री रजाती (11), पुत्र जोसेफ (7) और सौंदर्या (4) को प्रेम जाल में फंसाकर उसे लखनऊ लाया । इसके बाद जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र में स्थित एक ढाबा पर मां और छोटी बेटी को आरोपी ननकू ने रोका था। इसके बाद दूसरा आरोपी सलमान दो बच्चों को लेकर तेलियनपुरवा लेकर आया था। यहां पर दो बच्चों की हत्या कर दी थी। इसके बाद उसके मां और एक और बच्चे को बुलाकर दोनों ने हत्या की थी। मुकेश सिंह ने बताया कि चार हत्या करने के बाद सभी पुनः मुंबई चले गए थे। इस बार तीनों आरोपी बहराइच से लखनऊ गए थे। इसके बाद कानपुर, सूरत होते हुए मुंबई रोडवेज बस से पहुंचे। उन्होंने बताया कि मौजूदा टीम के सर्विलांस प्रभारी निखिल श्रीवास्तव और नानपारा कोतवाल संजय सिंह भी साथ में मुंबई गए थे। वहां से नाबालिग समेत तीन आरोपियों को लेकर फखरपुर थाने की पुलिस को सौंप दिया गया था। जिसमें तत्कालीन विवेचना अधिकारी सीओ कमलेश सिंह और फखरपुर थाने की पुलिस की पैरवी के चलते कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हुई। इसके बाद शुक्रवार को सुनवाई के बाद एएसजे प्रथम न्यायालय के न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा ने ननकू और सलमान को फांसी की सजा सुनाई है। नाबालिग का ट्रायल चल रहा है। तत्कालीन एसओजी प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि सभी अपराधी लखनऊ के होटल में रुके थे।

### लहसुन खरीदने के बहाने एसओजी ने दबोचा था

तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह के निर्देश पर बहराइच से एसओजी प्रभारी मुकेश सिंह, सर्विलांस टीम के निखिल श्रीवास्तव और तत्कालीन नानपारा कोतवाल संजय कुमार सिंह मुंबई पहुंचे। जांच के दौरान पता चला कि तीनों एक सब्जी मंडी में सब्जी बिक्री करने का काम करते थे। दिन में रेकी की गई। इसके बाद स्थानीय पुलिस की मदद से सादे वर्दी में एक किलो लहसुन खरीदने के बहाने तीनों को पकड़ा गया था। इसके सभी को जिले के फखरपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के सुपुर्द किया गया था।


पचपेड़वा थाना क्षेत्र में सड़क पर बह रहे बाढ़ के पानी के बीच से गुजरते ग्रामीण। अमृत विचार


रमगढ़िया गांव में भरा पहाड़ी नाले की बाढ़ का पानी। अमृत विचार

# लगातार हो रही बारिश से कई पहाड़ी नाले उफान पर

## कई गांवों में घुसा पानी ,सड़कों पर जलभराव होने से आवागमन में परेशानी , फिर बढ़ने लगा राप्ती का जलस्तर , प्रशासन हुआ अलर्ट

संवाददाता,पचपेडवा/बलरामपुर

**अमृत विचार :** दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से कई पहाड़ी नाले उफना गए हैं। नेपाल से पानी छोड़े जाने के कारण राप्ती नदी के जलस्तर में फिर वृद्धि होने लगी है। नदी का जलस्तर बढ़ने से जिले में एक बार फिर बाढ़ की संभावना बढ़ गई है। कोहरगड्डी जलाशय का पानी विशुनपुर विश्राम डिप पर भर गया है। दर्जनों गांवों का आवागमन प्रभावित है।

नेपाल सीमा से सटे कोहरगडडी जलाशय से बारिश का पानी विशुनपुर विश्राम डिप पर पानी भर गया है। पानी किसानो के खेतो में घुस रहा है। पानी से खेतों में खड़ी धान की फसल को व्यापक नुकसान होने की संभावना है। पानी के कारण विशुनपुर विश्राम, भगवानपुर कोडर, भुसहर पुरई, भुसहर उंचवा, चंदनपुर, समेत दर्जनों गांवों का आवागमन प्रभावित हो गया है। वहीं क्षेत्र में सैकड़ों किसानों की धान का फसल पानी भरने से नुकसान हो रही है। सोनही पहाड़ी नाले में आई बाढ़ से खाखादेई ग्राम पंचायत संपर्क मार्ग डिप पर दो फीट पानी बहने से लोगों को आवागमन काफी परेशानी हो रही है। खादर क्षेत्र मधवानगर खादर, इमलिया खादर,पिपरिहा जमुनी,पजोहा,नरचहवा,बरगदहा, मल्दा,लैबुडवा समेत दर्जनों गांवों का संपर्क मार्ग पर पानी बाढ़ का पानी बहने से खतरनाक हो गया है। महाराजगंज तराई थाना क्षेत्र के खरझार पहाड़ी नाले में आई बाढ़ के चलते रमगढ़िया गांव में बाढ़ का पानी भर गया है। हरिया तथा ललिया थाना क्षेत्र में गौरिया और हेंगहा पहाड़ी नाले भी उफान पर हैं कई गांव के किसान बाढ़ के चलते प्रभावित हो रहे हैं। किसान मंसाराम, रामसंवारे, इश्तियाक अहमद, ननकू, चिनके व राम अवतार आदि ने बताया कि तेज हवा और बारिश के चलते पहले ही धान की फसल खेतों में लोटपोट हो गई है। ऊपर से बाढ़ का पानी भरने के कारण फसल के सड़ने की संभावना काफी बढ़ गई है। यही नहीं पहाड़ी नालों के चलते कई गांवों पर कटान का खतरा भी मंडराने लगा है।

विगत दो दिनों से जनपद में हो रही बारिश एवं नेपाल राष्ट्र से राप्ती नदी में पानी छोड़े जाने के कारण राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। वर्तमान में राप्ती नदी का जल स्तर चेतावनी बिन्दु 103.620 मी0 से 0.96 सेमी नीचे( 102.660मी0 ) पर है। राप्ती नदी का जलस्तर कल तक और बढ़ने की संभावना है। वर्तमान में बाढ़ की स्थिति नहीं है।सतर्कता के दृष्टिगत राजस्व, पुलिस, मेडिकल, बाढ़ खण्ड की टीमें एलर्ट कर दिया गया है, तटबंधो की सतत निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा बाढ़ राहत एवं बचाव से संबंधित सभी विभागीय अधिकारी तैयारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। राहत एवं बचाव के लिए जनपद में एक टीम फ्लड पीएसी-15 जवान एवं 3 हवलदार 2 मोटबोट्स के साथ तैनात हैं तथा राहत एवं बचाव कार्य के लिए पर्याप्त नावें तथा मोटर बोट्स उपलब्ध हैं।

### दूसरे दिन भी बाधित रही सैकड़ों गांवों की बिजली

**अमृत विचार :** तेज हवा और बारिश के चलते सैकड़ों गांव की विद्युत आपूर्ति शनिवार को भी बहाल नहीं हो सकी। जगह-जगह बिजली के खंभों और तारों पर पेड़ गिरने के कारण आपूर्ति बहाल करने में विभागीय कर्मियों को खासी मसक्कत झेलनी पड़ रही है। एक अनुमान के मुताबिक लगातार दूसरे दिन भी करीब 240 गांवों में अंधेरा छाया हुआ है। विभागीय अफसरों का कहना है कि विद्युत आपूर्ति बहाल करने में मौसम खराब होने के कारण काफी परेशानी हो रही है। मौसम ठीक होते ही अतिशीघ्र विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### आपदा कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर जारी

**अमृत विचार :** इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं के स्वास्थ्य विभाग की 32 मेडिकल टीमें गठित हैं। 32 बाढ़ चौकियां एवं 19 बाढ़ शरणालय बनाये गये हैं। सभी बाढ़ चौकियों को सक्रिय हैं। इसके साथ ही जनपद स्तरीय बाढ़ आपदा कन्ट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय है तथा हेल्पलाइन नंबर-9170277336, 8960010336, 05263-236250 संचालित हैं। इसके अलावा तहसील बलरामपुर का कंट्रोल रूम नंबर-05263-234024, तहसील तुलसीपुर का कंट्रोल रूम नंबर-9400696224, तहसील उतरौला के कंट्रोल रूम नंबर-7991441311, 9454416061 संचालित है। तटबंधों की सुरक्षा एवं कटान से संबंधित सूचनाओं के लिए बाढ़ खण्ड बलरामपुर का हेल्प लाइन नंबर 05263-232283 अथवा 7706881121 तथा सीएमओ ऑफिस का कंट्रोल रूम नंबर-7704995639 एवं 9838616121 है। इसके अलावा एम्बुलेंस सेवा 108 कॉल पर सम्पर्क कर मदद ली जा सकती है।

# पचपेड़वा नगर बना तालाब सड़कों व मोहल्लों में भरा पानी

संवाददाता, पचपेड़वा, बलरामपुर

**अमृत विचारः** नगर पंचायत पचपेड़वा में लगातार हो रही बारिश के कारण विभिन्न वार्डों में जल भराव हो गया है। जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण लोग परेशान है।नगर तालाब मे तब्दील हुआ दिख रहा है। पचपेडवा नगर पंचायत वार्ड संख्या 12 रामलीला मैदान में जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी अनिल कुमार गुप्ता, राधा देवी, तारा देवी, बृजेंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार ,अनिल कुमार कौशल, सुनील कुमार, रिया देवी , आदि लोगो के घरों में पानी भर गया है। वार्ड वासियों ने बताया कि जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण जल भराव से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। नगर पंचायत में शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोई कर्मचारी वार्ड में नहीं पहुंचा है। इस संबंध में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि जल भराव की सूचना मिली है जल निकासी के लिए कर्मचारियों को भेजा जा रहा है।


पचपेड़वा नगर में बारिश के कारण हुआ जल भराव

# अवनीश अवस्थी से अमिताभ ठाकुर ने माफी मांगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर व उनकी पत्नी डॉ. नूतन ठाकुर ने शनिवार को रिटायर्ड आईएएस व मुख्यमंत्री के प्रशासनिक सलाहकार अवनीश अवस्थी को अलग-अलग पत्र भेजकर उनके संबंध में की गई अपनी पोस्ट पर माफी मांग ली।

अवनीश अवस्थी ने अमिताभ ठाकुर व नूतन ठाकुर को भेजे अलग-अलग कानूनी नोटिस में कहा था कि उनका उस पोस्ट में अंकित प्रकरण से कोई संबंध नहीं है, जिसमें उनके संबंध में गलत व भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। इस पर अमिताभ व उनकी पत्नी ने अपनी पुरानी 'एक्स' पोस्ट को 'डिलीट' कर दिया, साथ हीनई पोस्ट के जरिये कहा कि वह पूर्व पोस्ट से उन्हें हुई पीड़ा के लिए सार्वजनिक तौर पर क्षमा मांगते हैं।

# ओडिशा सड़क हादसे में जिले के दो लोगों की मौत

## बालासोर थाना के जलेश्वर में हुईं दुर्घटना , बस में बलरामपुर के 11 श्रद्धालु थे सवार

संवाददाता, संवागौरा चौराहा

**बलरामपुर, अमृत विचारः** जिले के श्रद्धालुओं भरी एक बस ओडिशा के जनपद बालासोर थाना जलेश्वर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें बलरामपुर जिले के दो लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। स्थानीय जिला तथा पुलिस प्रशासन मृतकों के परिजनों की मदद में जुट गया है ।

मिली जानकारी के अनुसार बस संख्या यूपी 51 एटी 6297 डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर से ओडिशा के विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा करके लौट रही थी।

बस में जनपद बलरामपुर के 11 व्यक्ति मौजूद थे। इस दुर्घटना में राजेश कुमार मिश्रा निवासी पिपरा और कमला देवी निवासी बेलहसा थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर की मृत्यु हो गई।


राजेश मिश्रा (फाइल फोटो)।


कमला देवी (फाइल फोटो)।

मुला यादव व शांति यादव निवासी मिश्रौलिया, कपूर सिंह व हेमलता सिंह निवासी बीरपुर पोखरा, तुषार मिश्रा निवासी पिपरा,विट्टा देवी व रामप्रसाद यादव निवासी भगवतपुर भगोहर, संजीवन यादव निवासी साहियापुर, पुद्दन यादव निवासी बेलहसा सभी थाना गौरा चौराहा और बुधई लाल गुप्ता निवासी आदमतारा थाना पचपेड़वा घायल हुए हैं। यह जानकारी ओडिशा प्रांत के थाना जलेश्वर के उपनिरीक्षक चिरंजीव राउत ने दी है। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के घरों में कोहराम मच गया है परिजन घटनास्थल के लिए रवाना हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि मृतक एजेंट राजेश कुमार मिश्रा ने ही लोगों को तीर्थ यात्रा के लिए बुकिंग की थी। घटना में एजेंट की भी मौत होने से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। स्थानीय जिला प्रशासन में पीड़ितों की हर संभव मदद कर रहा है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने अधिकारियों को मृतकों तथा घायलों के परिजनों से मुलाकात करने के लिए भेजा है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि मृतकों तथा घायलों के परिजनों को सभी आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध करा दी गई है। पुलिस द्वारा उनकी हर संभव मदद की जा रही है।

### पूर्व सांसद ने ओडिशा के वरिष्ठ नेता से किया संपर्क

अमृत विचार : पूर्व सांसद ददन मिश्र घटना के बाद उड़ीसा के वरिष्ठ नेता व सांसद रहे वैजयंत जय पाण्डा से सम्पर्क साधा। पूर्व सांसद ने बताया कि मृतकों के शव को वापस भेजने एवं घायलों के समुचित इलाज के सन्दर्भ में वार्ता की गई है। बताया कि वैजयंत जय पाण्डा घायलों की मदद में लगे हुए हैं। शवों को वापस भेजने की व्यवस्था व सम्बन्धित जिला प्रशासन से वार्ता कर रहे हैं। बताया कि उन्होंने आश्वासन दिया है कि घायलों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाएगी। उनकी हर संभव मदद की जाएगी।

# जागरूकता से ही होगा साइबर अपराध से बचाव

**बलरामपुर, अमृत विचारः** एम एलके पीजी कॉलेज के आईक्यूएसी और बीसीए विभाग ने संयुक्त रूप से साइबर अपराध-भारत में मुद्दे, चुनौतियां और सुरक्षा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पुलिस के सलाहकार और साइबर एक्सपर्ट राहुल मिश्र ने किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता और जानकारी के अभाव में लोग साइबर अपराध के शिकार हो रहे हैं। अध्यक्ष एसबीआई बैंक के मुख्य प्रबंधक अनूप रंजन ने कहा कि अपनों पर विश्वास रखने से मनोवैज्ञानिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है और साइबर अपराध से बचाव में मदद मिल सकती है। संगोष्ठी में जम्मू विवि के असिस्टेंट प्रो. डॉ. नीरज कुमार, बस्ती के डॉ. अश्वनी श्रीवास्तव, लखनऊ के डॉ शशांक शेखर और विनीत गुप्ता ने साइबर अपराध के चुनौतियों और सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए।

## सार-संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से आउटसोर्सिंग कर्मी की मौत

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** नगरपालिका के रैन बसेरा में शटर खोलने के दौरान आई विद्युत प्रवाह से आउटसोर्सिंग सफाईकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। उतरौला नगर पालिका में आउटसोर्सिंग कंपनी के जरिए तैनात चमरूपुर निवासी सफाई कर्मी सुरेश पुत्र कमलेश शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे रैन बसेरे का शटर खोलने लगा ।शटर में विद्युत करंट प्रभावित हो रहा था सुरेश करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। सुरेश की ड्यूटी रैन बसेरे पर ही लगाई गई थी। जहां कुछ कमरों का उपयोग गोदाम के रूप में भी किया जाता है। प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### आज 6 घंटे बाधित रहेगी बिजली आर्पूित

**बलरामपुर, अमृत विचार ।** विद्युत विभाग द्वारा 132 केवी विद्युत उपकेंद्र बलरामपुर में अनुरक्षण कार्य किया जाएगा, जिस कारण कई इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। कटौती सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा । रविवार को विधुत विभाग द्वारा अनुरक्षण कार्य किए जाने के कारण बलरामपुर टाउन, भगवतीगंज, पूरबटोला, तुलसीपुर नगर पंचायत, शिवपुरा फीडर, जनपद न्यायालय, लिफ्ट कैनाल, हॉस्पिटल, इंडस्ट्रियल एरिया, में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बन्द रहेगी। अनुरक्षण कार्य पूरा होने के बाद बिजली सप्लाई बहाल कर दी जाएगी। मौसम में खराबी रही तो अनुरक्षण कार्य नही कराया जायेगा। और बिजली सप्लाई रोज की तरह सुचारू रूप से जारी रहेगी।

### 25 लोगों ने रक्तदान कर दी भगत सिंह को श्रद्धांजलि


शहीद-ए-आजम भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग।

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार।** सरदार भगत सिंह की जयंती पर मन्नत मैरेज हाल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन समिति डेवलपमेंट ऑफ तराई पीपुल्स सोसायटी द्वारा शनिवार को किया गया ।आयोजक हारून रशीद खान ने सरदार भगत सिंह के चित्र पर माल्यापर्ण कर स्वयं रक्तदान किया ।उपरोक्त समिति द्वारा हर वर्ष शहीदे आज़म भगत सिंह की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले में शाहिद अहमद,पवन कुमार,चंद्र प्रकाश,मुजाहिद,जैस मोहम्मद,विश्राम, नसीम,मोहम्मद आजम,अकबर,मंजूर आलम खान,महबूब ,नंदकुमार पाण्डेय, जितेंद्र कुमार चौधरी,मारूफ खान,दानिश खान,नूरामल चौधरी,इरशाद आलम खान( डब्बू ),मोसमी चौधरी व पंकज चौधरी समेत 25 लोगों ने रक्तदान किया।

### प्रशिक्षण में शिक्षकों को दी यातायात नियमों की जानकारी


शिक्षकों को प्रमाण पत्र देते अतिथि।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान ( डायट ) में चल रहा तीन दिवसीय सुरक्षा संरक्षा प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हुआ। प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागी परिषदीय विद्यालयों के 100 शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। तीन दिनों तक चले प्रशिक्षण में शिक्षकों को साइबर सुरक्षा, यातायात नियम व आपदा प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर व संदर्भ दाता गोविंद कुमार ने साइबर सुरक्षा व आपदा प्रबंधन के बारे में शिक्षकों को प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी। कहा कि इस समय साइबर क्राइम पढ़े-लिखे लोगों के साथ भी हो रहा है। साइबर क्राइम से बचने के लिए हमें सजग रहना चाहिए। किसी अनजान व्यक्ति को अपने मोबाइल व एटीएम का पासवर्ड न बताए। बिना कोई पहचान के किसी को भी आधार कार्ड नंबर व ओपीडी शेयर नहीं करना चाहिए। संदर्भ दाता विजय कुमार निगम ने बाल श्रम व सड़क सुरक्षा यातायात नियमों की जानकारी साझा की। प्रोजेक्टर के माध्यम से यातायात नियम व उसे कैसे और किस जगह पालन करना है, इसकी सटीक जानकारी दी। प्रशिक्षण में मिली जानकारी अब गुरुजन परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों व उनके माता-पिता को साझा करेंगे।

### रोवर्स- रेंजर्स ने सरदार भगत सिंह को अर्पित की पुष्पांजलि


शहीद भगत सिंह को पुष्पांजलि अर्पित करते रोवर्स - रेंजर्स। अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार।** एमएलके पीजीकालेज बलरामपुर में शनिवार को सरदार भगत सिंह जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रोवर्स-रेंजर्स द्वारा जयंती समारोह अयोजित किया गया। शुरुआत प्रो . राघवेंद्र सिंह ने सरदार भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया।' रोवर्स प्रभारी डॉ . एसके त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत तथा रेंजर्स प्रभारी डॉ .वंदना सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ तारिक कबीर, डॉ दिनेश मौर्य, डॉ पी एन पाठक, डॉ के पी मिश्र व डॉ पंकज श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक गण एवं रोवर्स-रेंजर्स मौजूद रहे।

# कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को रोज मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**90** मिनट होगी प्रशिक्षण की समयावधि

**अमृत विचार :** युवाओं को भविष्य संवारने के लिए छात्रों में छिपी प्रतिभा को उभारा जाएगा। इसके लिए विद्यालयों में चल रहें 'प्रोजेक्ट प्रवीण' कार्यक्रम अंतर्गत इस साल एक लाख विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना को प्रदेश के चयनित माध्यमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा। योजना के तहत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को रोजाना 90 मिनट कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यह जानकारी व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शनिवार को दी, उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अंतर्गत छात्रों को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है। प्रोजेक्ट प्रवीण अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्राओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कपिल देव ने बताया कि अब तक 315 राजकीय विद्यालयों में 63 हजार से अधिक छात्राओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस प्रोजेक्ट प्रवीण से युवाओं को कौशल प्रदान करने के साथ ही उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा रहें हैं।

कौशल विकास मिशन निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि हर विद्यालय में अधिकतम दो अलग-अलग जॉब रोल का चयन किया जाएगा। हर बैच में 35 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण को भी प्रमुखता देते हुए बालिका विद्यालयों को प्राथमिकता दी जाएगी। महिला छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विद्यालय प्रशासन से समन्वय स्थापित किया जाएगा। विद्यालयों की समय सारिणी में बदलाव किए जाएंगे, ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रम बिना किसी बाधा के संचालित हो सके।

# उत्तम स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता जरूरीः सीएमएस

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** स्वच्छता पखवाड़े के तहत शुक्रवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय में साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही अस्पताल कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। अस्पताल में कचरे के उचित प्रबंधन, स्वास्थ्य और स्वच्छता सम्बन्धी जागरूकता, पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान में स्वास्थ्य कर्मियों की भागीदारी आदि पर चर्चा की गई।

सीएमएस डॉ. राज कुमार, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एके यादव व अस्पताल क्वालिटी प्रबंधक डॉ रुचि पाण्डेय के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सीएमएस व चिकित्सकों ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। सीएमएस डॉ राज कुमार ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता बहुत ही आवश्यक है। स्वच्छ और हरे भरे समाज से ही स्वस्थ समाज की परिकल्पना की जा सकती है। अस्पताल क्वालिटी प्रबंधक डॉ रुचि पाण्डेय ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार चिकित्सालय में साफ-सफाई कराई गई है। वार्डों, ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर, शौचालय व पार्किंग क्षेत्र में नियमित ढंग से सफाई अभियान चलाया जाएगा। बायोमेडिकल वेस्ट व सामान्य कचरों का सही प्रबंधन कराया जा रहा है, जिससे पर्यावरण व स्वास्थ्य को कोई हानि न पहुंच सके। अस्पताल आने वाले मरीजों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। चिकित्सालय में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, पौधरोपण तथा स्वच्छता से सम्बन्धित गतिविधियों में अस्पताल कर्मियों की भागीदारी विषय पर चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ मोईद, फार्मासिस्ट सुरेन्द्र दुबे, अजय कुमार, विनीता मणि त्रिपाठी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।


संयुक्त जिला चिकित्सालय में सफाई कर स्वच्छता का संदेश देते डॉक्टर।

# अयोध्या समेत 12 जिलों की गोचर भूमि कब्जामुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**27** हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि मुक्त कराई

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश के बाद गो-संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राजस्व विभाग ने विशेष अभियान चलाकर अयोध्या के साथ-साथ 12 जिलों में कुल 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि को मुक्त कराया गया है।

वहीं, अन्य जिलों में भी तेजी से अभियान को आगे बढ़ाने के निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से दिये गये हैं। सबसे अधिक अयोध्या में 2 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर अवैध कब्जाधारियों ने अतिक्रमण कर रखा था, जिसे मुक्त कराया गया है। अयोध्या के अलावा आगरा, फिरोजाबाद, कासगंज, बाराबंकी, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, श्रावस्ती, रामपुर, गाजीपुर और वाराणसी में कार्रवाई की गई है।

मुख्यमंत्री ने जिलों के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामवार गोचर भूमि की सूची तैयार की जाए। बारिश के उपरांत गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने का व्यापक अभियान चलाया जाए। इस भूमि को पशुपालन विभाग द्वारा उपयोग में लिया जाएगा।

# मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने को जागरूकता जरूरी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में मातृ एवं बाल मृत्यु की समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने मौजूद सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से बारी-बारी से मातृ एवं बाल मृत्यु से संबंधित आवश्यक जानकारी ली। जिसके बाद आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा मातृ एवं बाल मृत्यु पर किस तरह सर्विलांस रिपोटिंग हो, इस पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए जागरुकता बेहद जरूरी है। सीएमओ ने समीक्षा बैठक में बताया कि यह एक प्रकार का मातृ मृत्यु के कारणों की पहचान, सूचित एवं समीक्षा करने की एक लगातार प्रक्रिया है। इसके जरिये कारणों का पता चलने के बाद आवश्यक उपाय करने के साथ देखभाल की गुणवत्ता में सुधार लाकर भविष्य में होने वाली मातृ मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार प्रति वर्ष 2.7 करोड़ से अधिक नवजात बच्चों की मौत 7 दिनों के अंदर और 2.6 करोड़ से अधिक नवजात बच्चों की मौत उसके जन्म से 28 दिनों के अंदर हो जाती है।

बैठक में पीपीटी का प्रेजेंटेशन विनोद कुमार त्रिपाठी जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता द्वारा किया गया। बैठक में जिले के सभी ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा इकाइयों के प्रतिनिधियों के अलावा यूनिसेफ,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी पी सिंह, डॉ अजय कुमार शुक्ला, डॉ मीनाक्षी चौधरी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, साकेत शुक्ला अविनाश विक्रम सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।


समीक्षा बैठक करते डॉ . मुकेश कुमार रस्तोगी। अमृत विचार

# स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित देश

देश स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित है। यह समाज और राज दोनों के लिए पीड़ादायी है। स्त्री उत्पीड़कों को दंडित करने के लिए अनेक कानूनी प्रावधान हैं। कानून पालन कराने वाले शासकीय तंत्र द्वारा अपना काम किया जा रहा है,लेकिन समाज में ऐसी घटनाओं पर समुचित चिंतन नहीं हो रहा है। हम सहस्रों वर्ष प्राचीन राष्ट्र हैं। संस्कृति ही समाज की गतिशीलता तय करती है। संस्कृति ही राष्ट्र जीवन की संचालक है। स्त्री-पुरुष संबंधों पर वैदिक काल में काफी चिंतन हुआ था। संस्कृति की महत्ता का चिंतन इसलिए और जरूरी है कि भारत का राष्ट्र जीवन संस्कृति और दर्शन के क्षेत्र में बहुप्रतिष्ठित था और समाज के नियमन का काम करता रहा है। स्त्री महत्ता और प्रतिष्ठा के अनेक सूक्त ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक विद्यमान हैं। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है और गृहस्थ धर्म की प्रशंसा। विवाहित होना सम्माननीय था। एक सुंदर मंत्र में अग्नि से प्रार्थना है कि वह सभी देवों को पत्नी सहित लाएं। पत्नीहीन पुरुष को यज्ञ करने के अधिकार से वंचित किया गया है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्माननीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुद्गलानी हैं। वह रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, "युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था"।

भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्माननीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुद्गलानी हैं। वह रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, "युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था।" ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विश्पला का पैर कट गया। अश्विनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था। पति और पत्नी को मिलाकर दंपति बनता है। दंपति में नारी की प्रतिष्ठा है। दंपति स्त्री-पुरुष दोनों से मिलकर बना है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में किसी न किसी रूप में स्त्री सम्मान का तत्व मौजूद है। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। ऋग्वेद में 'आपः मातरम' -जलमाताओं को नमस्कार किया गया है। सृष्टि के आदितत्व की खोज महत्वपूर्ण अभिलाषा है, लेकिन उसे स्त्रीलिंग में याद करना स्त्री का आदर है। ऐसा यूनान में भी नहीं रहा। ऐसे ही ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी अदिति हैं। वह अखंड अस्तित्व हैं। कहा गया है, "इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।"

ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष उसके नीचे है, वह भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिंधु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं,जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) इस तरह एक अद्वैत शक्ति की अनुभूति देवी के रूप में की गई है। यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान भाव और गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई भी देवी नहीं है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। ऋग्वेद में अनेक मंत्रों में विवाह की प्रतिष्ठा है। विवाह सूक्त के एक सुंदर मंत्र में नववधू को आशीर्वाद दिया गया है और नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि, "यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।" यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है। परंपरा पीछे सहस्रों वर्ष से चली आ रही है। किसी स्त्री को तंग करने और परेशान करने की कोई छूट प्राचीन परंपरा में नहीं है। तुलसीदास जी ने स्त्री अपमान के विरुद्ध चौपाई में कहा है, "अनुज बधू भगिनी सुत नारी/सुनु सठ ए कन्या सम चारी/इन्हहि कुदृष्टि बिलोकइ जोई/ताहि बधें कछु पाप न होई।-तुलसीदास ने स्त्री उत्पीड़क को सीधे मौत की सजा सुनाई है। कानून अपना काम करे और समाज अपना। समाज के लिए वर्तमान समय चुनौतीपूर्ण है।

भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। उन्हें मातृशक्ति की संज्ञा दी गई है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार एक समय राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। बहुत दूर-दूर के विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। उनमें से एक गार्गी भी थी। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा गया था कि, "यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?" गार्गी ने तमाम सवाल पूछे थे। उनमें से एक सवाल यह भी था कि, "सृष्टि किस आधार पर खड़ी है?" उत्तर दिया, "जल पर।" फिर पूछा गया कि, "इस अस्तित्व का कौन देवता आधार देते हैं?" गार्गी ने उत्तर के बाद कहा, "जल किसमें आधारित हैं?" गार्गी ने पूछा, "इस विराट अस्तित्व का आधार क्या है?" याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया ब्रह्म ही सबको धारण करता है। ब्रह्म ही सर्वोच्च हैं। गार्गी ने अगला प्रश्न पूछा कि, "ब्रह्म किस पर आधारित है?" याज्ञवल्क्य ने कहा, "ब्रह्म सर्वोच्च है। ब्रह्म ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। हे गार्गी ब्रह्म को लेकर सवाल नहीं पूछा करते। ब्रह्म का कारण ब्रह्म हैं। इस संसार के सभी कारक तत्व ब्रह्म में ही सक्रिय हैं। ब्रह्म असीम हैं। अनंत है"।

गार्गी की प्रतिभा अद्भुत थी। राम सीता की जोड़ी में सीता और राम दोनों की विशिष्टता देखी जाती है। कोई बड़ा नहीं। कोई छोटा नहीं। सीता जैसा चरित्र दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलता। शिव पार्वती में पार्वती प्रथम हैं और वह सभी अवसरों पर शंकर जी से विभिन्न विषयों पर गहन प्रश्न पूछा करती हैं। कैकई और दशरथ के कथानक में कैकई विचारणीय हैं। भारतीय परंपरा व साहित्य में सर्वत्र स्त्री सम्मान की गूंज है। यत्र नारी अस्तु पूजते रमंते तत्रदेवता-जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं। नारी माता है। अनेक प्रतीकों में स्त्री को मां कहा गया है। माता से बढ़कर दूसरा कोई प्रतीक नहीं है। यहां भारत को भी भारत माता कहा गया है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी को मां बताया गया है। अधिकांश नदियों को भी हम माता ही कहते हैं। वैदिक काल में यज्ञ की अतिरिक्त प्रतिष्ठा रही है। यज्ञ विधान के अनुसार पूजा में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में ऋषि पत्नी से कहते हैं, "तुम ऋक हो। मैं साम गान हूं। मैं अंतरिक्ष हूं। तुम पृथ्वी हो।" भारतीय संस्कृति में मां सर्वोत्तम अनुभूति है। वह जननी है और स्त्री है। हम हिन्दू समाज के लोग अवतारवाद भी मानते हैं। संसार में अवतरित होने के लिए एक मां की आवश्यकता होती है। भगवान भी अपने अवतार में मां को ही माध्यम बनाता है। हम भारत के लोग मां का विस्तार हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के लोकजीवन को स्त्री अपमान की वर्तमान घटनाओं को लेकर सजग रहना चाहिए। देश को इस समय एक सशक्त स्त्री विमर्श की आवश्यकता है।

# समाज में स्त्री की स्वतंत्रता

मेरे ख्यालों में स्त्री की सबसे सशक्त छवि तब उभरती है जब मैं उसे अपने एकांत में सिर्फ खुद के लिए सुकून से बैठा देखूं। अपने में खोए हुए कुछ गुनगुनाते, कुछ ऐसा सोचते कि दृढ़ता से होठ भिंच जाएं या पांच बरस की एक छोटी सी बच्ची की तरह खेलते हुए-किसी भी चीज से, लेकिन सच तो यह है कि मैंने अपने आसपास कभी किसी स्त्री को अकेले नहीं देखा। परंपरागत परिवारों से आई या छोटे शहरों की स्त्रियां अपने परिवार के लोगों के साथ होती हैं। महानगरों में भी वो कभी अकेले नहीं दिखतीं। उनके साथ उनका कोई पुरुष या स्त्री दोस्त होता है। अकेली सड़क पर वे कानों में हेडफोन लगाए किसी से बतियाती हुई जाती हैं। किसी कॉफी हाउस या रेस्त्रां में कोई अकेली स्त्री दरअसल किसी का इंतजार कर रही होती है या फिर उसकी कॉफी के दौरान कोई न कोई उसके फोन पर होता है।



डॉ. बीएन सिंह
बीएचयू, वाराणसी

अकेले निकलने वाली कामकाजी स्त्रियां भी अकेले कहां होती हैं? वे अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही होती हैं। समय से दफ्तर पहुंचने की हड़बड़ी में होती हैं या घर लौटने के निर्धारित समय से देर हो चुकी होती है। उनका आगत उनके वर्तमान में शामिल रहता है हमेशा। वे या तो कहीं जा रही होती हैं या कहीं से लौट रही। आगे बढ़ने के लिए उनके पांव हवा में उठते ही कोई 'अन्य' दूसरे छोर पर मौजूद होता है। वे जैसे खला में एक सफर तय करती हैं किसी और के अधूरेपन को भरने के लिए। मैंने किसी स्त्री को अकेले बैठकर कुछ सोचते भी नहीं देखा। उसे सोचने के लिए कोई चाहिए। वे गौर से सामने वाले की प्रतिक्रियाओं को सुनती हैं और फिर अपना फैसला सुनाती हैं। वह जो चाहती है उसकी पुष्टि किसी और से करती है और उसकी 'चाहना' अक्सर उसकी नकारात्मक प्रतिक्रियाओं में निकलती है। वह अपनी खुशी और अपने दुःख में भी किसी के साथ होना चाहती है। उसके लिए साथ के बिना ये दोनों ही अधूरे हैं। खुशी के रंग हल्के पड़ जाते हैं और दुःख उमड़ता ही नहीं कि बाहर बह निकले और मन को हल्का कर दे।

स्त्री अपने एकांत को सबसे छुपाती है। इस तरह उसका एकांत एक रहस्य बन जाता है। उसके छोटे-छोटे राज कभी खुलते नहीं हैं। जब खुलते हैं तो सिर्फ उनका एक हिस्सा जगमगाता है बाकी रहस्य में आवरण से ही ढका रहता है। जैसे लगता है कि स्त्री का सबसे निजी सुख बहुत अमूल्य सी चीज है, जिस पर सूरज की रोशनी नहीं पड़नी चाहिए नहीं तो वह भाप की तरह उड़ जाएगा। ठीक इसी तरह जब स्त्री अपने दुःख में बिल्कुल अकेली हो जाती है तब वह नहीं चाहती कि उसका दुःख कोई और देखे। वह खुद को दुनिया की नजरों से छिपाकर रो लेती है, अपनी स्मृतियों को तहस-नहस कर देती है, अपनी यादों को खुरच-खुरचकर मिटा देना चाहती है। यहां उसे किसी का साथ नहीं चाहिए। वह कभी नहीं चाहती कि इन जख्मों को कोई देखे। वह अंतिम समय तक अपने भीतर के नन्हें से स्वाभिमान को मरने नहीं देना चाहती। इसीलिए अपने अस्तित्व के लिए जब वह संघर्ष कर रही होती है तब भी उसको अकेलापन चाहिए, किसी का साथ नहीं।

अपनी अंतिम लड़ाई, अंतिम संघर्ष, दर्द की अंतिम लहर में स्त्री अकेली होती है। दांत भींचकर, उभरी हुई नसों और माथे पर आए पसीने के साथ वह लड़ती है, बहुधा जीतती है, कई बार हार भी जाती है। मैंने किसी स्त्री को अकेले नहीं देखा तो किसी स्त्री को हारते भी नहीं देखा। उसकी हार दिखती भी है तो उसमें हमारी कायरता के प्रति एक उपहास होता है। स्त्री को हारने के लिए मजबूर करना एक किस्म की कायरता है, जैसे प्रकृति का विध्वंस करना। पर सवाल वही है, अपने दुःख और संघर्ष में अकेली हो जाने वाली औरत अपनी खुशियों के साथ कब स्वतंत्र होगी? कब अपने अकेलेपन के प्रति आत्मविश्वास से भरी होगी? वह भीतर से कब इतनी हल्की और मुक्त हो सकेगी जैसे प्रकृति में उसके जैसी तमाम सुंदर चीजें हैं।

# लाहौर नेशनल कॉलेज में भगत सिंह- छबील दास

भगत सिंह जहां एक जोशीला इंकलाबी था वह एक बहुत अच्छा विद्यार्थी भी था। उसके अध्यापक होने के नाते मैं यह बात दावे से कह सकता हूं कि उसे पढ़ाने में बहुत आनंद आता था। भगत सिंह को पढ़ने का बेहद शौक था। जब किसी भी किताब का नाम उसके सामने लिया गया तो उसने फौरन उसे पढ़ने की फरमाइश की। वैसे तो भगत सिंह ने न जाने इतिहास की कितनी ही किताबें पढ़ डाली होंगी,लेकिन मुझे अभी तक याद है कि उसे जो किताब सबसे ज्यादा पसंद थी वह 'क्राइ फॉर जस्टिस' थी। भगत सिंह ने लाल पेंसिल से इस किताब के बहुत हिस्सों पर निशान लगाए थे। इनसे पता चलता था कि उसके हृदय में बेइंसाफी के खिलाफ लड़ने की भावना किस तरह कूट-कूट कर भरी हुई थी। वह पुस्तक लाजपतराय भवन लाहौर में हमारे घर में वर्षों तक रही। स्वयं मेरे बच्चों विजय, संतोष और मनोरमा ने कई बार इस किताब को लेकर मुझसे ढेरों सवाल पूछे। मेरे बच्चे भी यह जानना चाहते थे कि भगत सिंह को कौन-सी किताब पसंद थी और क्यों?

मैंने नेशनल कॉलेज में और बाहर भी भगत सिंह को हमेशा हंसते हुए देखा, लेकिन उस हंसी के पीछे भी उसका पक्का इरादा और अपने मकसद को पूरा करने की भावना झलकती थी। लगता था कि भगत सिंह को जीवन के सांसारिक बंधनों से गहरी चिढ़ थी इसलिए उसने कभी शादी करवाने की हामी नहीं भरी। भगत सिंह को विश्वास था कि शादी का बंधन इंकलाब के रास्ते में बहुत भारी रुकावट है। मुझे याद है एक बार लाहौर में दरिया रावी में मैं और भगत सिंह कश्ती की सैर कर रहे थे, मेरी तरह भगत सिंह को भी दरिया में कश्ती की सैर का बहुत शौक था। उस वक्त शाम का अंधेरा होने ही वाला था। भगत सिंह ने हंसते हुए मुझसे पूछा- "गुरुजी सुना है आप शादी कर रहे हैं? क्या यह खबर ठीक है"। जब मैंने कहा, 'हां' तो भगत सिंह एकदम से कहने लगा "फिर इंकलाब कैसे आएगा? आप घर गृहस्थी में पड़ जाएंगे या मुझ जैसे नौजवानों को इंकलाब का सबक पढ़ाएंगे? मैंने महसूस किया भगत सिंह को मेरी शादी करने का फैसला पसंद नहीं आया"।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

क्रांतिकारी भगत सिंह को तो बस देश की आजादी की ही लग्न थी। क्रांति ही उसका धर्म था और वह किसी और देवी देवता में विश्वास नहीं रखता था। भगत सिंह मुझसे हर राजनैतिक विषय पर बातचीत करता था।

हमारे सौभाग्य में जिन दिनों देशभर में महात्मा गांधी तथा स्वराज्य आंदोलन की लहर मची हुई थी, उन्हीं दिनों विदेशी विशेषतः आयरलैंड तथा सोवियत रूस से धड़ाधड़ राजनीतिक लिटरेचर, किताबें, टेक्स्ट, अखबारों और मैग्जीनों का आना शुरू हो गया था। आयरिश लिटरेचर तो केवल यही नारा लगाता था कि किसी भी देश अथवा जाति को आजादी प्राप्त करने के लिए बंदूकों, पिस्तौलों, बमों तथा हवाई जहाजों की भारी जरूरत होती है। भारत में अंग्रेजी शासन अपनी फौजों तथा छावनियों से सशस्त्र सैनिकों तथा टैंकों द्वारा स्थापित हुआ है और अब तक चल रहा है। बाइबिल में स्पष्ट घोषणा दी गई है कि 'इफ यू हैव फेथ इन द सोर्ड, बाई द सोर्ड यू शैल बी पनिश्ड' अर्थात यदि तुम तलवारों और बंदूकों द्वारा किसी को गुलाम बनाते हो तो समय और अवसर आने पर वही लोग तुमसे अधिक तेज शस्त्रों व बंदूकों से तुम्हें अपने हाथ से धकेल कर बाहर करेंगे। अतः यदि सचमुच ही भारत की जनता अपनी दासता का जुआ अपनी गरदन से उतार फेंकना चाहती है तो किसी न किसी ढंग से अणु शस्त्र प्राप्त करे। वे साधन बेग-बारो-स्टील अर्थात कहीं से मांगकर, उधार लेकर अथवा जबरदस्ती कहीं से चुराकर अथवा लूटकर प्राप्त करें।

क्रांतिकारी भगत सिंह को तो बस देश की आजादी की ही लग्न थी। क्रांति ही उसका धर्म था और वह किसी और देवी देवता में विश्वास नहीं रखता था। भगत सिंह मुझसे हर राजनैतिक विषय पर बातचीत करता था। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मियों की गतिविधियों की बातें वह मुझसे नहीं करता था,क्योंकि वह सभी गुप्त कार्रवाहियां थीं,जो आर्मियों के सदस्यों के बीच की बातें थीं। मैं हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी का सदस्य नहीं था। जब भी हम असहयोग आंदोलन की प्रगति और गांधी के विषय में बातचीत करते तो भगत सिंह उत्तेजित होकर गांधीजी की आलोचना करता। गांधीजी के प्रति भगत सिंह का रवैय्या सुभाष चंद्र बोस की तरह था। सुभाष चंद्र बोस ने गांधी जी से कहा था-"बापू, आइए हम वही भाषा सीखें जो अंग्रेज समझते हैं। अहिंसा और जुर्म सहने की फिलोस्फी अंग्रेजों की समझ में नहीं आ सकती। उनका साम्राज्य ताकत के सहारे टिका हुआ है। हमारे पास भी अगर वैसे ही हथियार हों तो निःसंदेह हमारी विजय होगी। अंग्रेज चार करोड़ हैं और हम चालीस करोड़ हैं।'' भगत सिंह भी इसी तरह का दृष्टिकोण रखता था।

भगत सिंह के साथ मेरी अंतिम भेंट जनवरी के प्रथम सप्ताह 1929 में कलकत्ता में हुई। वह अप्रैल 1929 को गिरफ्तार कर लिया गया था। भगत सिंह ने अपने केश कटवा दिए थे। वह कोट-पैंट और हैट पहनता था। मैं भी कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने गया हुआ था। भगत सिंह से मेरी मुलाकात कांग्रेस अधिवेशन में नहीं, बल्कि एक दोस्त के घर हुई थी। मैं पोर्टिको में खड़ा था। भगत सिंह तेजी से आया और सीढ़ियों के रास्ते ऊपर चला गया। उस समय मेरी भगत सिंह से बातचीत नहीं हुई। हमने एक दूसरे की ओर देखा। उसने मुझे नमस्ते की और वह गायब हो गया। उसके बाद भगवती चरण मेरे पास आए और कहने लगे "गुरुजी, आपने भगत सिंह को देख लिया है। कृपया यह रहस्य किसी को न बताएं कि आपने उसे कलकत्ता में देखा था।" मुझे समझ में आ गया कि क्या बात थी। भगवती चरण, भगत सिंह से पढ़ाई में एक साल सीनियर था।

लाहौर में भगत सिंह, सुखदेव और भगवती चरण अक्सर मेरे कमरे में आया करते थे। साथ ही गुसलखाना था,जिसमें वे नहाते थे। मुझे बहुत से लोगों से पता चला कि हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी की शाखाएं बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में थीं। दिल्ली और महाराष्ट्र में भी उनका प्रभाव था। राजगुरु तो महाराष्ट्र के रहने वाले थे।

# स्वतंत्र पुरुषार्थ नहीं धर्म

वार्ता में शब्द और अभिप्रेत अर्थ का अपरिहार्य संबंध है। वक्ता जिस अर्थ में शब्द का प्रयोग करता है, श्रोता उससे भिन्न अर्थ ग्रहण करता है तो वार्ता असंभव हो जाती है। ऐसी वार्ता वार्ता के लिए नहीं वितंडावाद के लिए होती है। 'सनातन' नाम का कोई धर्म विशेष नहीं है। कारण, सनातन संज्ञा शब्द है ही नहीं, विशेषण है। सनातन का अर्थ है- नित्य, निरंतर, शाश्वत, स्थायी, पुरातन। ये सभी अर्थ विशेषण हैं।

'एष धर्मः सनातनः' का तात्पर्य यह नहीं कि यह सनातन नामक धर्म है। इसका तात्पर्य है कि यह धर्म नित्य और पुरातन है। कौन सा धर्म नित्य और पुरातन है? कोई धर्म विशेष नहीं, जो भी नित्य और पुरातन है वह। या किसी भी धर्म का जो घटक नित्य और पुरातन है,वह। केवल धर्म नहीं, संसार और अस्तित्व भी सनातन हो सकता है। सांख्य, मीमांसा, वेदांत, बौद्ध, जैन दर्शन व्यक्त या अव्यक्त रूप में सृष्टि को सनातन मानते हैं। डार्विन के विकासवाद और स्टीफन हॉकिंग के बिग बैंग के पहले, (मसीहाई धर्मों को छोड़कर) सृष्टि को सभी सनातन मानते थे। सूर्य और चंद्र को भी सनातन मानते थे। 'यावत् चंद्रदिवाकरौ' का यही निहितार्थ था/है। जब और जहां धर्म शब्द अस्तित्व में आया तब और वहां किसी अन्य धर्म का प्रचलन नहीं था कि उसे कोई नाम देना पड़ता। वह बस धर्म था। धर्म माने ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः। जिसके द्वारा लोक या संसार को धारण किया जाता है, संसक्त रखा जाता है या जो लोक या संसार को धारण करता है, संसक्त रखता है वह धर्म है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

धर्म का यह अर्थ संसार या ब्रह्मांड के परिप्रेक्ष्य में है, जिसमें मनुष्य भी आता है। वेदों में धर्म से पहले ऋत शब्द का इस्तेमाल होता था, जो सत्य का पूरक था। ऋत माने उचित, सही, स्थिर और निश्चित नियम। बाद में ऋत की जगह धर्म का प्रयोग होने लगा, किंतु अर्थ वही उद्दिष्ट रहा। मनुष्य के विशेष संदर्भ में धर्म का अर्थ है आद्य गुण, कानून, नैतिक नियम। पद्मपुराण के अनुसार धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ, जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ न करो। इस तरह तीन पुरुषार्थों में धर्म, अर्थ और काम का तात्पर्य हुआ धर्मानुरूप (नैतिकता की सीमा में) अर्थ (जीविकोपर्जन) और धर्मानुरूप काम (दैहिक सांसारिक एषणाओं की पूर्ति)। वस्तुतः धर्म कोई स्वतंत्र पुरुषार्थ नहीं है, यह अर्थ और काम का नियामक है, इसलिए प्रथम है। इसका फलित है अनैतिकता और अति का निषेध।

# संगीत लोकवार्ता

संगीत (गायन-वादन नृत्य) की तीन धाराएं प्रवाहित हो रही हैं- एक को राज दरबार में प्रश्रय मिला था, इन्द्र के दरबार से लेकर विक्रमादित्य, समुद्रगुप्त, हर्षवर्धन, बंगाल के राजा लक्ष्मणसेन, देवगिरि के यादव-नरेश, अलाउद्दीन खिलजी, मेवाड़ के राणाकुंभा, मुगलदरबार, रीवा के राजा रामचंद, गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह, ग्वालियर दरबार मानसिंह तोमर और मुहम्मद शाह रंगीले तक। गोपालनायक, अमीरखुसरो, बैजूबाबरा, बख्शू, तानसेन, अदारंग, सदारंग दरबार के ही गायक तो हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दरबारों में राग मालाओं का विकास हुआ। दूसरी धारा को आप अध्यात्म अथवा भक्ति की धारा कह सकते हैं। सामगान प्रकृति पूजा का गान है। गीतगोविंद के गायक जयदेव, पदावली के गायक विद्यापति, मध्यकालीन भक्ति-आंदोलन की वह धारा, जो स्वामी हरिदास, कुंभनदास, परमानंददास, सूरदास, गोविंद स्वामी आदि के स्वरों में स्फुरित हुई।

तीसरी धारा लोकजीवन में बहती रही है। राग आसावरी, बिहाग, मल्हार, काफी, मालकोस, बिलाबल, रामकली, भीमपलासी, दरबारी, कालिंगड़ा, मारूबिहाग, भैरव, भैरवी, तोड़ी, गूजरीतोड़ी आदि के स्रोत लोक में हैं,लेकिन इन तीन धाराओं में भिन्न-भिन्न युगों में संगीत की वे धाराएं भी अंतर्भुक्त होती रहीं, जो अन्य देशों से आने-वाले जनसमूहों और जातियों, परंपराओं के साथ भारत में आती रहीं, जैसे ईरानी-संगीत। पश्चिमी संगीत की धाराएं आज भी यहां आ रही हैं और यहां के संगीत में अंतर्भुक्त हो रही हैं। अमीर खुसरो इस अंतर्भुक्ति का एक बहुत महत्वपूर्ण उदाहरण है।

# आस्तिकता और नास्तिकता

अमर बलिदानी भगत सिंह सदैव नमन के योग्य हैं। वह आस्तिक थे या नास्तिक बहुधा भगत सिंह के लिए इस विषय में वाद-विवाद होते हुए अक्सर देखा जाता है। ऐसा विवाद संभवतः इसलिए होता है, क्योंकि उन्होंने जेल से एक लेख लिखा था- "मैं नास्तिक क्यों हूं"। ईश्वर के संबंध में विचार, उस पर विश्वास करना अथवा न करना, किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत विचार होते हैं या व्यक्तिगत विचार होने चाहिए। किसी व्यक्ति के सामाजिक रूप से अच्छा या बुरा व्यक्ति होने का उसके ईश्वर में विश्वास करने या न करने से कोई सीधा संबंध नहीं है। ईश्वर में विश्वास करने वाला कोई व्यक्ति सामाजिक रूप से अच्छा अथवा बुरा हो सकता है और इसी प्रकार उसमें विश्वास न करने वाला व्यक्ति भी।



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

यदि हम आस्तिक और नास्तिक की आम मानी जाने वाली परिभाषा को न भी बदलें तो हम नास्तिक शब्द को एक अपशब्द के रूप में कहना और मानना बंद कर सकते हैं।

किसी व्यक्ति का सामाजिक महत्व और उसकी सामाजिक महानता उसकी मानवता, देश और समाज के प्रति भावना और उसके इनके प्रति सार्वजनिक विचारों और कार्यों से निर्धारित होती है-उसके ईश्वर में विश्वास करने अथवा न करने से नहीं। इसलिए हमें किसी व्यक्ति की आस्तिकता अथवा नास्तिकता देखने को केवल इतना ही महत्व देना चाहिए। हमें इसे केवल उसके व्यक्तिगत विचारों के रूप में देखना चाहिए और इसे उसके सामाजिक रूप से अच्छे अथवा बुरे होने से नहीं जोड़ना चाहिए। किसी व्यक्ति की महानता अथवा लघुता दिखाने के लिए यह सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है कि वह आस्तिक अथवा नास्तिक था या है। क्या भगत सिंह के देश-प्रेम के विचारों पर इस बात से कोई अंतर पड़ता था कि वह ईश्वर पर विश्वास करते थे अथवा नहीं? वह उस पर विश्वास करते रहे हों अथवा नहीं, यदि उनके मन में देश-प्रेम की भावनाएं थीं तो क्या वास्तविक महत्व उनका ही नहीं है? समाज और देश के लिए क्या आस्तिक अथवा नास्तिक होने का महत्व है अथवा समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्य को पूरा करने की भावनाओं का? मैं ईश्वर पर विश्वास करता हूं अथवा नहीं, क्या इस बात का इस पर रत्ती भर भी कोई प्रभाव पड़ता है कि मैं एक अच्छा चिकित्सक हूं अथवा नहीं या मैं एक अच्छा इंसान हूं अथवा नहीं? वास्तविक महत्व किस बात का है? ईश्वर है अथवा नहीं, इसका महत्व वहां तो हो सकता है, जहां इस ब्रह्मांड के मूलभूत कारणों को देखने में इसकी आवश्यकता हो। यदि हमें यह सच्चा ज्ञान प्राप्त करना हो कि इस ब्रह्मांड की उत्पत्ति कैसे हुई - क्या इसे किसी अलौकिक शक्ति ने केवल अपनी इच्छा से पैदा किया है अथवा यह क्वांटम नियमों का उत्पाद है-वहां या इस प्रकार के अन्य प्रश्नों को हल करते समय, तो ईश्वर की अवधारणा का महत्व हो सकता है अन्यथा सार्वजनिक जीवन में इसका क्या महत्व है? हां, व्यक्ति अपने व्यक्तिगत जीवन में कैसे भी विश्वास रखने के लिए स्वतंत्र है बशर्ते उनका कोई बुरा प्रभाव समाज पर न पड़ रहा हो।

यदि हम आस्तिक और नास्तिक की आम मानी जाने वाली परिभाषा को न भी बदलें तो हम नास्तिक शब्द को एक अपशब्द के रूप में कहना और मानना बंद कर सकते हैं। अभी आस्तिकों द्वारा अपने विचारों से विपरीत विचार रखने वाले व्यक्तियों को एक अपशब्द और व्यंग्य के रूप में नास्तिक शब्द से संबोधित किया जाता है। वह किसी अलौकिक शक्ति में विश्वास न रखते हुए केवल इस संसार की बेहतरी चाहने वाले लोगों को, 'चार्वाक' जैसे शब्दों से भी संबोधित करते हैं। ऐसे लोग स्वयं से विपरीत विचार रखने वालों व्यक्तियों को हेय नजर से देखना तो बंद नहीं करेंगे, लेकिन उनके विचारों से सहमत न होने वाले लोग नास्तिक शब्द को एक गर्व के रूप में ले सकते हैं - जैसे गांधी जी ने जेल जाने को भय और घृणा के पर्याय से हटा कर देश-सेवा और गर्व का पर्याय बना दिया था। मनवता ने इस विषय में विभिन्न धारणाओं और विश्वासों में अंतर के कारण जितना रक्तपात देखा है, उतना संभवतः किसी अन्य अंतर के कारण नहीं। इतिहास साक्षी है कि इस विषय में अपने विश्वासों को लेकर समाज में कितने अन्याय, कितनी हत्याएं और कितने युद्ध हुए हैं, कितने धर्म-युद्ध, जेहाद और क्रूसेड्स हुए हैं। मैं तो यहां तक कहूंगा कि इस प्रकार के रक्तपात में जितना रक्त आस्तिकों ने बहाया है, उतना नास्तिकों ने नहीं। इसका कारण यह है कि आमतौर पर आस्तिक अपने विश्वासों के प्रति कट्टर होते हैं और वह दूसरों के भिन्न विचारों को सहन नहीं कर पाते हैं, जबकि आम तौर पर नास्तिक तर्कशील होते हैं। क्या तमाम बलि प्रथाओं के पीछे आस्तिक लोग ही नहीं थे? मैं जानता हूं कि मेरे इन विचारों पर अनेक असहमतियां आ सकती हैं। मेरा कहने का अर्थ केवल यह है कि क्या हम अपनी सोच एक व्यापक स्तर पर नहीं रख सकते हैं? क्या हम सार्वजनिक रूप से उन गुणों को अधिक महत्व नहीं दे सकते हैं, जो मानवता के हित में हों? क्या हम आस्तिकता और नास्तिकता जैसे विषयों को केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं कर सकते हैं? क्या हमें ऐसा नहीं करना चाहिए?

# बैंक की एफडी में निवेश का समय

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन इसमें रोजगार पैदा करना एक बड़ी चुनौती भी है। सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक खर्च से ग्रोथ रेट को बल मिला है, लेकिन प्राइवेट इंवेस्टमेंट में कमी और बैंक डिपॉजिट में धीमी ग्रोथ से आर्थिक संतुलन बिगड़ रहा है। बैंक कर्ज तभी दे पाएंगे, जब उनके पास कर्ज बांटने जितना पैसा रखा हो, लेकिन डिपॉजिट की कमी और लोन बांटने के अनियंत्रित नियमों ने आर्थिक विकास को धीमा कर दिया है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इन सबके बीच, घरों की बचत का निवेश शेयर मार्केट और पूंजी बाजार में बढ़ रहा है। समझने की जरूरत है कि ये पूरा घटनाक्रम भारत के आर्थिक विकास और अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित कर सकता है, लेकिन अभी भी सीनियर सिटीजन का रुझान बैंक एफडी की ओर ही है। एक मोटे अनुमान के अनुसार बैंक की एफडी में 43 प्रतिशत निवेश सीनियर सिटीजन का ही है, विगत कुछ वर्षों में देश के बैंकों ने एफडी की ब्याज दर बढ़ाकर आकर्षण पैदा किया है, किंतु हाल में यूएस में ब्याज दरें घटने का क्रम देखा जा रहा है ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले समय में भारतीय बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा सकते हैं। एक्सपर्ट का मानना है कि जब बैंकों को फंड्स की जरूरत होती है तो बैंक ज्यादा ब्याज दरें ऑफर करते हैं, किंतु हो सकता है कि रिजर्व बैंक रेपो रेट कुछ कम कर दे तो ब्याज दरें कम भी हो सकती है।

इस समय यह दरें पीक पर है (कुछ बैंक 8 प्रतिशत तक दे रहे हैं) आने वाले त्योहारी सीजन के बाद इनके कम होने की संभावना लग रही है। ऐसे में यह सही समय होगा जब दो साल की एफडी में सुरक्षित निवेश किया जाए। खासकर वो लोग जो एफडी के ब्याज पर निर्भर है वो इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। आज भी लो रिस्क लो गेन,और हाई रिस्क हाई गेन को कहावत सही लगती है।

## बारिश का कहर जारी...


धनपतगंज में भारी बारिश से कटी बटपरवा नाले की पटरी। अमृत विचार


लंभुआ नगर पंचायत के विवेकनगर मोहल्ले में गिरा कच्चा मकान। अमृत विचार


धनपतगंज के जज्जौर और धर्मदास पुर का पानी में डूबा सिवान, जलमग्न फसल। अमृत विचार

# बिगड़े मौसम से मची तबाही, दो लोगों की मौत

## लगातार बरसात से सैकड़ों घर जमीदोज व कई पेड़ धराशायी, मवेशियों की भी हुई मौत, सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न


बारिश के पानी से लबालब कूरेभार थाना परिसर। अमृत विचार


साधन सहकारी समिति लंभुआ में पानी घुसने से लाखों की खाद खराब हो गई।

संवाददाता, सुलतानपुर टीम

**अमृत विचारः** जिले में लगातर करीब 40 घंटों से हो रही बरसात अब तबाही मचाने लगी है। बीते 24 घंटें में एक बालक और एक किशोर की मौत हो चुकी है। महिला की हालत गंभीर है। दर्जनों की संख्या मवेशियों की भी मौत हो चुकी है। दुबेपुर ब्लाक के उदयपुर गांव में फायर कर्मियों ने रेस्क्यु ऑपरेशन चलाकर कई परिवारों को बचाया है। कई जगह सड़कें बह गई तो पेड़ व विद्युत पोल धरासायी हो गए है। जिले की विद्युत आपूर्ति बेपटरी हो गई है। यदि बरसात न थमी तो अब फसलों का नुकसान होना तय बताया जा रहा है।

जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के तराई इलाके के दर्जनों गांव अभी भी जलमग्न है। घरों के गिरने का सिलसिला अभी भी जलमग्न गावों में चल रहा है। करीब 36 घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित होने के चलते लोगों के मोबाइल बंद हो गए हैं। जयसिंहपुर तहसीलदार मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि कोई जनहानि नहीं है। कुछ मकान गिरे थे उनकी रिपोर्ट भेजी जा रही है। जहां जल जमाव था जेसीबी से खुदाई करवा जल निकासी कराई गई है। स्थानीय विधायक राज प्रसाद उपाध्याय भी क्षेत्र में बने हैं और प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर राहत बचाव कार्य करा रहे हैं। बगिया चौराहा-पीढ़ी मार्ग पर स्थित मेहंदिया गांव पूरी तरीके से जलमग्न है।

सड़क के निर्माण के दौरान पुलिया बंद कर दिया गया है, इसके कारण गांव का पानी नहीं निकल पा रहा है। गुस्साए ग्रामीणों ने एसडीएम से मिलकर जलनिकासी कराए जाने की मांग की है। वहीं, बगिया चौराहा जलमग्न होने के चलते व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने जलनिकासी की मांग को लेकर तहसील में हंगामा काटा।

**कुड़वार-नौगवां मार्ग जलमग्न, कई गांव कटे, धनपतगंजः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के धनपतगंज में लगातार बारिश से दो विकास खंडों को जोड़ने वाला कुड़वार से नौगंवा धनपतगंज मार्ग तकरीबन आधा किमी लम्बी दूरी में पानी में डूब गया। जिसके चलते दोनों विकास खंडों के औदहा , माधवपुर, नौगंवा, सोती ,सड़ांव, मुडुआ, गयादत्तपुरवा, जज्जौर, सेवरा चरथई, मायंग, जैसे दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है। सड़के दो फिट फिट पानी में डूबने से आवागमन वाधित हो गया है। अमऊ , जासरपुर, धर्मदासपुर ,कोलिया बगिया के सैकड़ों किसानों की हजारों बीघा जमीन पर खड़ी धान , उरद, ज्वार, जैसी अन्य फसलें तेज हवा के झकोरों से गिर कर पानी में पूरी तरह डूब गयी हैं। टीकर गांव निवासी शिवाकांत, रमाकांत, का कच्चा मकान शुक्रवार की देर रात भरभरा कर पूरी तरह ढह कर जमींदोज हो गया। गनीमत रही की दुर्घटना के अंदेशे को भांप परिवार के लोग घर से दूर छप्पर को आशियाना बना चुके थे। फिर भी लाखों की गृहस्थी के नुक़सान का अनुमान लगाया जा रहा है। तहसील क्षेत्र के पारा चौराहे से कस्बा मंगल बाजार जाने वाली सड़क बरसात के चलते जल भराव बना हुआ है। सड़क के बगल दो बार नाली बनवाई गई लेकिन घटिया सामग्री से बनी होने के कारण नाली गिरकर ध्वस्त हो गई जिसके कारण जल निकासी सही से नहीं हो पा रही है। जल भराव की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय दुकानदार मनीराम मौर्य ने बताया कि नाली तो टूट ही गई है लेकिन 3 वर्ष हो गया सफाई कर्मी कभी सफाई करने भी नालियों की नहीं आया है। इस कारण जल भराव की स्थिति बनी हुई है बाजार वासी कीचड़ युक्त जल में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सदर तहसील क्षेत्र के कुड़वार प्रतापपुर मजरे के पूरे कुंजल तिवारी गांव निवासी राम करन की गाय व राम किशुन की भैंस दरवाजे पर बंधी थी। तभी अचानक गिरे वज्रपात की चपेट में दोनों जानवर आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वही जिले मुख्यालय की गलियों में बरसात का पानी भरा हुआ है।

### बरसात के पानी से पांच लाख की खाद हुई खराब

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पिछले तीन दिनों में कोई बारिश के चलते गांव में जल भरा हो गया और लंभुआ क्षेत्र में स्थित नरहरपुर साधन सहकारी समिति के अंदर पानी घुस गया। सहकारी समिति के सचिव रामू सोनी ने बताया कि कमरे के अंदर पानी जाने से अंदर रखी गई। लगभग 1700 बोरी यूरिया तथा 100 बोरी पोटाश एवं 20 बोरी जिंक पूर्ण रूप से खराब हो चुकी है। इसके अलावा तो इलेक्ट्रॉनिक कांटे भी खराब हो गए। सचिव श्री सोनी ने बताया कि बारिश के कारण खाद भीगने से लगभग चार से पांच लाख रुपये का नुकसान हो गया है। खाद भीगने की सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई है।

### वज्रपात की चपेट में आकर किशोर की मौत

**कादीपुर :** तहसील क्षेत्र में बारिश से तीन मकान धराशाई हो गए हैं। वहीं, चपेट में आने से हंसापुर निवासी राम लाल की तीन भेड़ों की मौत हो गई है। जबकि, चार भेड़ घायल है। रामफेर की तीन भैसों की मौत हो गई। शनिवार की सुबह लघुशंका के लिए निकला गोपालपुर नमाजगढ़ गांव के अंशुमान (15) पुत्र श्यामू वज्रपात की चपेट में आ झुलस गया। जब परिजन उसके पास पहुंच उसे सीएचसी ले गए उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं, बरसात से दुकानों में पानी भरा हुआ है, जिसको स्थानीय दुकानदार अपने स्तर से निकलवा रहे हैं। बरसात से बांगरखुर्द की आशा देवी पत्नी सत्य नरायन, चंदा देवी पत्नी रमाशंकर हंसापुर के रामलाल पाल पुत्र रतू का मकान आंशिक रूप से गिर गया। वहीं अमरेथू डडिया के जीत बहादुर, सिकंदर एवं पूनम का मकान बरसात के के चलते गिर गया है। वहीं, अखण्डनगर के बीआरसी व प्राथमिक विद्यालय में भी जल जमाव हुआ है। गनीमत है कि परिषदीय विद्यालयों में अवकाश है। कादीपुर एसडीएम उत्तम तिवारी ने बताया कि तहसील क्षेत्र से रिपोर्ट संकलित की जा रही है। रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

# कच्ची दीवार गिरने से भतीजे की मौत, बुआ घायल

लंभुआ, सुलतानपुर


नितिन (फाइल फोटो)

**अमृत विचारः** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बरसात के कारण कच्चे मकान की दीवार गिर पड़ी, वहीं स्थित नल के पास मौजूद बुआ तथा भतीजा दीवार के मलबे के नीचे दब गए और घायल हो गए। परिजनों एवं आसपास के ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने भतीजे को मृत घोषित कर दिया। बुआ का इलाज जारी है। मासूम के मौत की सूचना मिलते ही घर पर कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही तहसीलदार देवानंद तिवारी कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा वरिष्ठ उप निरीक्षक जसवीर सिंह पहुंच गए और जांच पड़ताल शुरू किए। शासन के निर्देश पर पीड़ित परिवार को तहसील प्रशासन आर्थिक सहायता प्रदान करेगा।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के रामपुर कुर्मियान गांव में रामू के यहां उसकी विवाहित बहन कोमल पत्नी भीम कुमार निवासिनी माधवपुर काछा भिटौरा उम्र लगभग 25 वर्ष आई हुई थी और घर के पास ही स्थित नल पर बर्तन मांज रही थी। नल के पास ही उसका तीन वर्षीय भतीजा नितिन पुत्र रामू खेल रहा था। तभी पड़ोसी नंदलाल के कच्चे मकान की दीवार लगातार हो रही बरसात के चलते भरभरा कर गिर पड़ी। दीवार के मलबे में दबने के कारण बुआ व भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें मलबे से बाहर निकल गया और एंबुलेंस की मदद से लंभुआ अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने नितिन को मृत घोषित कर दिया तथा कोमल का इलाज जारी है।


इसी नल पर बर्तन धो रही महिला के ऊपर गिरी थी कच्ची दीवार।

सूचना मिलते ही तहसीलदार देवानंद तिवारी, कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा पुलिस बल के साथ अस्पताल में पहुंच गए और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने बच्चों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीएम विदुषी सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार को शासन के निर्देश पर तहसील प्रशासन की तरफ से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

## एक नजर

### अधीक्षण अभियंता का उपभोक्ताओं ने किया घेराव

**सुलतानपुर :** गुरुवार की शाम से शुरु हुई बरसात व आंधी तूफान से जिले की विधुत व्यवस्था चरमरा गई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी आधी तूफान से गिरे पेड़ों से कई दर्जन विधुत पोल टूट गए जिसके चलते 40 घंटे से अधिक समय तक बिजली गायब है। जिला मुख्यालय के लोगों ने विधुत आपूर्ति नहीं होने से अधीक्षण अभियंता के कार्यालय का घेराव किया ।उपभोक्ताओं का आक्रोश देखते हुए अधीक्षण अभियंता ने चंद घंटे के भीतर विधुत आपूर्ति बहाल कराए जाने का आश्वासन दिया तब जाकर लोग शांत हुए। वही ग्रामीण क्षेत्र के जयसिंहपुर तहसील के उघड़पुर, भटमई,जयसिंहपुर, कादीपुर के अखण्ड नगर फीडर, करौंदी कला के दो फीडर, लंभुआ के भदैया ब्लाक के चार फीडर सहित अन्य फीडरो के विधुत आपूर्ति बाधित है। जिससे करीब तीन लाख से ज्यादा की आबादी अंधेरे में है।

### शार्ट सर्किट से बढ़ा खतरा

**कादीपुर :** तहसील परिसर में नवनिर्मित वादकारी हाल में मानक विहीन विद्युत केबल से की गई वायरिंग आएदिन जलकर खराब हो जाती है। जिससे आग लगने और आसपास बैठने वाले अधिवक्ताओं का सामान जलने का खतरा बना हुआ है। बिजली आपूर्ति के लिए लगाए गए मेन बोर्ड के पास तक अधिवक्ताओं ने नई केबिल लगवाई। वहीं अक्सर तार का जोड़ जलने से शार्ट सर्किट का खतरा बढ़ा गया है।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित होकर पलटी कार

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** आजमगढ़ से लखनऊ जा रही कार पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर थाना क्षेत्र के 145 .5 किलोमीटर पर अचानक ब्रेक लगाने से पलट गयी। हादसे में कार में बैठे आसिफ (34), मोहम्मद रियाज खान (38), नौशाद (50) निवासीगण बसखारी, थाना बसखारी जिला अंबेडकर नगर बाल-बाल बच गए। सभी कार सवारों को मामूली चोटे आईं हैं। मौके पर यूपीडा सहायक अधिकारी त्रिलोकी नाथ पांडेय, इंद्रदीप कंट्राक्शन कंपनी के सुरक्षा कर्मी पहुंच कर सभी को राहत पहुंचाया।

# हिंदू भावनाओं से खेलने वालों पर हो करवाई

संवाददाता, सुलतानपुर


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के लोग। अमृत विचार

- **संगठन के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार ने की मांग**
- **राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचारः** कुड़वार थाना क्षेत्र के धरावा गांव निवासी नदीम खान ने मुंबई में रहकर सोशल मीडिया पर श्रीराम और मां सीता के प्रति अभद्र टिप्पणी की है। मामले को लेकर राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के हस्तक्षेप पर एसपी के आदेश पर कुड़वार पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस द्वारा ढुलमुल रवैया अपनाये जाने के खिलाफ राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ ने जिला अधिकारी संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार को ज्ञापन सौंपकर तत्काल गिरफ्तारी किए जाने की बात कही है। वहीं संगठन के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने पुलिस प्रशासन से हिंदू भावनाओं से खेलने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

संगठन के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रभु श्री राम और मा भगवती सीता के प्रति नदीम खान सोशल मीडिया पर जिस तरह पोस्ट किया है वह अक्षम्य है। उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत में तमाम हिंदू हिंदू संगठन राजनीति के गलियारे में अपनी दुकान चला रहे हैं। झूठी बयान बाजी करते हैं, लेकिन एक भी संगठन आगे नहीं आया है।

# लापरवाही में कूरेभार एसओ लाइन हाजिर

कूरेभार, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अयोध्या-प्रयागराज हाईवे के बॉर्डर पर कूरेभार थाना है। थाना क्षेत्र में क्राइम रोकने के लिए जमोली बॉर्डर पर पुलिस बूथ भी बनाया गया। साथ ही थाना क्षेत्र को चार हल्के में बांटा गया है। चारो हल्के में एक सब इंस्पेक्टर के साथ पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की गई है। यही नहीं अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एक बाइक समेत पांच वाहनों पर डायल 112 पुलिस टीम की भी तैनाती की गई है। इसके बावजूद क्षेत्र में हत्या, छिनैती, लूट समेत मारपीट की घटनाएं पर पुलिस अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। क्षेत्र में लड़कियों की गुमशुदगी से लेकर मोबाइल चोरी, कट्टे के बट से घायल करने के साथ छोटी छोटी घटनाएं आम हो चुकी है। 24 घंटे पूर्व विद्यालय के प्रबंधक की कार का शीशा तोड़कर उचक्के लाखों रुपये लेकर फरार हो गए। यह घटना थाने से मात्र सौ मीटर की दूरी की है। इसी तरह से कई मामलों में फेल प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा को देर रात कप्तान सोमेन वर्मा ने लाइन हाजिर कर दिया। इस कार्यवाही के बाद अन्य लापरवाह पुलिस कर्मियों में भी हड़कंप मचा है।

### प्रशांत बने सीओ सिटी तो रमेश जयसिंहपुर क्षेत्राधिकारी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** करीब दो साल से अधिक जयसिंहपुर सर्किल में क्षेत्राधिकारी रहे प्रशांत सिंह को पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने सीओ सिटी का प्रभार सौंपा है। वही लाइन में रहे सीओ रमेश को जयसिंहपुर का सीओ का प्रभार सौंपा है। बताते चलें कि सीओ प्रशांत सिंह का दो से अधिक का कार्यकाल बेदाग छवि का रहा। जिसका परिणाम रहा कि प्रशांत सिंह को नगर का सीओ सिटी बनाया गया है। मीडिया से बातचीत के दौरान सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने बताया कि शासन की मंशा के मुताबिक जीरो टॉलरेंस पर कार्य किया जाएगा। किसी भी प्रकार के अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।


प्रशांत सिंह।

## सार-संक्षेप

### प्रियंका को मिला पावर लिफ्टिंग में तृतीय स्थान


प्रियंका शुक्ला।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर के विवेकनगर में प्राथमिक शिक्षा हासिल करने वाली बस्ती जिले की मूल निवासी प्रियंका शुक्ला ऑल इंडिया पुलिस क्लस्टर पावर लिफ्टिंग में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इनके माता एवं पिता दोनों सुलतानपुर जनपद में पुलिस विभाग में सिविल पुलिस तथा एलआईयू में अपनी सेवा वर्षों तक दे चुके हैं। माता-पिता से प्रेरित होकर प्रियंका शुक्ला को भी पुलिस में जाने का जज्बा आया। इसलिए उन्होंने पुलिस महकमे को ही चुना। पिछली बार इण्डिया पुलिस में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्तर प्रदेश इंडियन पुलिस को गोल्ड मेडल लाकर दिया था। 2023 में गोल्ड प्राप्त करने के बाद भी कड़ी मेहनत जारी रखी। उन्होंने मेहनत और लगन के बाद ऑल इंडिया पुलिस क्लस्टर पावर लिफ्टिंग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके पिता चंद्रभान शुक्ला, माता शांति शुक्ला और बहन शिक्षिका अनुपम शुक्ला समेत अन्य शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### सनबीम स्कूल के छात्रों ने फिर से मारी बाजी


पुरस्कृत किए गए सनबीम स्कूल के मेधावी। अमृत विचार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** युवा कल्याण प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन क्षत्रिय भवन में किया गया था। जिसमें सनबीम स्कूल के कक्षा 11 के छात्र मधुरम मिश्रा ने कहानी लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया ।इसी विद्यालय के कक्षा 11 की छात्रा पुष्पांजलि मलिक ने चित्रकला में प्रथम स्थान, कक्षा 12 के छात्र शुभम यादव ने लोक गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 9 की छात्रा इशिका चौधरी ने शास्त्रीय गायन में द्वितीय तथा कक्षा 8 की छात्रा अविका सिंह ने कहानी लेखन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। विभिन्न विधाओं के 19 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में सुलतानपुर शहर के 9 विद्यालयों कै 45 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. शरणजीत कौर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें बधाई दी।

### रचना मिश्रा को मिला गोल्ड मेडल


रचना मिश्रा।

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोइरीपुर कस्बे के मोहल्ला विवेकनगर निवासी रचना मिश्रा पत्नी प्रभात रंजन दुबे आचार्य की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर गोल्ड मेडल महामहिम राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल द्वारा प्राप्त किया। संपूर्णानन्द संस्कृत विश्व विद्यालय के 42वां दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने कोइरीपुर की बहु रचना मिश्रा को आचार्य की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल प्रदान किया है। उन्होंने आचार्य में भाषा साहित्य विषय में विश्वविद्यालय टॉप किया है। उनकी उपलब्धि पर उनके परिजन रमेशचन्द्र दुबे, रमाकांत मिश्र, दिनेश शुक्ला ने ख़ुशी जाहिर किया है।

### प्रशासनिक जज ने किया दीवानी का निरीक्षण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति इरशाद अली ने शनिवार को दीवानी न्यायालय का निरीक्षण किया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय, न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे। प्रशासनिक जज ने न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। न्यायालय में उनके आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। वहीं उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं करने का आदेश दिया।

## धर्म अध्यात्म

### क्षेत्र में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों, लगभग 150 पंडाल सजाए जाएंगे, नवरात्र की अष्टमी से शुरू होता दुर्गा पूजा महोत्सव

# सज रहे मातारानी के दरबार, मूर्तियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर


बल्दीराय में बनाया जा रहा मातारानी का पंडाल।


मूर्तियों में रंग भरता मूर्तिकार। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। जगह-जगह बन रहे पंडाल बनाए जा रहे हैं। मूर्ति को अंतिम रूप देने में मूर्तिकार जुटे हैं। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पारा बल्दीराय, बहुरांवा,ऊपरी, लकेहटा, देहली, पीरो सरैया सहित अन्य जगहों पर लगभग 150 पंडाल सजाए जाएंगे।

नवरात्र की अष्टमी से शुरू होता है सुलतानपुर जिले की ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव जो कि कोलकाता के बाद सुलतानपुर का नाम आता है। विंदेश्वरीगंज क्षेत्र के वचनगंज देवरा के मूर्तिकार अजय शर्मा लगभग 10 वर्षों से मूर्ति बनाने काम करते हैं। अजय ने बताया कि दुर्गा प्रतिमा बनाने में काली, पीली मिट्टी बांस व पराली (पैरा) का उपयोग होता है। मूर्ति को चिकना करने के लिए पीली मिट्टी प्रयोग की जाती है। इस वर्ष अजय ने 25 मूर्तियां बनाई है जिसे सुलतानपुर व अयोध्या जिले में मूर्तियों को जाना है। वहीं धनपतगंज के मूर्तिकार रविंद्र देहली बाजार में मूर्ति बना रहें हैं। उन्होंने 20 मूर्तियां बनाई हैं। दुर्गा प्रतिमा के साथ गणेश जी व लक्ष्मी जी की प्रतिमाएं बन रहीं हैं। वहीं लोग अपने में घरों में नवरात्रि की तैयारी करने में जुट गए हैं।

**लागत के अनुरूप नहीं मिल रहे दामः** मूर्तिकार अजय ने बताया कि लागत के अनुरूप मूर्ति के दाम नहीं मिल रहे हैं। महंगाई के चलते मूर्ति में लगने वाले समान मोती, कलर आदि महंगे हो गए हैं। मूर्ति के दामों में गिरावट है।

### अनुमति के लिए दौड़ रहें हैं समिति के पदाधिकारी

इस वर्ष जिला प्रशासन व तहसील प्रशासन ने दुर्गापूजा महोत्सव के लिए एक गाइडलाइन जारी की है। गाइडलाइन के अनुरूप ही लोग दुर्गा पूजा महोत्सव मना सकते हैं। साथ ही एक फार्म जारी किया गया है। जो भरकर पदाधिकारी स्थानीय प्रशासन के पास जमा करायेगा। जिसमें मूर्ति स्थापना से लेकर विसर्जन तक की जानकारी मांगी गई है।

### चार दशक पहले शुरू हुई थी दुर्गा पूजा

केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति बल्दीराय के संरक्षक आचार्य सूर्यभान पांडेय ने बताया कि शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा की शुरुआत लगभग 1985 से हुई। तब से प्रतिवर्ष क्षेत्र में देवी पंडालों की संख्या बढ़ती जा रही है और क्षेत्रीय ग्रामीणों में आस्था बढ़ती जा रही है। इस बार लगभग डेढ़ सौ पंडाल ग्रामीण क्षेत्र प्रमुख बाजारों को मिलाकर लगेंगे।

# एसडीएम ने 3 लेखपालों पर गिराई गाज, सस्पेंड

## फसल की क्षतिपूर्ति देने में सरकारी धन में हेराफेरी का आरोप

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** बाढ़ से नुकसान हुए फसल की क्षतिपूर्ति देने में सरकारी धन की हेराफेरी करने के आरोप में तीन लेखपाल निलंबित कर दिए गए हैं। खबर के अनुसार बताया जाता है कि शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जुलाई में आई बाढ़ के बाद राहत वितरण में पांच लाख रुपये से अधिक धनराशि अपात्रों को बांट दी गई। डीएम के निर्देश पर हुई जांच में खुलासे के बाद एसडीएम शोहरतगढ़ चंद्रभान सिंह ने लेखपाल ओमप्रकाश, दुर्गेश शर्मा, जगदीश चौरसिया को निलंबित कर दिया है।

जुलाई में आई बाढ़ से शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के पकड़िहवा, तालकुंडा, पचऊध के लेखपालों ने फर्जीवाड़ा कर 36 अपात्र किसानों को फसल क्षतिपूर्ति दिला दी। इन गांवों से संबंधित तीनों लेखपालों ने फर्जी तरीके से दस्तावेज लगाकर अपात्र किसानों को लाभार्थी दिखा दिया और उनका नाम बाढ़ राहत पोर्टल पर दर्ज कर धनराशि दिला दी। जिन लोगों के नाम धनराशि स्थानांतरित की गई, वे सभी भूमिहीन हैं। उक्त तीनों गांवों के किसानों का आरोप था कि लेखपाल ने बाढ़ पीड़ित किसानों के नाम काट दिए। साथ ही फर्जी तरीके से सर्वे कर जो भूमिहीन थे उनके कागजात तैयार कर पोर्टल फीडिंग कर उन्हें अनुदान दिला दिया। संबंधित लेखपालों ने जिन किसानों को फर्जीवाड़ा की धनराशि मिली थी, उनसे मिलकर धन का बंदरबाट कर ली है। मामले का संज्ञान लेकर जांच टीम गठित कर जांच करवाई गई। एसडीएम ने जांच में मामले की पुष्टि होने पर तीनों लेखपालों को निलंबित कर दिया। साथ ही इन पर कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा है।

**लेखपालों ने फर्जीवाड़ा कर 36 अपात्र किसानों को दिला दी फसल क्षतिपूर्ति**

> अपात्रों को फसल क्षतिपूर्ति की रकम देने के मामले की जांच के बाद तीन लेखपालों ओमप्रकाश, दुर्गेश शर्मा, जगदीश चौरसिया को डीएम के निर्देश पर निलंबित कर दिया गया है।
>
> –चंद्रभान सिंह, एसडीएम, शोहरतगढ़

# सिंचाई विभाग बचे कार्यों का लें संज्ञान

**सिद्धार्थनगर। अमृत विचार:** शोहरतगढ़ विधानसभा अंतर्गत बाढ़ की विभीषिका को देखते हुए पूर्व जिलाधिकारी एवं दिशा की बैठक मे विधानसभा के कटान, बांध, नहर, नदी कटान कुल 16 बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करवाया था। उक्त बातें शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा, उन्होंने कि उक्त बिंदुओं की रिपोर्ट संबंधित विभाग से जिलाधिकारी के माध्यम से आग्रह किया है। किसी कारण वश रिपोर्ट आजतक नहीं मिल पाई है।

चूंकि बाढ़ की विभीषिका का अंदेशा इस बार भयावह होने की सूचना दी जा रही है। ऐसे में खासकर सिंचाई विभाग से कहना चाहता हूं कि पूर्व के शेष बचे कार्यों को संज्ञान में लेकर निष्पादित करने की दिशा में तत्परता दिखाये, जिससे आने वाले समय में विकट हालातों से निजात पाया जा सकेगा। आनेवाली चुनौतियों के लिए तैयार रहने की ज़रूरत है, जिसमें हम सभी शासन-प्रशासन की अहम भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।

# 30 घरों में घुसा बाढ़ का पानी, लोग परेशान

संवाददाता, शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर





घरों में पानी घुसने के बाद बाहर खड़े लोग।

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के बानगंगा नदी में पानी का जलस्तर बढ़ने से नदी तट के गांव लेदवा व गजहड़ा में बाढ़ विभीषिका का दंश हजारों नागरिक झेल रहे हैं।

कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा के प्राथमिक विद्यालय के सभी कमरों में अचानक रात में बाढ़ का पानी घुसने से चावल, गेहूं, रजिस्टर आदि सामान भीग कर खराब हो गया है। सुबह के समय प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार, राकेश कुमार, सरोज श्रीवास्तव, पवन कुमार आदि शिक्षकों ने विद्यालय पहुंचकर विद्यालय में रखे सामानों को सुरक्षित जगह रखने में जुट गये। विद्यालय के चारों तरफ पानी होने व कमरों और परिसर में काफी पानी होने से भवन की दीवारों व छत में दरार पड़ गयी है। लेखपाल जिज्ञासा पाण्डेय ने बताया कि लगभग 30 घरों में बाढ़ पानी घुसा है, लोग परेशान हैं। गांव की सड़कों से आवागमन प्रभावित है। गांववालों ने कहा कि बानगंगा का जलस्तर बढ़ता ही जा रहा है। अगर महथा रिंग बांध में हो रहे कटान व रिसाव को सही नहीं कराया गया तो तबाही मच सकती है। वहीं एसडीएम चन्द्रभान सिंह, बीडीओ यशोवर्धन सिंह, अवर अभियन्ता सिंचाई अभिजीत सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी अजय भारतीया, लेखपाल जिज्ञासा पाण्डेय, आयुषी, मुस्ताक, अशोक आदि लोग क्षेत्र के बाढ़ स्थल का जायजा लेने में जुटे रहें।

### लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर। अमृत विचार :** जनपद में बाढ़ तो वैसे लोगों को विरासत के रूप मिल चुकी है, जिसका यहां के लोगों का हर साल बाढ़ से कितना नुकसान तथा जन-धन की हानि होती है। बरसात शुरू होते ही पूर्व में दो बार बाढ़ ने अपना रौद्र रूप दिखाया, जिससे हजारों एकड़ फसले तथा जनधन नदियों का जलस्तर काफी बढ़कर घरों में पानी घुसना शुरू हो गया। लगातार 3 दिन से बारिश से लोगों के घरों में पानी घुसना शुरू हो गया है। शहर से लेकर गांव तक जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हजारों एकड़ फसले पानी में डूब गई है। ऐसे में पानी भरने के कारण किसान परेशान है। फिलहाल शुक्रवार को भी आसमान में घने बादल छाए रहे। रिमझिम बरसात रही है। लोगों कहना है कि अब बरसात अभी दो-चार दिन और हो सकती है। अगर इसी तरह से भीषण बरसात होता रहा तो जनपद बाढ की संभावनाएं एक बार बड़ी दस्तक दे सकती है। नदियों का जलस्तर भी बढ़ता दिखाई दे रहा है।

# 9 फेरों के लिए चलेगी त्योहार विशेष ट्रेन

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 09027/09028 बान्द्रा टर्मिनस-मालदा टाउन-बान्द्रा टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी का संचालन बान्द्रा टर्मिनस से 02, 09, 16, 23, 30 अक्टूबर तथा 06, 13, 20 एवं 27 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक बुधवार को तथा मालदा टाउन से 05, 12, 19, 26 अक्टूबर तथा 02, 09, 16, 23 एवं 30 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक शनिवार को 9 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

09027 बान्द्रा टर्मिनस-मालदा टाउन त्यौहार विशेष गाड़ी 02, 09, 16, 23, 30 अक्टूबर तथा 06, 13, 20 एवं 27 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक बुधवार को बान्द्रा टर्मिनस से 11 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 11.36 बजे, वापी से 13.12 बजे, सूरत से 14.25 बजे, भरूच से 15.04 बजे, वडोदरा 16.15 बजे, गोधरा से 18.02 बजे, रतलाम से 21.05 बजे, दूसरे दिन कोटा से 01.05 बजे, सवाई माधोपुर से 02.40 बजे, गंगापुर सिटी से 03.30 बजे, बयाना से 06.12 बजे, आगरा फोर्ट से 09.15 बजे, टूण्डला से 10.55 बजे, इटावा से 11.53 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 14.15 बजे, ऐशबाग से 15.30 बजे, बाराबंकी से 16.52 बजे, गोण्डा से 20.20 बजे, बस्ती से 22.10 बजे, तीसरे दिन गोरखपुर से 00.15 बजे, सुल्तानगंज से 12.04 बजे, भागलपुर से 12.45 बजे, कहलगांव से 13.15, साहिबगंज से 14.00 बजे, बड़हरवा 15.08 बजे तथा न्यू फरक्का से 15.32 बजे छूटकर मालदा टाउन 16.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 09028 मालदा टाउन-बान्द्रा टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी 05, 12, 19, 26 अक्टूबर तथा 02, 09, 16, 23 एवं 30 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक शनिवार को मालदा टाउन से 17.30 बजे प्रस्थान कर न्यू फरक्का से 18.04 बजे, बड़हरवा से 18.30 बजे, तीसरे दिन बयाना से 01.32 बजे, गंगापुर सिटी से 02.32 बजे, इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 12, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर./डी. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# महिला सुरक्षा व साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर पुलिस लाइन के ह्वाइट हाउस में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त महिला बीट अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसएसपी ने बीट अधिकारियों से कहा की अपने क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल, कॉलेज आदि में जाकर महिला सुरक्षा, साइबर जागरूकता आदि के संबंध में जागरूक करने का कार्य करें। स्कूलों/कालेजों के प्रधानाचार्य को अपना नम्बर व थाना प्रभारी का मोबाइल नम्बर नोट कराएं ताकि समय पर काम आए। आगामी त्योहारों में स्थापित होने वाले दुर्गा पाण्डालों के आयोजकों से संपर्क कर सूचना संकलित करें। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अपने बीट क्षेत्र में स्थापित कैमरों को चेक करने एवं संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर कैमरे लगवाए। महिला बीट अधिकारियों को शराब की दुकान, पर्यटन स्थल व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में चेकिंग करने एवं शोहदों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। ड्यूटी के दौरान महिला बीट अधिकारियों के समक्ष आने वाली समस्याओं को एसएसपी ने सुना उसको निस्तारित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध सुधीर जायसवाल अंडर ट्रेनिंग क्षेत्राधिकारी विवेक सहित सभी थानों के महिला बीट अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने बांध का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर। अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने तहसील शोहरतगढ़ के धनौरा मुस्तहकम में सरयू नहर खण्ड पर बने बांध का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने बंधे का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पानी बढ़कर बांध पर आता है तो उस पर सीमेन्ट की बोरी में भरकर कंक्रीट आदि डालने का निर्देश दिया। इसके साथ ही हल्का लेखपाल को निर्देश दिया कि रात्रि में यही पर रहेंगे। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी शोहरतगढ चन्द्रभान सिंह व एवं अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# त्योहारों को लेकर एसएसपी ने दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर कैंप कार्यालय से ऑनलाइन जुड़कर आगामी त्योहारों नवरात्रि, रामनवमी व दशहरा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि आगामी त्योहार दुर्गा पूजा के दौरान स्थापित होने वाली मूर्तियों का भौतिक सत्यापन व मूर्तिकारों का सत्यापन थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र के बीट अधिकारी से कराकर नोडल अधिकारी को सूचित करें। समस्त नोडल अधिकारी एवं थानाप्रभारी/थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थापित होने वाली दुर्गा प्रतिमा के पाण्डालों का निरीक्षण करें।

सभी नोडल अधिकारी एवं थाना प्रभारी/ थानाध्यक्ष को अपने क्षेत्र के आयोजकों, डीजे संचालकों, मूर्तिकारों व पीस कमेटी के साथ मीटिंग कर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने का निर्देश एसएसपी ने दिया। एसएसपी ने सभी नोडल अधिकारियों से कहा की प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्रों में स्थापित दुर्गा पाण्डालों का भ्रमण करें। त्योहार के दौरान यातायात के सकुशल आवागमन एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने का यातायात नोडल अधिकारी को निर्देश दिए। त्योहार के दौरान सभी स्थापित दुर्गा पाण्डालों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष ड्यूटी लगाई जाए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक यातायात संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार ऑनलाइन सभी सीओ व थाना प्रभारी जुड़े रहें।

## सार-संक्षेप

### बाढ़ प्रभावित गांवों को लेखपाल करें सर्वे : डीएम

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर। अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने तहसील शोहरतगढ़ के विकास खण्ड बढ़नी के टोला बालानगर खैरी शीतल प्रसाद का बाढ़ के दृष्टिगत निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने हल्का लेखपालों को निर्देश दिया कि बाढ़ से प्रभावित गांवों का सर्वे कर ले। ग्रामो में बुजुर्ग, महिला/पुरूष, बीमार व्यक्तियों को चिन्हित कर ले। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित गांव में ऐसी महिला जो गर्भवती है और उसकी डिलेवरी 15-20 दिनों के अन्दर होना है तो उसे पहले से ही चिन्हित कर सुरक्षित प्रसव करने हेतु सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया जाये, जिससे उस परिवार के लोगों को कोई समस्या न होने पाये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ को निर्देश दिया कि दिया कि अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर बांधों का निरीक्षण करें। बाढ़ प्रभावित गांवों में लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। आवश्यकता पड़ने पर लंच पैकेट का वितरण करायें। नाव की व्यवस्था तत्काल कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मेडिकल टीम गांवों में लोगों का जांच कर आवश्यक दवायें उपलब्ध कराये। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी चन्द्रभान सिंह, संबधित हल्का लेखपाल, एवं अन्य संबधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### गर्भवती महिलाओं की कराई गई गोद भराई



**संवाददाता, सिद्धार्थनगर। अमृत विचार :** बढ़नी ब्लॉक के सभागार में बाल विकास विभाग की ओर से राष्ट्रीय प्रोषण माह के अंतर्गत कार्यक्रम किया गया। इसमें सात गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व सात धात्री महिलाओं के बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं व बच्चों का कुपोषण दूर करने की योजना बनाई गई है। इसमें अहम भूमिका बाल विकास परियोजना विभाग निभा रहा है। बीडीओ मुरली मनोहर मिश्र ने कहा कि इसको कुपोषण को दूर करने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की अहम भूमिका है। कार्यक्रम को खंड शिक्षा अधिकारी बढ़नी तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर पाठक ने भी संबोधित किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी रविंद्र यादव ने कहा कि गोद भराई कार्यक्रम तो प्रत्येक माह होता है, लेकिन एक से 30 सितंबर तक पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान सुपरवाइजर सरिता तिवारी, मोहर्ती देवी, सरिता तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में चंद्रावती, शकुंतला चौरसिया, मृदुला, रेणुका विश्वास, सीता देवी, प्रमिला, मीनू, सरिता आदि मौजूद रहीं।

### चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को जय किसान इंटर कालेज सकतपुर सनई में आत्म निर्भर भारत, वोकल फार लोकल तथा विकसित भारत विषय पर संवाद, संभाषण, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। निबंध लेखन प्रतियोगिता में विक्रमादित्य प्रथम, आदित्य मद्धेशिया द्वितीय एवं ताहिर अली तृतीय। संवाद एवं संभाषण कार्यक्रम में कुमारी सभ्या प्रथम, तरुण गुप्ता द्वितीय, आशीष तृतीय। चित्रकला प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम, खुशबू द्वितीय एवं मनीषा यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई में आयोजित कार्यक्रम के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं का योगदान सराहनीय है। डीआईओएस सोमारू प्रधान ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत जनपद के विभिन्न विद्यालयों में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत एवं वोकल फार लोकल विषय निर्धारित था। अंत में विधायक समेत जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने सफल बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। संचालन शिक्षक सच्चिदानंद शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य श्यामानंद श्रीवास्तव सहित बब्लू श्रीवास्तव, नित्यानंद, शशिकला, सतीश कुमार सिंह, बाबूराम, धीरचंद रावत महेंद्र चौधरी, उमेश गुप्ता आदि की उपस्थिति रही।

### सादगी के साथ मनाई जाएगी गांधी जयंती

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** 2 अक्टूबर गांधी जयन्ती को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने तथा इस अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किये जाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया कि 2 अक्टूबर गांधी जयन्ती समारोह को सादगी एवं सम्मानपूर्वक आयोजित किया जायेगा। 01 अक्टूबर 2024 को सभी सरकारी भवनों, चौराहों पर लगे मूर्तियों एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के स्तम्भों की साफ-सफाई व्यवस्था सम्बन्धित नगरपालिका/नगर पंचायत के अधि .अधिकारी द्वारा कराये जाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि 02 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। कार्यालयों तथा विद्यालयों तथा अन्य संस्थानों के हाल में विभागाध्यक्ष द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया जायेगा तथा उनके जीवन से सम्बन्धित जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में जानकारी दी जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रात: 10 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय के सभी वार्डो में विशेष सफाई व्यवस्था एवं मरीजों में फल वितरण के साथ ही साथ जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के समारोह को पूरे मनोयोग के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंडलों पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे पर 'स्वच्छ भारत मिशन' की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता' थीम पर चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत 28 सितम्बर, 2024 को मुख्यालय एवं मंडलों पर स्वच्छता जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबन्धक/लखनऊ आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में लखनऊ मंडल के गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, ऐशबाग, लखनऊ जं. सहित अन्य स्टेशनों पर मानव श्रृंखला, स्वच्छता संवाद, स्वच्छता क्विज़, स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ तथा 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधारोपण किया गया। बस्ती स्टेशन पर रेल कर्मियों, स्वच्छता कर्मचारियों, वेंडर्स, कुली तथा यात्रियों द्वारा स्वच्छता शपथ के साथ स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। लखनऊ जं. स्टेशन परिसर के छत तथा बादशाहनगर स्टेशन की गहन साफ-सफाई की गई साथ ही विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों की सफाई की गई। इस अभियान के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबन्धक वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार वाराणसी मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर 'यूथ कनेक्ट और क्लीनिंग एण्ड अपग्रेडेशन ऑफ पब्लिक ट्वायलेट एट स्टेशन एंड ट्रेन' के अन्तर्गत युवाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा प्रसाधनों की गहन साफ-सफाई की गई। विभिन्न स्टेशनों पर रेल यात्रियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने हेतु सार्वजनिक जागरूकता कार्यशाला, चौपाल, पैम्फलेट, सेल्फी प्वाइंट, सामूहिक श्रमदान, मानव श्रृंखला, स्वच्छता संवाद आदि का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबन्धक ,इज्जतनगर सुश्री रेखा यादव के मार्गदर्शन में इज्जतनगर मंडल में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता निरीक्षण तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत पौधारोपण किया गया। विभिन्न स्टेशनों, कार्यालयों, कॉलोनियों में सामूहिक श्रमदान एवं गहन साफ-सफाई की गई। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# दुर्गा पूजा की तैयारियां तेज, सजने लगे पंडाल

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार:** तहसील मुख्यालय डुमरियागंज समेत क्षेत्र के कई स्थानों पर परंपरागत दुर्गा पूजा पंडाल बनने लगे हैं। इनमें मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। नवरात्र के पहले दिन नगर के कुछ मोहल्लों में आदिशक्ति को विराजमान किया जाएगा। इसके लिए मां दुर्गा की मूर्तियों को आकार देने और सजाने संवारने के मूर्तिकार पूरी लगन से जुटे हुए हैं।

जिले में आदिशक्ति की उपासना का पर्व तीन से 12 अक्तूबर तक मनाई जाएगा। नवरात्र में डुमरियागंज समेत तहसील क्षेत्र के बेवा, भडरीया, मन्नीजोत, धोबहा, चौखड़ा, सहित अन्य स्थानों पर परंपरागत तरीके से पूजा पंडाल सजाए जाते हैं। इसके चलते मूर्तिकार भी दिन रात मेहनत दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम आकार देने में जुटे हैं। डुमरियागंज से बढ़नी मार्ग पर स्थित मूर्तिकार सुनील पाल ने बताया कि 100 दुर्गा मूर्ति बना रहे हैं, जिसमें 84 की बुकिंग हो चुकी है। दो अक्टूबर से श्रद्धालु दुर्गा प्रतिमाओं को ले जाएंगे। मूर्तिकारों ने बताया कि एक मूर्ति को तैयार करने में करीब पांच से छह दिन लगते है। प्रतिमाओं को तैयार करने का काम अंतिम चरण में है।

# 9 फेरे लगाएगी उधना-छपरा-उधना एक्सप्रेस

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 09013/09014 उधना-छपरा-उधना त्यौहार विशेष गाड़ी का संचालन उधना से 05, 12, 19, 26 अक्टूबर तथा 02, 09, 16, 23 एवं 30 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक शनिवार को तथा छपरा से 06, 13, 20, 27 अक्टूबर तथा 03, 10, 17, 24 नवम्बर एवं 01 दिसम्बर, 2024 दिन प्रत्येक रविवार को 09 फेरों के लिये किया जायेगा।

09013 उधना-छपरा त्यौहार विशेष गाड़ी 05, 12, 19, 26 अक्टूबर तथा 02, 09, 16, 23 एवं 30 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक शनिवार को उधना से 07.00 बजे प्रस्थान कर भरूच से 08.17 बजे, वडोदरा से 09.30 बजे, गोधरा से 11.32 बजे, रतलाम से 14.15 बजे, उज्जैन से 16.15 बजे, संत हिरदाराम नगर से 19.17 बजे, बीना से 22.20 बजे, सागर से 23.52 बजे, दूसरे दिन दमोह से 01.07 बजे, कटनी मुड़वारा से 03.15 बजे, बलिया से 16.50 बजे छूटकर छपरा 19.30 बजे पहुँचेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# फुटबॉल में खिलाड़ियों ने पहली बार जीता कांस्य

संवाददाता, गोरखपुर



जीत के बाद जश्न मनाते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय फलक पर उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में, 23 से 28 सितम्बर, 2024 तक नागपुर में आयोजित 79वीं अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैम्पियनशिप के नॉकआउट राउंड मैचों में पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के इतिहास में पहली बार अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैम्पियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त किया। चैम्पियनशिप के शुरुआत से ही पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जो अंत तक जारी रहा। फुटबॉल टीम के बेहतर प्रदर्शन में कोच अरविंद प्रताप सिंह एवं सहायक कोच, मिथुन विश्वास का विशेष योगदान रहा है।

79वीं अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैम्पियनशिप के 24 अगस्त से 02 सितम्बर तक चितरंजन में खेले गये लीग मैच में पूर्वोत्तर रेलवे का पहला मैच पश्चिम रेलवे से ड्रा रहा, जबकि दूसरे मैच में पूर्व मध्य रेलवे को 6-0, तीसरे मैच में उत्तर पश्चिम रेलवे को 3-0, चौथे मैच में रेलवे सुरक्षा बल को 2-1 तथा पाँचवें और अंतिम लीग मैच में चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स सीएलडब्ल्यू को 1-0 से पराजित कर नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। 23 से 28 सितम्बर, 2024 तक नागपुर में खेले गये नॉकआउट राउंड में पूर्वोत्तर रेलवे की टीम ने पूर्व रेलवे को 1-0 से पराजित किया, जबकि सेमीफाइनल में पूर्वोत्तर रेलवे की टीम मेट्रो रेलवे से 1-3 से पराजित हुई। तीसरे स्थान के लिये खेले गये अंतिम मुकाबले में पूर्वोत्तर रेलवे की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये पश्चिम रेलवे को 1-0 से पराजित कर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस चैम्पियनशिप में पूर्वोत्तर रेलवे की टीम में मो. शकील, नुरुद्दीन, शिवम शर्मा, अभिषेक, विक्की, अशफाक, बुद्धिराम, धर्मेन्द्र, ज्ञानेन्द्र, जीयुत, प्रदीप, मुकेश, मो. कमालुद्दीन, सन्नी, मनीष, अरुप, पिन्टू, प्रवीन, एडमिन, बलकार एवं गोपाल थे। पूर्वोत्तर रेलवे के फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर, अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे दिनेश कुमार सिंह, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ नरसा के अध्यक्ष अभय कुमार गुप्ता, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बधाई दी।

## एक नजर

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 1 अक्टूबर को

संतकबीरनगर, अमृत विचार। शारदीय नवरात्र, दुर्गापूजा और दशहरा का पर्व शान्ति और सकुशल सम्पन्न कराए जाने के साथ ही जिले में कानून व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में 1 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित होगी। उक्त बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों कीससमय उपस्थिति अनिवार्य होगी। बताते चलें कि इस वर्ष शारदीय नवरात्रि व दुर्गापूजा का त्योहार आगामी 3 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रहा है और 12 को विजय दशमी के दिन सम्पन्न हो जाएगा।

### संजू कुशवाहा जिला अध्यक्ष तो हर्ष बने जिला संरक्षक

कुशीनगर, अमृत विचार :आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष गीतांजलि मौर्या और प्रदेश महामंत्री उषा मौर्या की देख रेख मे जनपद कुशीनगर से संजू कुशवाहा को जिलाध्यक्ष व हर्ष प्रताप सिंह उर्फ वैभव प्रताप सिंह को जिला संरक्षक पद की जिम्मेदारी दी गयी। जिससे जनपद कुशीनगर में कार्यकत्रियो में हर्ष का माहौल है। जिलाधक्ष और जिला संरक्षक ने बताया कि कुशीनगर में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिका के हित सर्वोपरि हैं।

### दुष्कर्म में वांछित आरोपी गिरफ्तार

कुशीनगर, अमृत विचार :जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार को थाना कुबेरस्थान पुलिस दुष्कर्म में वांछित आरोपी सागर कुमार पुत्र रामकिशुन निवासी सेखवनिया खुर्द टोला झंगुवा थाना कुबेरस्थान को गिरफ्तार कर लिया।

### अपहरण का वांछित अभियुक्त पकड़ा गया

कुशीनगर, अमृत विचार : जिले की खड्डा पुलिस अपहरण के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त संजय पुत्र जोखू भारती निवासी चमरडीहा (सहजौली) थाना खड्डा को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई करने के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# 42 घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश ने मचाई तबाही

## कार्यालयों, दुकानों व घरों में घुसा बरसात का पानी, खेतों में खड़ी धान की फसल को हुआ नुकसान

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। पिछले 42 घंटों से जिले में जारी मूसलाधार बारिश ने चारों तरफ तबाही मचा दी। भीषण बरसात के चलते जल निकासी की व्यवस्था ध्वस्त हो गई। जिसके चलते जनपद मुख्यालय की सड़कों की हालत नदी जैसी दिखने लगी। आलम यह हुआ कि तमाम सरकारी कार्यालयों, परिसरों, दुकानों और लोगों के घरों में घुटने तक पानी लग गया। इसके चलते लोगों को भारी मुसीबतें झेलनी पड़ीं और व्यापारियों का करोड़ों रुपए का सामान भीगकर बर्बाद हो गया। सबसे बड़ी समस्या हाइडिल कालोनी में देखी गई। यहां कालोनी का पानी ओवरफ्लो करके पावर हाउस में भर गया। इसी दौरान एक विशालकाय पेड़ हाईटेंशन तार पर गिर गया। इसके चलते बगल में खड़े पोल और तार जमींदोज हो गए। हालत यह हुई कि शहर के तमाम मोहल्लों समेत ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो लगभग आधा दर्जन ब्लाक परिसरों में पानी भर गया। किसानों की जल्दी तैयार होने वाली धान की फसल खेतों में जमींदोज हो गईं और उसके ऊपर एक से डेढ़ फीट पानी लग गया। किसानों को अपनी फसलें बर्बाद होने की चिंता सताने लगी है।


बरसात के चलते खेत में गिरी धान की फसल


हाइडिल कालोनी में भरा बारिश का पानी।


गोला बाजार में सड़क पर गिरा पेड़।

### जेसीबी मशीन लेकर दौड़ते रहे नगरपालिका कर्मी

संतकबीरनगर। भारी बरसात के बीच जगह जगह हुए जल जमाव को दूर कराने के लिए नगरपालिका कर्मचारी शनिवार को पूरे दिन जेसीबी लेकर भागदौड़ करते रहे। दोपहर बाद बारिश का दौर थमा तो कर्मचारियों ने जेसीबी की सहायता से जगह जगह जाम पड़े नालों का कचरा हटाकर जल निकासी की समस्याएं दूर कराईं। शाम होते-होते शहर की सड़कों पर लगा पानी नालों के रास्ते बाहर निकल गया तो लोगों ने राहत की सांस ली।

### बारिश के चलते शनिवार को भी घरों में कैद रहे लोग

संतकबीरनगर। गुरुवार की दोपहर बाद से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा। शनिवार को भी मूसलाधार बारिश के चलते लोग घरों में कैद रहे। ठेला और पटरी दुकानदारों की दुकानें नहीं लगीं तो वहीं स्थाई दुकानों के सामने भारी जल जमाव और लगातार बारिश के चलते ग्राहक नहीं पहुंचे।

### रविवार को भी मौसम खराब रहने के आसार

संतकबीरनगर। मौसम विभाग ने रविवार को भी बारिश की सम्भावना जताई है। संतकबीरनगर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के आधा दर्जन जनपदों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा दर्जनों जनपदों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि शनिवार की दोपहर बाद से जिले में बारिश का दौर थम गया है लेकिन आसमान में घने बादल छाए हैं और हल्की हवाओं का दौर जारी है।

## भारी बारिश को देखते हुए डीएम ने अधिकारियों को सतर्क दृष्टि बनाए रखने के लिए निर्देश


भारी बारिश के चलते गिरे मकान का जायजा लेता तहसील कर्मी।

संतकबीरनगर, अमृत विचार। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने भारी बारिश को देखते हुए जनपद की तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों सहित क्षेत्रीय राजस्व कर्मचारियों और लेखपालों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए किसी भी प्रकार की आपदा से बचाव और क्षति की दशा में मौके पर पहुंचकर क्षति का आंकलन करते हुए नियमानुसार कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी के निर्देश पर तीनों सर्किल एरिया के उप जिलाधिकारियों द्वारा अपने अपने तहसील क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है। कहीं से कोई भी जनहानि और पशुहानि की सूचना नहीं मिली है। कुछ कच्चे मकान और रिहायशी झोपड़ियां गिरी हैं। जिसकी सूचना पर राजस्व कर्मियों द्वारा नुकसान का आंकलन किया गया है। पीड़ितों को शीघ्र ही मुआवजा दे दिया जायेगा। उप जिलाधिकारी धनघटा रमेश चंद ने बताया कि तहसील धनघटा अन्तर्गत सरयू नदी के बढ़े हुए जलस्तर के कारण आई बाढ़ से प्रभावित 20 गांवों के 2100 प्रभावित परिवारों में से शनिवार तक 2085 परिवारों को बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया जा चुका है। एसडीएम धनघटा ने बताया कि पिछले 48 घण्टों से हो रही बारिश से कोई जनहानि या पशुहानि नहीं हुई है। तहसील क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में तीन आवासीय घरों को अतिवृष्टि के कारण आंशिक क्षति हुई है। जिसके सापेक्ष अनुमन्य सहायता प्रदान किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। तहसील मेंहदावल से प्राप्त सूचना के अनुसार मोहम्मद इस्माइल निवासी ग्राम कुसुरखुर्द, मनोज निवासी ग्राम छपिया पराग, इब्राहीम, अली हुसैन और अब्दुल हफीज निवासी ग्राम कम्हरिया, राजेश कुमार निवासी ग्राम सांथा और राजपति निवासी ग्राम मीरपुर के मकान की छत भारी बरसात के चलते क्षतिग्रस्त होने की सूचना तहसील आपदा कार्यालय में प्राप्त हुई है। आपदा राशि के नियमानुसार भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। शीघ्र ही पीड़ितों में नियमानुसार सहायता राशि का भुगतान संबंधित के बैंक खाते में कर दिया जाएगा।

# बाढ़ पीड़ितों ने रास्ता जाम कर किया प्रदर्शन

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर, अमृत विचार। धनघटा तहसील क्षेत्र के बाढ़ से प्रभावित गांव अगापुर गुलरिहा, चपरा पूर्वी और खाले पुरवा गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने शुक्रवार की देर शाम नेतवापुर बंधे पर पहुंचकर संतकबीरनगर से अंबेडकरनगर को जाने वाले बिडहर घाट मार्ग को जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले लोगों का आरोप है कि हल्का लेखपाल ने जातिवाद की राजनीति करते हुए अन्य जाति के लोगों को लाभ नहीं पहुंचाने की मंशा पालकर हम लोगों को बाढ़ राहत सामग्री से वंचित कर दिया। इससे आजिज होकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने नेतवापुर बंधे पर पहुंचकर घंटों जाम लगाकर प्रदर्शन किया। घटना की सूचना मिलते ही धनघटा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम को खुलवाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण हल्का लेखपाल को तत्काल हटाए जाने की मांग पर अड़े रहे।


धनघटा-बिड़हरघाट मार्ग को जाम कर प्रदर्शन करते ग्रामीण

पुलिस को जाम खुलवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उन्हें शीघ्र ही बाढ़ राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर तहसीलदार धनघटा योगेंद्र कृष्णा पांडेय ने बताया कि बाढ़ राहत सामग्री वितरण में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया है। फिर भी अगर कोई वंचित रह गया है तो उसको भी लाभ पहुंचाने का कार्य तहसील प्रशासन द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में राम संवारे चौधरी, संवरू सिंह चौहान, नेबुल मिश्र, सूरज जायसवाल, राम हरक, सुलेखा, पूनम चौहान, रिंकी, कुसुम, दीपाली, सुनैना, रामरती देवी सहित दर्जनों बाढ़ पीड़ित मौजूद रहे।

# बनने के डेढ़ वर्ष बाद ही गड्ढों में तब्दील हुई सड़क

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

अमृत विचार। धनघटा तहसील क्षेत्र का प्रजापतिपुर-कटारमिश्र मार्ग राहगीरों के लिए जानलेवा बनता जा रहा है। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व इस सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनवाया गया था। आलम यह है कि इस सड़क के आधा दर्जन स्थानों पर बड़े और जानलेवा गड्ढे बन चुके हैं। इसके चलते इस सड़क पर चार पहिया वाहनों से आवागमन सम्भव नहीं रह गया है। सड़क पर छितौनी गांव से पश्चिम, रामपुर गांव के बगल में, माधोपुर स्थित रैम्प के अगल-बगल और निरंजनपुर गांव के पास बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था के ठेकेदार और तहसील प्रशासन से मामले की शिकायत की लेकिन जिम्मेदारों द्वारा मामले का संज्ञान नहीं लिया गया। पिछले दो दिनों से जारी बरसात के चलते सड़क की दशा बेहद खराब हो गई है। आलम यह है कि ग्राम रामपुर के पास बने गड्ढे को पार करना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। विभागीय गाइडलाइन के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क बनाने वाले ठेकेदार को अगले पांच वर्षों तक सड़क की देखरेख और मरम्मत की जिम्मेदारी उठानी पड़ती है। इसके लिए ठेकेदार की जमानत राशि पांच वर्षों तक विभाग के पास बंधक रहती है। लेकिन ठेकेदार ने सड़क निर्माण कराने के बाद कभी इस सड़क की स्थिति जानने का प्रयास नहीं किया। हद तो तब हो गई कि जब शिकायत मिलने के बावजूद ठेकेदार ने सड़क की मरम्मत कराने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। इस बारे में एसडीएम धनघटा रमेश कुमार ने बताया कि शीघ्र ही सड़क की जांच कराकर कार्यदाई संस्था को उसकी मरम्मत कराने का निर्देश दिया जाएगा। कार्यदायी संस्था ने मरम्मत कराने में दिलचस्पी नहीं दिखाई तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


प्रजापतिपुर-कटारमिश्र रोड पर बना गड्ढा।

## सार-संक्षेप

### एसओ लालगंज व विवेचक को सीडब्ल्यूसी ने किया तलब

बस्ती,अमृत विचार। न्याय पीठ बाल कल्याण समिति ने एक नाबालिग बालिका को रात भर लालगंजथाने में रोकने के मामले में मुकामी एसओ तथा मुकदमे के विवेचक को तलब कर स्पष्टीकरण मांगा है। इससे संबंधित पत्र पुलिस अधीक्षक बस्ती तथा थाने पर भेज दिया गया है। बताते चलें कि उक्त थाना क्षेत्र के एक अभिभावक ने अपनी बेटी के घर से कहीं चले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने प्रयास करते हुए बालिका को बरामद और उसका अपहरण करने वाले अपहरण कर्ता को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस को बरामद बालिका को सीडब्ल्यूसी के समक्ष 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करना चाहिए था, लेकिन पुलिस ने बरामद बालिका को प्रस्तुत करने के बजाय थाना परिसर में ही रात भर रोके रखा था, दूसरे दिन न्याय पीठ के सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसके मेडिकल का आदेश किया गया। बालिका ने न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत होने के बाद उक्त बात की जानकारी दी, कि उसे रात में थाना परिसर में रखा गया था। इस बात की जानकारी होने पर न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, डॉ. संतोष श्रीवास्तव तथा मंजू त्रिपाठी ने इस बात को बाल अधिनियम 2015 का उल्लंघन मानते हुए थानाध्यक्ष एवं मामले के विवेचक से स्पष्टीकरण मांगा है। इस संबंध में सीडब्ल्यूसी के चेयर परसन प्रेरक मिश्रा ने बताया कि किसी भी नाबालिग को थाने में नहीं रोकना चाहिए, यह नाबालिग के सर्वोच्च हित में बाधक है तथा विधिक प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब हो जाता है,जो कि नाबालिग के हित में ठीक नहीं है।

### पगरा-सोहसा मार्ग के चौड़ीकरण के लिए भेजा प्रस्ताव

कुशीनगर, अमृत विचार : पगरा से रामनगर से होते हुए सोहसा तक सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण को लेकर हाटा विधायक मोहन वर्मा के प्रस्ताव पर लोक निर्माण विभाग कुशीनगर तथा मुख्य अभियंता गोरखपुर द्वारा प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। 8 .5 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिये मुख्य अभियंता गोरखपुर लोनिवि ने 12 करोड़ 22 लाख रुपए का वित्तीय सहमति प्रदान करने के लिए मुख्यालय अभियंता-1 को पत्र प्रेषित किया। इसके पश्चात मुख्यालय अभियंता ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग से धन स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया है। पगरा वाया रामनगर सोहसा सड़क निर्माण की खबर से जनता में खुशी की लहर है। क्षेत्रीय विधायक मोहन वर्मा के इस प्रयास के लिए लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

### वन विभाग ने पेड़ काटने पर वसूला 1 लाख का जुर्माना

कुशीनगर, अमृत विचार। वन विभाग हाटा रेंज ने मोतीचक ब्लाक के सोनबरसा ग्राम में सागौन के दो पेड़ काट कर ट्रेक्टर से लेकर जाते समय पकड़े गये आरोपियों से एक लाख रुपये जुर्माना वसूल किया है। हाटा रेंज मे अब तक वसूली गयी यह सबसे अधिक जुर्माने की राशि है। पिछले सप्ताह अहिरौली थाना के सहयोग से पकड़ी गयी ट्रैक्टर ट्राली जिस पर 2 पेड़ सागौन काट कर लादे गये थे, को वन विभाग ने सीज कर दिया था और हरि सिंह पुत्र चंडी सिंह तथा सुधीर पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम सोनबरसा थाना अहिरौली बाजार कुशीनगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए ट्रैक्टर ट्राली व लकड़ी अपने कब्जे मे ले ली थी। दोनों आरोपियों से एक लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। सागौन की लकड़ी राजकीय सम्पत्ति होने के कारण जब्त कर ली गयी। रेंजर हाटा अमित श्रीवास्तव ने बताया कि पेड़ काटे जाने पर यदि कोई पकड़ा जायेगा तो उसे बख्शा नहीं जायेगा। इस कार्रवाई से वन माफिया मे हड़कम्प मचा हुआ है। रेंजर हाटा ने जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध रूप से पेड़.काटे जायें तो उसकी सूचना अवश्य दें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा।

### बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बखिरा, संतकबीरनगर, अमृत विचार। बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी परमानन्द पर वादी की अवयस्क पुत्री को बहला फुसलाकर अपहरण करके दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने न्यायालय रवाना किया और न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि आरोपी परमानन्द पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम बैरीखाला थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती का रहने वाला है। पीड़िता के पिता ने बीते 31 अगस्त को आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करवाया था। वादी का आरोप है कि उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपहरण करके आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस अपहृता को बरामद करके विधिक कार्रवाई कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी परमानन्द को उपनिरीक्षक शम्भूराम की टीम ने गिरफ्तार किया है।

# स्थानीय परिवाद समिति के गठन का हुआ अनुमोदन

संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द्र ने बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए परिवाद समिति के गठन का अनुमोदन किया गया था। इसमें खलीलाबाद के गोलाबाजार निवासी और आशा इक किरण संगठन की अध्यक्ष साधना रंजन स्थानीय परिवाद समिति में अध्यक्ष पद पर नामित हैं। उन्होंने बताया कि समिति की सदस्य जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. श्वेता त्रिपाठी का स्थानान्तरण हो जाने के कारण सदस्य का पद रिक्त हो गया था। महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न में विहित प्राविधानों के अनुसार तात्कालिक प्रभाव से स्थानीय परिवाद समिति का पुनर्गठन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुनर्गठित समिति में साधना रंजन को अध्यक्ष पद पद नामित किया गया है। बाल विकास परियोजना अधिकारी गरिमा पांडेय, अभियोजन अधिकारी विनय कुमार पांडेय और स्वयं सहायता समूह से पूर्णिमा देवी को सदस्य नामित किया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र पुनर्गठित समिति के सदस्य सचिव होंगे।

# साक्ष्य के अभाव में दहेज हत्या के आरोपी सास-ससुर दोषमुक्त

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

अमृत विचार। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय देवेन्द्रनाथ गोस्वामी की कोर्ट ने दहेज हत्यारोपी सास और ससुर को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया है।

गौरतलब हो कि सास व ससुर पर आरोप था कि दहेज में सोने की सीकड़ और भैंस न मिलने के कारण बहू मीरा पांडेय की गला दबाकर हत्या कर दी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संजय उपाध्याय ने बताया कि ग्राम सेमरडाडी थाना धनघटा के वादी मुकदमा शम्भूनाथ पाण्डेय ने 13 जून 2005 को थाना धनघटा में प्रार्थना पत्र दिया था कि उन्होंने अपनी बेटी मीरा पांडेय की शादी तीन साल पहले ग्राम केकरहा थाना धनघटा निवासी दिनेश पांडेय के पुत्र अरविंद पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय के साथ की थी। शादी में नकद और कई उपहार दिये थे। इसके बावजूद ससुरालीजन उनकी बेटी को प्रताड़ित करते हुए दहेज में सीकड़ व भैंस देने की मांग करते हुए कहा कि नहीं दिया तो तुम्हें प्रताड़ित करते रहेंगे। 13 जून की सुबह जब वे अपनी लड़की से भेंट करने गए तो पहले से ही ससुर दिनेश पांडेय, पति अरविंद पांडेय, देवर रत्नेश, सास उर्मिला, ननद विनीता व दामाद दिनेश ने उनकी लड़की को मारा पीटा और गला दबाकर हत्या कर दी।

# पात्रों को मिले योजनाओं का लाभ : प्रभारी मंत्री

संवाददाता, कुशीनगर

अमृत विचार। जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, निर्माण कार्यों, कानून व्यवस्था आदि की समीक्षा बैठक की।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से शत प्रतिशत पात्र लाभार्थी लाभान्वित हो इसके लिए सभी अधिकारी कर्मचारी मनोयोग से कार्य करें। प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पीडब्लूडी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में सड़के, नए क्रय केंद्र, मंडी, हॉटपैड, पर्यटन एवं विकास कार्य प्रस्तावित की जा रही हैं उनमें जनप्रतिनिधियों की सहमति एवं प्रस्ताव अवश्य लें। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के अंतर्गत विधायक सदर ,खड्डा, हाटा ने कहा की जो सोलर लाइट योजनांतर्गत लगाई जा रही है वह शीघ्र खराब हो जा रही है, अतः उसकी गुणवत्ता की जांच कराई जाए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर हैंडओवर करने के निर्देश भी दिए।


कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह।

**जाली नोट मामले में प्रभारी मंत्री ने पुलिस को सराहा :** अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की जानकारी पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा दी गई। जनपद में किये गए नकली नोट गैंग का खुलासा, फेक पासपोर्ट गैंग का खुलासा, इनकाउंटर गौ तस्करी, शराब तस्करी,सीज किये गए वाहन, धर्मांतरण मामले में की गई कार्यवाही से अवगत कराया गया। फेक करेंसी और फेक पासपोर्ट पर की गई कार्यवाही की मंत्री ने सराहना की। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि सभी योजना के क्रियान्वयन में तेजी ला कर पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराया जायेगा। इस अवसर पर विधायक खडडा विवेकानंद पाण्डेय, विधायक कसया पीएन पाठक, विधायक हाटा मोहन वर्मा,फाजिलनगर सुरेंद्र कुशवाहा, विधायक सदर मनीष जायसवाल, विधायक रामकोला विनय गौंड, विधायक तमकुहीराज डॉ. असीम राय, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, जिपं अध्यक्ष सावित्री जायसवाल,सीडीओ गुंजन द्विवेदी, एडीएम वैभव मिश्रा, एएसपी रीतेश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, देवरिया सांसद प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

**दौरा** हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने कबीर समाधि और मजार का किया दर्शन

# हर दौर में प्रासंगिक बने रहेंगे महात्मा कबीर के संदेश : शैलेंद्र

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

अमृत विचार। सद्गुरु कबीर के बारे में बहुत पढ़ा, लिखा और सुना था।आज साक्षात उनकी समाधि और मजार का दर्शन करके मेरा जीवन धन्य हो गया। उक्त बातें उच्च न्यायालय प्रयागराज के प्रशासनिक न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र ने शनिवार को कबीर समाधि और मजार पर मत्था टेकने के बाद मौजूद लोगों से वार्ता के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि महात्मा कबीर ने समाज में व्याप्त कुरीतियों और भेदभाव को मिटाने का कार्य किया था। उनके विचार हमारे जीवन के लिये प्रेरणादाई हैं।जिसका अनुसरण करने मात्र से मानव जीवन को सफल बनाया जा सकता है। कबीर दास जी ने समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए आजीवन संघर्ष किया था। उन्होंने कहा कि कबीर दास जी एक ऐसे सूफी सन्त हुए जिन्होंने सभी धर्मों के लोगों को समझाने का प्रयास किया, चाहे वह किसी भी धर्म से जुड़ा अथवा मानने वाला हो।कबीर दास दिखावे के सख्त विरोधी रहने के साथ ही उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था। उनकी रचनाओं का अध्ययन कर अपने जीवन को सद्मार्ग पर ले जाया जा सकता है।


कबीर दास की समाधि का दर्शन करते हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति व जिला जज

उन्होंने कहा कि कबीर दास के विचार और संदेश हर दौर में प्रासंगिक बने रहेंगे। जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि कबीर दास हमेशा समाज में व्याप्त ऊंच नीच, बाह्य आडंबर और कुरीतियों के शख्त विरोधी रहे हैं। महात्मा कबीर ने अपनी भाषा की बदौलत समाज की दिशा और दशा को बदलने का प्रयास किया था। जिससे मानव समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव बना रहे। उन्होंने कहा कि कबीर दास ने समाज से जाति-पांति, वर्ग-भेद और धर्म-सम्प्रदाय को मिटाकर सम्पूर्ण मानवता को एक सूत्र में बांधने की वकालत किया था। जिससे मानवता को सही दिशा मिल सके।

इस मौके पर सन्त डाक्टर हरिशरण शास्त्री ने उन्हें कबीर दास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जनपद के न्याय विभाग के अमले के साथ ही वैद्य रामशरण दास, अतुल सिंह, विजय तिवारी, केशव दास, विनोद दास आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण : एसपी

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। सितम्बर माह के चौथे शनिवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने कोतवाली खलीलाबाद और अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने मेंहदावल के साथ ही बेलहर कला थाने पर पहुंच कर आम जनता की शिकायतें सुनी। थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुनते हुए अधिकारियों ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में आए पीड़ितों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाय और स्थलीय निरीक्षण करके समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। कोतवाली खलीलाबाद में समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को तत्काल प्रेषित करें। जिससे उनका समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली खलीलाबाद परिसर में निर्माणाधीन बहुमंजिला आरक्षी बैरक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ कमियों को देख उन्होंने ठेकेदार और मजदूरों को उन्हें तत्काल दूर करने का निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान, कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



कोतवाली खलीलाबाद में समाधान दिवस पर जन सुनवाई करते पुलिस अधीक्षक।

## एक नजर

### शिवपुरी में गड्ढे के पानी में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में पानी से भरे गड्ढे में गिरकर तीन चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कोलारस थाना क्षेत्र के ग्राम निबोदा में दोपहर में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से नीरज (8), संजय (6) और वीरु बंजारा (4) की मौत हो गई। यह बच्चे दोपहर स्कूल से पढ़कर लौट रहे थे।

### बिहार में नदियों का जलस्तर बढ़ा, हालात चिंताजनक

**पटना।** बिहार में वाल्मीकि नगर एवं बीरपुर बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ का संकट गहराने से गंडक, कोसी, बागमती, महानंदा एवं अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। बाढ़ से प्रदेश के 13 जिलों की 1.41 लाख आबादी प्रभावित हुई है। राज्य जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष मल्ल ने बताया कि शनिवार अपराह्न दो बजे तक कोसी नदी पर बने बीरपुर बैराज से 5.31 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जो 56 वर्षों में सबसे अधिक है।

### सोशल मीडिया पोस्ट पर झड़प के बाद नौ हिरासत में

**भुवनेश्वर/भद्रक।** ओडिशा सरकार ने आपत्तिजनक पोस्ट पर प्रदर्शन के दौरान लोगों के समूह द्वारा पुलिस पर पथराव करने के बाद भद्रक जिले में इंटरनेट सेवा शनिवार को दो दिन के लिए बंद कर दी। लोगों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए आपत्तिजनक पोस्ट के आरोप में युवक की शिकायत की थी,लेकिन पुलिस की कार्रवाई में देर पर शुक्रवार को रैली निकाली थी। पुलिस ने रैली रोका तो लोगों ने पथराव किया जिसमें एसपी समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए और भद्रक तहसीलदार का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पुलिस ने मामले में नौ लोगों को हिरासत में लिया।

### हिमाचल में बारिश से 27 सड़कें अवरुद्ध

**शिमला।** हिमाचल में बारिश से 27 सड़कों पर यातायात अवरुद्ध हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में कहीं कहीं बारिश हुई। नैना देवी में 84.2 मिमी, रायपुर मैदान में 51.2 मिमी, ओलिंडा में 28.6 मिमी और ऊना में 23.4 मिमी में बारिश हुई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार कांगड़ा में 10 सड़कें, मंडी और सिरमौर में सात-सात, कुल्लू में दो और शिमला में एक सड़क पर यातायात बंद है।

### पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलने से कोर्ट का इनकार

**पोर्ट ब्लेयर।** कलकत्ता हाईकोर्ट की पोर्ट ब्लेयर सर्किट पीठ ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी का नाम बदलने के सरकार के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। कहा कि यह कार्यपालिका का विशेषाधिकार है। केंद्र ने 13 सितंबर को इसका नाम श्री विजयपुरम कर दिया था।

# बेरोजगारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं

## कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को घेरा, सवाल किया- क्या 2023-24 में बेरोज़गारी दर 10.2% नहीं रही

नई दिल्ली, एजेंसी



- श्रम बल सर्वेक्षण का डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने युवाओं में बेरोजगारी के भयावह स्तर को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का घेराव किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि क्या 2023-24 में युवा बेरोज़गारी दर 10.2 प्रतिशत नहीं रही। उन्होंने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए यह भी कहा कि लाख कोशिशों के बावजूद ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है।

खरगे ने एक्स पर कहा कि बेरोज़गारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं है। युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी का सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि पीएलएफएस के ताज़ा आंकड़ों को अगर बारीक़ी से देखें तो लाख कोशिशों के बावजूद भी ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को बताना चाहिए कि क्या 2023-24 में युवा बेरोज़गारी 10.2% के भयावह स्तर पर नहीं रही? रंगबिरंगे नारे देने और फ़ोटोबाज़ी करने के बजाय मोदी जी ने युवाओं को नौकरियां देने के लिए क्या किया?

खरगे ने यह सवाल भी किया कि विनिर्माण क्षेत्र पर रोज़ाना ढिंढोरा पीटने वाली मोदी सरकार ने इसमें पिछले 7 वर्षों में रोज़गार में बढ़ोतरी क्यों नहीं की है तथा ये आंकड़ा 15.85% (2017-18) से लुढ़ककर मात्र 11.4% (2023-24) कैसे रह गया? उन्होंने कहा कि मोदी, याद रखिए भारत का एक-एक युवा जिसके रोज़गार को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है, वो चुनाव दर चुनाव भाजपा को हराने का एकमात्र काम करेगा।

### हरियाणा में 'दर्द के दशक' का अंत करेंगे: राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस के घोषणापत्र का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी की सरकार राज्य में दर्द के दशक का अंत करेगी। कांग्रेस की हरियाणा इकाई ने विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया, जिसमें किसानों के कल्याण के लिए आयोग के गठन, शहीद सैनिकों के परिवारों के लिए 2 करोड़ रुपये, रोजगार सृजन समेत कई वादे हैं। राहुल गांधी ने एक्स कहा कि भाजपा ने एक दशक में हरियाणा से उसकी समृद्धि, उसके सपने और शक्ति छीन ली। अग्निवीर से देशभक्त युवाओं की आकांक्षाएं छीन ली, बेरोज़गारी से परिवारों की हंसी छीन ली और महंगाई से महिलाओं की आत्मनिर्भरता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने काले कानून ला कर किसानों का हक तक छीन लेने का प्रयास किया, तो नोटबंदी और गलत जीएसटी से छोटे व्यापारियों का मुनाफा छीन लिया। अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए हरियाणा का आत्मसम्मान तक छीन लिया।

## वाईएसआरसीपी के नेताओं ने अनुष्ठान कर किया प्रायश्चित

**लड्डू विवाद**

**अमरावती।** वाईएसआरसीपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को क्षमायाचना अनुष्ठान किया और कहा कि इसके जरिए उन्होंने तिरुपति लड्डुओं की पवित्रता पर सवाल उठाकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा किए पाप का प्रायश्चित किया। नायडू ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल की बैठक में आरोप लगाया था कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकेटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डू बनाने में घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया। इन आरोपों से हिंदू भावनाएं आहत हुईं और देशभर में जनाक्रोश भड़क गया। इस जनाक्रोश के बाद जगनमोहन रेड्डी ने आरोप लगाया कि नायडू लड्डुओं के बारे में सरासर झूठ बोल रहे हैं।

## चुराचांदपुर व कांगपोकपी में बंदी, जिरीबाम में फिर हिंसा

इंफाल, एजेंसी

- दोनों जिलों में बंद शुक्रवार को शुरू हुआ और रविवार तक रहेगा जारी

मणिपुर के चुराचांदपुर व कांगपोकपी जिलों में कुकी-जो समूहों के बंद के आह्वान से शनिवार को जनजीवन प्रभावित रहा। वहीं जिरीबाम के गांव से हिंसा की खबर भी है।

अधिकारियों ने बताया कि बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। दोनों जिलों में बंद शुक्रवार को शुरू हुआ और रविवार तक जारी रहेगा। सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह के बयान के विरोध में इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम और कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन सहित कुकी-जो समूहों ने बंद का आह्वान किया है। सुरक्षा सलाहकार ने 20 सितंबर को दावा किया था कि सुरक्षा बलों ने ऐसी रिपोर्ट के मद्देनजर कई कदम उठाए हैं कि उग्रवादी इंफाल के बाहरी गांवों में हिंसा कर सकते हैं। राज्य सरकार ने इस दावे पर कहा था कि सशस्त्र समूहों द्वारा दुस्साहस की आशंका न्यूनतम और निराधार है। पुलिस ने बताया कि जिरीबाम जिले के गांव में हथियारबंद लोगों ने पहाड़ियों और आसपास के जंगलों से मोंगबुंग गांव पर गोलीबारी की, जिस स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की।

### गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** तीन जिलों में सुरक्षाबलों ने हथियार और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने कांगपोकपी जिले के लोइचिंग क्षेत्र से दो .303 राइफल, एक 9 एमएम पिस्तौल, मैगजीन, कारतूस, चार हथगोले, दो डेटोनेटर और एक देसी मोर्टार और एक इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार जब्त किया है।

## भाजपा ने विकास के नए आयाम किए स्थापित

फरीदाबाद, एजेंसी



- फरीदाबाद पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर साधा निशाना

हरियाणा विस चुनाव में भाजपा के प्रचार के लिए फरीदाबाद पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 साल पहले राज्य में कांग्रेस के शासन के दौरान खनन, वन और भू माफिया सक्रिय थे, लेकिन भाजपा की सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए।

योगी ने फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा स्थित डबुआ मंडी में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि देश के विभाजन और आतंकवाद की जिम्मेदार कांग्रेस है। योगी ने अतीत में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में रुकावटें पैदा करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि रामलला की जन्मभूमि के लिए हिंदुओं ने 76 बड़ी लड़ाइयां लड़ी। लाखों हिंदू, सिखों ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए बलिदान दिया, लेकिन कांग्रेस ने विवाद खड़ा करवाकर राम मंदिर नहीं बनने दिया। कांग्रेस जिस विवाद का समाधान 65 साल में नहीं करवा पाई, उसे प्रधानमंत्री ने समाप्त कर दिया।

योगी ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस कभी अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवा पाती? उन्होंने आरोप लगाया कि देश के विभाजन से लेकर आतंकवाद की समस्या तक जितनी भी समस्याएं हैं, वह कांग्रेस ने ही दी है। योगी ने कांग्रेस पर योजनाओं में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कि भाजपा का मतलब बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं से सभी को लाभान्वित करना है।

## बंगाल : अस्पताल में मारपीट डॉक्टरों-नर्सों ने किया प्रदर्शन

**कोलकाता।** प. बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के सरकारी सागर दत्ता अस्पताल में मरीज के परिजनों द्वारा कर्मचारियों पर किए हमले के खिलाफ कनिष्ठ चिकित्सकों एवं नर्स ने काम बंद करो प्रदर्शन जारी रखा। कोलकाता के निकट कमरहाटी स्थित अस्पताल में मरीज की मौत पर उसके परिजनों द्वारा कर्मचारियों की पिटाई के खिलाफ कनिष्ठ चिकित्सकों एवं नर्स ने शुक्रवार देर रात काम बंद करो प्रदर्शन शुरू किया था।

कनिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि घटना में तीन जूनियर डॉक्टर, तीन नर्स और स्वास्थ्यकर्मी घायल हो गए थे। हादसे के बाद कनिष्ठ चिकित्सकों और नर्स ने सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि अधेड़ उम्र की महिला को सांस लेने में समस्या थी और उसकी हालत नाजुक थी। उसे ऑक्सीजन देने की कोशिश की लेकिन देर हो चुकी थी जिससे उसकी मौत हो गयी।

## रिचार्ज के पैसे न देने पर की पिता की हत्या

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में मोबाइल रिचार्ज के लिए पैसे न देने पर पुत्र ने कुल्हाड़ी के पासा से पिता पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई सौतेली मां को भी पीटा। हमले से घायल पिता की मौत हो गई। आरोपी को हिरासत मे लिया है। पत्थलगांव थाना क्षेत्र के छुरीपहरी गांव में सैनाथ तिर्की बेटे रंजित और दूसरी पत्नी सुमाती के साथ रहता था। रंजित ने मजदूरी कर पैसे कमाए थे और पिता को रखने के लिए दिया था। बेटे ने रिचार्ज के लिए पिता से रुपये मांगे। पैसे न होने पर दोनों में विवाद हुआ, जिसके बाद घटना घटी।

## एमसीडी की असंवैधानिक चुनाव के खिलाफ जाएंगे कोर्ट : आतिशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर शनिवार को लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया और दावा किया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति में एक सदस्य का चुनाव गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक था। आतिशी ने कहा कि आप शुक्रवार को हुए चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। भाजपा ने एमसीडी की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। आतिशी ने भाजपा को एमसीडी को भंग कराने और यह देखने के लिए चुनावों में आप का मुकाबला करने की चुनौती दी कि लोग नगर निगम में किस पार्टी को चाहते हैं।

## न्याय प्रणाली दिव्यांग बच्चों की कमजोरियों पर दे ध्यान : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी



- बाल संरक्षण पर हितधारक परामर्श में सीजेआई ने रखे विचार

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि थानों से लेकर अदालतों तक न्याय प्रणाली दिव्यांग बच्चों की कमजोरियों को समझे और उन पर कार्रवाई करे। बाल संरक्षण पर नौवें राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि दिव्यांगों के सामने आने वाली चुनौतियां भौतिक पहुंच के मुद्दों से कहीं अधिक हैं और उन्हें उन सामाजिक पूर्वाग्रहों, रूढ़ियों तथा गलत धारणाओं से भी निपटना होगा जो जीवन के हर पहलू में व्याप्त हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि थानों से लेकर अदालतों तक की न्याय प्रणाली इनकी कमजोरियों को समझे और उन पर कार्रवाई करे।

## झारखंड में आजसू, जदयू के साथ चुनाव लड़ेगी भाजपा : हिमंत

- सरमा ने कहा- सहयोगियों के साथ 99 प्रतिशत सीट पर बनी सहमति

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को घोषणा की कि भाजपा झारखंड में विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) और जनता दल (यूनाइटेड) के साथ मिलकर लड़ेगी। भाजपा के झारखंड चुनाव के सह-प्रभारी सरमा ने कहा कि सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे का समझौता अंतिम चरण में है। उन्होंने रांची में कहा कि भाजपा, आजसू और जदयू के साथ मिलकर झारखंड चुनाव लड़ेगी। सहयोगियों के साथ 99 प्रतिशत सीट पर सहमति बनी है। बाकी की एक या दो सीट के लिए बातचीत की जा रही है और इन पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा।

## वक्फ बोर्ड समाप्त करने को लेकर रैली

**हमीरपुर (हिप्र)।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में शनिवार को सैंकड़ों लोगों ने देवभूमि संघर्ष समिति के तत्वाधान में रैली निकाली तथा वक्फ बोर्ड को समाप्त करने एवं राज्य में प्रवासियों के पहचान संबंधी दस्तावेजों के सत्यापन की मांग की। इस संगठन ने विभिन्न मुद्दों पर राज्यव्यापी प्रदर्शन का आह्वान किया था। देवभूमि संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह एवं बजरंग दल के जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा की अगुवाई में जुलुस निकाला गया जिसमें कई लोगों ने हिस्सा लिया।

## क्या राहुल सिद्धरमैया के साथ : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- मामले ने कांग्रेस के भ्रष्ट चेहरे को किया बेनकाब



भाजपा ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ भ्रष्टाचार समेत कई आपराधिक आरोपों पर मामला दर्ज होने से कांग्रेस का पर्दाफाश हो गया है। प्राथमिकी अदालत के आदेश के बाद दर्ज हुयी।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह विरला मामला है जब किसी मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार का आरोपी बनाया गया है और इसने कांग्रेस के भ्रष्ट चेहरे को बेनकाब कर दिया है। सिद्धरमैया मामले में आरोपी नंबर एक हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह आरोपी मुख्यमंत्री के साथ हैं।

### मुडा मामला: हाईकोर्ट में याचिका

**बेंगलुरु।** मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाला में स्नेहमयी कृष्णा के अधिवक्ता वसंत कुमार ने बताया कि सीबीआई जांच की मांग को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। यह याचिका एक विशेष न्यायालय के उस आदेश के बाद दायर हुई है , जिसमें लोकायुक्त को सिद्धारमैया द्वारा पत्नी पार्वती को 56 करोड़ की 14 साइटों के आवंटन में शामिल अनियमितताओं की जांच करने तथा तीन महीने के रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया गया है।

# कारोबार/कृषि

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 77,950 |
| सोना रवा | 77,800 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# गैर-बासमती सफेद चावल का निर्यात शुल्क 490 डॉलर प्रति टन निर्धारित

## 2023 में निर्यात पर लगा प्रतिबंध सरकार ने हटाया, निर्यात शुल्क से दी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी



- घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए सफेद चावल के निर्यात पर लगा था प्रतिबंध

सरकार ने शनिवार को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगे पूर्ण प्रतिबंध को हटा दिया। इसके साथ इस पर 490 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम मूल्य तय किया और इसे निर्यात शुल्क से भी छूट दे दी है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर 20 जुलाई, 2023 से प्रतिबंध लगा दिया गया था।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि गैर-बासमती सफेद चावल (अर्ध-मिल्ड या पूर्ण रूप से मिल्ड चावल, चाहे पॉलिश किया हुआ हो या नहीं) के लिए निर्यात नीति को प्रतिबंधित से मुक्त में संशोधित किया गया है, जो अगले आदेश तक लागू रहेगा। यह 490 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के एमईपी (न्यूनतम निर्यात मूल्य) के अधीन है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है कि जब देश में सरकारी गोदामों में चावल का पर्याप्त भंडार है और खुदरा कीमतें नियंत्रण में हैं। सरकार ने सफेद चावल को निर्यात शुल्क से छूट दे दी है, जबकि उसना चावल पर शुल्क घटाकर 10% किया है। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले राजस्व विभाग ने शुक्रवार को कहा कि उसने ब्राउन राइस और धान पर निर्यात शुल्क घटाकर 10% किया है।

### फिर से काम कर सकेंगी 500-600 मिलें : उद्योग

**कोलकाता।** प. बंगाल के चावल उद्योग ने गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया है। बंगाल राइस मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य में 500-600 चावल मिलों को फिर से खोलने में मदद मिलने की उम्मीद है। ये मिलें निर्यात प्रतिबंधों के बाद मांग में कमी से बंद हैं।

# भारतीय सूचकांकों की समीक्षा, निवेश और जोखिम

भारतीय सूचकांक जैसे निफ्टी 50 और सेंसेक्स निवेशकों के लिए बाजार का महत्वपूर्ण संकेतक हैं। इन सूचकांकों की नियमित समीक्षा करना जरूरी है, जिससे आप बाजार की प्रवृत्तियों और मौसमी प्रभावों को समझ सकें। निवेश के लिए विभिन्न विकल्प जैसे इंडेक्स फंड्स और ईटीएफ उपलब्ध हैं, जो जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। हालांकि, निवेश के साथ जोखिम भी आता है, जैसे मार्केट रिस्क और सेक्टर संबंधी जोखिम। इसलिए, सूचकांकों का गहन अध्ययन और समझदारी से निवेश निर्णय लेना महत्वपूर्ण है। इस पर जरा गौर किया जाए...




### भारतीय सूचकांक

**निफ्टी 50 :** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक, जिसमें 50 प्रमुख कंपनियां हैं। यह इक्विटी बाजार के समग्र स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करता है।

**सेंसेक्स :** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक, जिसमें 30 प्रमुख कंपनियां हैं। शेयर बाजार के प्रदर्शन को मापने के लिए यह व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करना।

**निफ्टी बैंक :** बैंकिंग क्षेत्र की 12 प्रमुख कंपनियों का सूचकांक। बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन का मापन करने में सहायक है।

**निफ्टी आईटी :** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों का सूचकांक। जो आईटी क्षेत्र की स्थिति और विकास को दर्शाने में अपनी भूमिका निभाती है।

**निफ्टी मिडकैप 50 :** मिड कैप कंपनियों का सूचकांक, जिसमें 50 कंपनियां हैं। इसका कार्य मिड कैप क्षेत्र के प्रदर्शन को मापना।

**निफ्टी नेक्स्ट 50 :** निफ्टी 50 के बाद की 50 कंपनियों का सूचकांक। जो उभरती हुई कंपनियों के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करती है।

### समीक्षा

**विश्लेषण :** सूचकांकों के पिछले प्रदर्शन का अध्ययन करें, जैसे कि वृद्धि, गिरावट, और वोलैटिलिटी। ये आपको समझने में मदद करेगा कि बाजार कहा जा रहा है।

**मौसमी रुझान :** कई समयावधियों में सूचकांकों का आकलन करें। इससे मौसमी प्रभावों को पहचान सकेंगे।

**सामाजिक-आर्थिक कारक :** आर्थिक नीतियों, वैश्विक घटनाओं, और सामाजिक कारकों का प्रभाव भी सूचकांकों पर पड़ता है।

### निवेश

**इंडेक्स फंड्स :** इन फंड्स में निवेश करने से आप सीधे सूचकांक का हिस्सा बन जाते हैं और ये जोखिम कम करता है।

**ईटीएफ (एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स) :** ये फंड भी सूचकांकों का अनुसरण करते हैं, और आपको शेयर बाजार में ट्रेड करने की सुविधा प्रदान करते हैं।

**स्वतंत्र शेयर निवेश :** यदि आप किसी विशेष कंपनी के बारे में आश्वस्त हैं, तो आप सीधे उसके शेयरों में निवेश कर सकते हैं।

### जोखिम

**मार्केट रिस्क :** सूचकांकों के गिरने पर निवेश की कीमत भी गिरती है। यह बाजार उतार-चढ़ाव का परिणाम है।

**संपत्ति वर्ग जोखिम :** कई सेक्टरों (बैंकिंग, आईटी) के प्रदर्शन में भिन्नता जोखिम बढ़ता है। यदि एक में गिरावट आई तो अन्य भी प्रभावित होते हैं।

**सूचना का अभाव :** निवेशकों को सूचकांकों और संबंधित कंपनियों की जानकारी का अभाव हो सकता है, जिससे वे गलत निर्णय ले सकते हैं।

## दिव्यांगों के लिए एमएफ, आईपीओ, बॉण्ड जैसे शब्दों का सांकेतिक भाषा में अनुवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय प्रणालियों को श्रवण बाधित लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना लक्ष्य

दिव्यांगजनों तक पहुंच बेहतर बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने को म्यूचुअल फंड (एमएफ), आईपीओ, बॉण्ड और निवेशक जैसे प्रमुख मौद्रिक शब्दों का सांकेतिक भाषा में अनुवाद किया है। दिव्यांग मामलों के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि यह पहल बड़े सहयोग का हिस्सा है जिसका लक्ष्य वित्तीय प्रणालियों को श्रवण बाधित लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना है ताकि उन्हें बाजारों से जुड़ने में सक्षम बनाया जा सके।

अग्रवाल ने बताया कि इन संकेतों के अनुवाद से बधिर समुदाय को वित्तीय प्रणालियों और सेवाओं में भाग लेने के अवसर खुलेंगे। नये विकसित संकेतों में म्यूचुअल फंड, आईपीओ, बॉण्ड और निवेशक जैसे प्रमुख शब्द हैं। भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी) ने विभिन्न वित्तीय और बैंकिंग शब्दों के लिए ये संकेत विकसित किए हैं। आईएसएलआरटीसी के उप निदेशक (प्रशासन) संजय कुमार ने बताया कि केंद्र ने शब्दकोश के विस्तार को अन्य संगठनों से भागीदारी की है। अकादमिक शब्दावली एनसीईआरटी जबकि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित चंडीगढ़ स्थित वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान की जानकारी पर बनाई गई है।

## एनएलसी ने किया 1,234 करोड़ यूनिट हरित बिजली का उत्पादन

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने 1,234 करोड़ यूनिट हरित बिजली का उत्पादन किया है। कोयल मंत्रालय ने कहा कि इससे एक करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) का उत्सर्जन रोका गया है।



मुख्य रूप से लिग्नाइट आधारित बिजली उत्पादन कंपनी एनएलसी ने 2030 तक 10,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है। एनएलसी इंडिया (एनएलसीआईएल) ने 1,380 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्रों और 51 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्रों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कदम रखा है। कंपनी ने 10,000 मेगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नई अनुषंगी कंपनियों- एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) तथा एनएलसी इंडिया ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनआईजीईएल) का गठन किया है।

## लौह अयस्क उत्पादन 7.4% बढ़ा, 11.6 करोड़ टन



नई दिल्ली, एजेंसी

**लौह अयस्क**
उत्पादन : 11.6 करोड़ टन
वृद्धि : 7.4% (10.8 करोड़ टन)

**प्राथमिक एल्युमीनियम**
उत्पादन : 17.49 लाख टन
वृद्धि : 17.26 लाख टन

**मैंगनीज अयस्क**
उत्पादन : 15 लाख टन
वृद्धि : 15.4% (13 लाख टन)

**परिष्कृत तांबा**
उत्पादन : 2.02 लाख टन
वृद्धि : 5.8% (1.91 लाख टन)

देश में लौह अयस्क उत्पादन चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान 7.4% बढ़कर 11.6 करोड़ टन रहा। खान मंत्रालय के अनुसार 2023-24 की इसी अवधि में यह 10.8 करोड़ टन था। मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल-अगस्त की अवधि के दौरान मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 15.4% बढ़कर 15 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 13 लाख टन था।

मूल्य के संदर्भ में लौह अयस्क कुल खनिज उत्पादन का 70% है। अलौह धातु क्षेत्र में, प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन बढ़कर 17.49 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 17.26 लाख टन था। मंत्रालय ने कहा कि आलोच्य अवधि के दौरान, परिष्कृत तांबे का उत्पादन 5.8% बढ़कर 2.02 लाख टन हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1.91 लाख टन था। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, परिष्कृत तांबे के शीर्ष 10 उत्पादकों में से एक और चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक देश है। चालू वित्त वर्ष में लौह अयस्क के उत्पादन में निरंतर वृद्धि उपयोगकर्ता उद्योगों, मुख्य रूप से इस्पात में मजबूत मांग की स्थिति को बताती है।

# हैरिस ने आव्रजन प्रणाली को सुधारने का लिया संकल्प

- उपराष्ट्रपति कमला ने अमेरिका मैक्सिको सीमा का दौरा करने के बाद की टिप्पणी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने सीमा पर कड़े सुरक्षा उपाय लागू करने और अमेरिका की आव्रजन प्रणाली को मजबूत करने का संकल्प लिया है। हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस मुद्दे को लेकर उन पर बार-बार किए गए राजनीतिक हमलों का जवाब देते हुए यह बात कही।

अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैरिस ने एरिजोना के डगलस में अमेरिका-मैक्सिको सीमा का दौरा



करने के बाद यह टिप्पणी की। हैरिस ने सीमा सुरक्षा पर कड़ा रुख अपनाने के साथ यह भी कहा कि वह अमेरिका में वर्तमान में बिना दस्तावेज के रह रहे प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने के संबंध में भी कदम उठाएंगी।

# नदी नहीं, मानो यहां शीशे की सतह पर चल रही नाव....

## मेघालय की उमंगोट को देश की सबसे साफ-स्वच्छ नदी का टैग, सतह तक गहरे में देख सकते हैं कंकर, पत्थर और मछलियां

शैलेश अवस्थी, शिलांग (मेघालय)

शिलांग से कोई 95 किलोमीटर दूर इस उमंगोट नदी का ऐसा नजारा है, जिसे देखे बिना यकीन करना मुश्किल है। खूबसूरत पहाड़ियों और हरियाली से घिरे डौकी गांव के बीच बहती उमंगोट नदी इतनी स्वच्छ है कि उस पर चल रही नाव देख अहसास होता है जैसे वह हवा में तैर रही हो। अब जलशक्ति मंत्रालय ने इसे देश की सबसे साफ-स्वच्छ नदी का तमगा दिया है। जब गंगा और यमुना नदी को निर्मल-अविरल बनाने के लिए करोड़ों खर्च किए जा रहे हों और फिर भी वे प्रदूषण की मार से बेहाल हों, ऐसे में यह उमंगोट नदी सुकून देती है। यह नदी मेघालय के दरंग और शेनानंगगेडेग गांव से होकर बहती और बांग्लादेश तक जाती



है। देश-विदेश के पर्यटकों को लुभाती यह नदी कुदरत के करिश्मे से कम नहीं है। पहाड़ों के बीच से निकलती यह नदी वहीं से प्राकृतिक रूप से फ़िल्टर होकर निकलती है। इसे स्वच्छ रखने की बाकी जिम्मेदारी गांव के लोग संभालते हैं। बगल में ही डौकी गांव है तो इसे डौकी नदी भी कहते हैं। सख़्ती इतनी कि पर्यटक भी वहां कचरा फेंकने से पहले कई बार सोचते हैं, पकड़े गए तो गांव का दरबार पेशी करके तगड़ा जुर्माना वसूलता है। यहां आठ सौ रुपए देकर नाव की सवारी कर सकते हैं, जो आपको बांग्लादेश बार्डर तक की सैर कराती है। नाव पर बैठ कर सैकड़ों फुट गहरी नदी के तल तक एक-एक कंकर साफ देख सकते हैं। रंग-बिरंगी कई नस्ल की मछलियां आप को मंत्रमुग्ध कर देंगी। कुछ दूर किनारे पर लोग मछलियों को पकड़ने के लिए जाल डाले भी दिखे। कई तरह के पक्षियों की चहचाहट माहौल को और ज्यादा खुशनुमा बनाती है। नाविक शर्लिन ने बताया कि पास के गांव मॉलनयांग को एशिया का सबसे स्वच्छ गांव माना जाता है। सब पढ़े-लिखें हैं और यहां सबकी प्राथमिकता नदी को बिल्कुल स्वच्छ रखना है। सरकार के भरोसे नहीं रहते। भारत के लोगों को यहां के लोगों से नदी साफ रखना सीखना चाहिए।

### होमस्टे व नदी तट पर टेंट उपलब्ध

डौकी गांव से सटे एक गांव के किनारे उमंगोट नदी तट पर टेंट-घर छह सौ रुपए में उपलब्ध है। वहां आप रात बिता सकते हैं। अक्सर नवदंपत्ति वहां ठहरते हैं। पहाड़ियों के बीच सुंदर-साफ नदी तट पर रात की चांदनी माहौल को बेहद खूबसूरत बनाता है। तट पर आपकी पसंद और मेघालय के व्यंजन भी उपलब्ध हैं, लेकिन गंदगी की अनुमति नहीं है।

### नदी पर 92 साल पुराना पुल

उमंगोट नदी पर अंग्रेजों ने 1932 में बनवाया था, जो मजबूती में आज भी वैसा ही है। इसकी तुलना ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला से की जाती है। चलने पर हिलता-डुलता है, जो झूले सा लगता है। इसे संसपेंशन ब्रिज कहते हैं।

## एक नजर

### भारत ने नेपाल को 47.4 करोड़ देने का किया वादा

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल और संस्कृति क्षेत्रों में 12 महत्वपूर्ण सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए 47.4 करोड़ नेपाली रुपये देने की प्रतिबद्धता जताई है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। भारतीय दूतावास और नेपाल सरकार के संघीय मामले एवं सामान्य प्रशासन मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां इन परियोजनाओं के लिए सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

### दक्षिण अफ्रीका में गोलीबारी की दो घटनाओं में 17 की मौत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के एक ग्रामीण कस्बे में गोलीबारी की दो घटनाओं में 17 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर एथलेंडा मैथे ने एक बयान में कहा कि संदिग्धों की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों में 15 महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। एक अन्य व्यक्ति अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है।

### लाहौर में मनाई गई भगत सिंह की 117वीं जयंती

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक गैर-लाभकारी संस्था ने शनिवार को भगत सिंह की 117वीं जयंती मनाई। भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन ने लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के परिसर में स्वतंत्रता सेनानी की जयंती मनाई और इस दौरान केक भी काटा गया। फाउंडेशन के प्रमुख इम्तियाज रशीद कुरैशी ने स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंग्रेजों ने 1931 में भगत सिंह को उनके साथियों राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी दी थी। कुरैशी ने कहा कि भगत सिंह के साथ अन्याय हुआ था।

### प्रसिद्ध लेखिका विजया भारती का निधन

**हैदराबाद।** जानी मानी लेखिका बी विजय भारती का शनिवार को यहां निधन हो गया। भारती कवि, लेखक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता बोज्जा थारकम की पत्नी तथा आईएएस अधिकारी बोज्जा राहुल की मां थीं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सुश्री भारती के निधन पर शोक जताया है। रेड्डी ने अपने शोक संदेश में कहा कि भारती ने तेलुगु अकादमी की उप निदेशक के रूप में कार्य किया और प्राचीन साहित्य कोषम और आधुनिक साहित्य कोषम का प्रकाशन किया। उनकी सेवाएं सराहनीय हैं।

# कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकार

## भारत ने कहा- आतंकवाद को लेकर अनिवार्य रूप से भुगतने होंगे अंजाम

- दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं में पाकिस्तान का हाथ रहा
- पाकिस्तान के प्रधानमंत्री द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने पर भारत की प्रतिक्रिया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं में उसका हाथ रहा है और पड़ोसी देश को यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के परिणाम अनिवार्य रूप से भुगतने पड़ेंगे। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में अपने संबोधन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने जाने की प्रतिक्रिया में अपने जवाब देने के अधिकार का शुक्रवार को इस्तेमाल किया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने भारत के जवाब देने के अधिकार के तहत कहा, इस महासभा ने खेदजनक रूप से एक हास्यास्पद घटना देखी। आतंकवाद, मादक पदार्थ के कारोबार और अंतर्राष्ट्रीय अपराध के लिए दुनियाभर में पहचाने जाने वाले एवं सेना द्वारा संचालित एक देश ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया। उन्होंने कहा कि जैसा कि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान अपने पड़ोसियों के खिलाफ हथियार के तौर पर सीमा पार आतंकवाद का लंबे समय से इस्तेमाल करता रहा है। उन्होंने पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों द्वारा भारतीय संसद पर 2001 के हमले और मुंबई के 26/11 आतंकी हमलों के संदर्भ में कहा, उसने हमारी संसद, हमारी वित्तीय राजधानी मुंबई, बाजार तथा तीर्थस्थलों पर हमला किया है। मंगलानंदन ने कहा, सूची लंबी है। ऐसे देश का हिंसा के बारे में कहीं भी बोलना पूरी तरह पाखंड है। शरीफ ने अपने संबोधन में अपेक्षा के मुताबिक कश्मीर मुद्दा उठाया और कहा था कि स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 370 को बहाल करना होगा और शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत शुरू करनी होगी।




संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को कश्मीर पर करारा जबाव देती हुईं।

### पाकिस्तान ने लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल किया

भारत ने जोर देकर कहा कि चुनावों में धांधली के इतिहास वाले देश के लिए एक लोकतंत्र में राजनीतिक विकल्पों के बारे में बात करना बड़ा अजीब है। उन्होंने कहा असल सच्चाई यह है कि पाकिस्तान की नजर हमारे क्षेत्र पर है और वास्तव में, उसने भारत के अविभाज्य और अभिन्न अंग जम्मू-कश्मीर में चुनावों को बाधित करने के लिए लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल किया है। युवा भारतीय राजनयिक ने कहा कि यह हास्यास्पद है कि एक देश जिसने 1971 में नरसंहार किया था और जो अब भी अपने अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार करता है, वह असहिष्णुता और भय के बारे में बोलने की हिमाकत करता है। दुनिया खुद देख सकती है कि पाकिस्तान की असलियत क्या है। इसके बाद एक पाकिस्तानी राजनयिक ने जवाब देने के अधिकार के तहत मंगलानंदन के बयान पर प्रतिक्रिया दी।

### आतंकवाद के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता

भाविका मंगलानंदन ने कहा कि भारत ने आपसी सामरिक व्यवस्था के उनके देश के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। सामरिक व्यवस्था के किसी प्रस्ताव के संदर्भ में जवाब देते हुए भारत ने कहा कि आतंकवाद के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता। बल्कि पाकिस्तान को भी यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के अनिवार्य रूप से परिणाम भुगतने पड़ेंगे। मंगलानंदन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को याद दिलाया कि यह वही देश है जिसने लंबे समय तक अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में कई आतंकवादी घटनाओं में पाकिस्तान का हाथ है। भारतीय अधिकारी ने कहा शायद इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि उसके (पाकिस्तान के) प्रधानमंत्री इस प्रतिष्ठित सभागार में ऐसा बोलेंगे। फिर भी हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनके शब्द हम सभी के लिए कितने अस्वीकार्य हैं।

# संरा का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है भारतः भूटान

**संयुक्त राष्ट्र।** भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने कहा कि भारत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति और ग्लोबल साउथ में अपने नेतृत्व के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है। तोबगे ने भूटान के सबसे कम विकसित देशों (एलडीसी) की श्रेणी से बाहर निकलने के लिए भारत की ओर से मिले समर्थन व मित्रता को लेकर हार्दिक आभार जताया। तोबगे ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा संयुक्त राष्ट्र को आज की दुनिया की वास्तविकताओं के अनुरूप बनाया जाना चाहिए। सुरक्षा परिषद का मौजूदा स्वरूप अतीत की निशानी है। हमें ऐसी परिषद की आवश्यकता है जिसमें वर्तमान भू-राजनीतिक, आर्थिक परिदृश्य और सामाजिक वास्तविकताएं झलकती हों। उन्होंने कहा कि भूटान लंबे समय से 15 देशों वाली सुरक्षा परिषद में सुधार करने की पैरवी करता रहा है ताकि इसे अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और प्रभावी बनाया जा सके। तोबगे ने कहा कि हमने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सदस्य बनाने का भी समर्थन किया है। उन्होंने कहा भारत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति, जनसंख्या तथा ग्लोबल साउथ में नेतृत्व के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है।

## इजराइल का लेबनान पर भीषण हमला

# हिजबुल्ला की मिसाइल इकाई के कमांडर व डिप्टी की मौत



हिजबुल्ला के मुख्यालय में हुए धमाके की तस्वीर।

- लेबनान के साथ तनाव बढ़ने पर इजराइली सेना ने अतिरिक्त रिजर्व सैनिक तैनात किए

बेरूत, एजेंसी

लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगर पर इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल इकाई के कमांडर मोहम्मद अली इस्माइल और उनके डिप्टी हुसैन अहमद इस्माइल की मौत हो गई। लेबनान के एमटीवी ने यह जानकारी दी। वहीं उससे पूर्व हिजबुल्ला के मुख्यालय पर हमला कर हिजबुल्ला चीफ को मार गिराया।

इजराइली सेना लेबनान के साथ तनाव बढ़ने के बीच अतिरिक्त रिजर्व सैनिकों को तैनात कर रही है। सेना ने कहा कि वह रिजर्व सैनिकों की तीन बटालियन को सक्रिय कर रही है। इससे पहले सप्ताह की शुरुआत में दो बटालियन को संभावित जमीनी आक्रमण के मद्देनजर प्रशिक्षण देने के लिए उत्तरी इजराइल भेजा गया था। हिजबुल्ला ने शनिवार को उत्तरी और मध्य इजराइल तथा इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक पर दर्जनों रॉकेट दागे।

### नेतन्याहू के पहुंचते ही हमले के बजने लगे सायरन

**बेरूत।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के अमेरिका की यात्रा से लौटते ही तेल अवीव अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित पूरे मध्य इजराइल में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। इजराइली सेना ने कहा कि सायरन बजने के कुछ ही देर बाद यमन से दागी गई मिसाइल को मार गिराया गया। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# फ्लोरिडा में हेलेन तूफान के कारण 44 लोगों की मौत

**पेरी (फ्लोरिडा)।** अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र और फ्लोरिडा में हेलेन तूफान के कारण आई बाढ़ और इससे जुड़ी घटनाओं में कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई है। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। इससे कई पेड़ उखड़ गए हैं और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तूफान के कारण एक मकान पर पेड़ गिर जाने के कारण वहां रह रही एक महिला, उसके एक महीने के जुड़वां बच्चे तथा एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। घटनास्थल पर राहत-बचाव अभियान के दौरान तीन अग्निशमन कर्मियों की भी मौत हो गई। हेलेन तूफान के कारण फ्लोरिडा, जॉर्जिया, उत्तरी कैरोलाइना, दक्षिण कैरोलाइना और वर्जीनिया में कम से कम 44 लोग मारे गए हैं।

# इमरान की पार्टी के विरोध प्रदर्शन से पहले बढ़ाई सुरक्षा

- सैन्य शहर रावलपिंडी में विरोध प्रदर्शन का आह्वान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पंजाब सरकार ने इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन से पहले शनिवार को सैन्य शहर रावलपिंडी में सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं। पीटीआई के संस्थापक खान ने शहर के ऐतिहासिक लियाकत बाग पार्क में जलसा (रैली) आयोजित करने के अपने पूर्व निर्णय को पलटते हुए शहर में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

उन्होंने कहा था कि सरकार इस स्थल पर रैली आयोजित करने की अनुमति नहीं देगी और इसके बजाय शहर से दूर सभा के लिए स्थान उपलब्ध कराएगी। प्रांतीय सरकार ने



विरोध प्रदर्शन से पहले सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया और शहर की ओर जाने वाली सभी प्रमुख सड़कें बंद कर दीं। पीटीआई पंजाब के कार्यवाहक अध्यक्ष हम्माद अजहर ने कहा कि पार्टी शांतिपूर्ण राजनीतिक सार्वजनिक सभा आयोजित करेगी।

# नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से 59 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 59 लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। नेपाल के कई हिस्सों में गुरुवार से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण आपदा अधिकारियों ने अचानक बाढ़ की चेतावनी जारी की है। नेपाल पुलिस के उप प्रवक्ता बिश्वो अधिकारी ने बताया कि लगातार बारिश के कारण नेपाल में हुई 59 लोगों की मौत 34 काठमांडू घाटी में हुई हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ में 36 लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि देशभर में कुल 44 लोग लापता हैं जिनमें से 16 काठमांडू घाटी में लापता हैं। उन्होंने बताया कि एक हजार से ज्यादा लोगों को बचाया भी गया है।

# बांग्लादेश में राजनीतिक दल बनाएंगे हिंदू

## हिंदू समुदाय के नेता अस्थिरता व भय के माहौल में चाहते हैं स्थिरता

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के नेता एक समर्पित राजनीतिक दल के गठन पर विचार-विमर्श कर रहे हैं, जो अस्थिरता और भय के माहौल में उनकी सुरक्षा तथा उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व की सख्त जरूरत को दर्शाता है।

बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल (बीएचबीसीओपी) और अन्य संगठनों के हिंदू नेता अब पृथक राजनीतिक दल के गठन या आरक्षित संसदीय सीट की मांग की संभावना पर चर्चा करने में लगे हैं। बीएचबीसीओपी के प्रेसिडियम सदस्य काजल देबनाथ ने कहा फिलहाल तीन विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। पहला, 1954 से पृथक निर्वाचन प्रणाली पर लौटना। दूसरा, हिंदुओं के लिए एक अलग राजनीतिक पार्टी का गठन और तीसरा, अल्पसंख्यकों के लिए संसद में सीट आरक्षित करना। आवामी लीग की नेता शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद हिंदू समुदाय के विरुद्ध हुई हिंसा के पश्चात इन बातों पर चर्चा होने लगी है।

### 1971 में हिंदू 22 प्रतिशत थे, आज 8 प्रतिशत रह गए

हिंदू समुदाय के नेता राजन कर्माकर ने कहा, एक राजनीतिक दल बनाने के बारे में चर्चा एवं विचारों का आदान-प्रदान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। हालांकि अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है, लेकिन इस विषय पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा प्रस्तावित राजनीतक दल बदलाव का एक महत्वपूर्ण जरिया हो सकता है और सुनिश्चित करेगा कि उनकी चिंताओं को सुना जाए तथा उनका समाधान हो। ऐतिहासिक रूप से, 1971 में मुक्ति संग्राम के दौरान बांग्लादेश में हिंदू कुल जनसंख्या का करीब 22 प्रतिशत थे लेकिन आज वे करीब आठ प्रतिशत रह गए हैं। हिंदुओं ने हिंदू जनसंख्या में इस गिरावट के लिए सामाजिक-राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेले जाने एवं हिंसा को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, देबनाथ ने कहा कि हिंदुओं के लिए पार्टी बनाने से अल्पसंख्यकों को संभवत: फायदा नहीं होगा क्योंकि इससे धर्मनिरपेक्ष वोट बिखर सकते हैं और मकसद में कामयाबी नहीं मिल पाएगी।

# बिम्सटेक से संबंध मजबूत करने को प्रतिबद्ध

- विदेश मंत्री ने सात देशों के समूह से व्यापक भागीदारी की पुष्टि की

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपनी पड़ोस प्रथम और एक्ट ईस्ट नीतियों के अनुरूप सात देशों के समूह बिम्सटेक के साथ व्यापक भागीदारी की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर जयशंकर ने शुक्रवार को उच्च स्तरीय सत्र के इतर न्यूयॉर्क में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) की विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक की शुक्रवार को अध्यक्षता की। यह बैठक बिम्सटेक नेताओं के शिखर सम्मेलन की तैयारी करने के लिए की गयी। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, व्यापार, निवेश, अर्थव्यवस्था और ऊर्जा में हमारे करीबी सहयोग का जायजा लिया। पूरे क्षेत्र में भौतिक, समुद्री और डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा क्षमता निर्माण, कौशल विकास और परस्पर संपर्क में सुधार लाने के अवसर तलाश किए। विदेश मंत्री ने कहा, बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र का विकास एक सामूहिक संकल्प है।



विदेश मंत्री जयशंकर सिंगापुर के अपने समकक्ष के साथ बातचीत करते हुए।

### सिंगापुर व अन्य देशों के अपने समकक्षों से की मुलाकात

**संयुक्त राष्ट्र।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के इतर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सिंगापुर, उज्बेकिस्तान और डेनमार्क के अपने समकक्षों से मुलाकात की। नेताओं के बीच हुई वार्ता के दौरान भारत के इन देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने तथा मैत्रीपूर्ण संबंधों को विस्तार देने पर जोर दिया गया। जयशंकर 79वें संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं।

# खैबर पख्तूनख्वा में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को इंजन के काम नहीं करने के कारण एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। यह घटना अफगानिस्तान की सीमा के करीब उत्तर वजीरीस्तान जिले में हुई। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में 14 लोग सवार थे। एक तेल कंपनी का विशेष हेलीकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य जख्मी हो गए। हेलीकॉप्टर मरी पेट्रोलियम कंपनी का था। आठ घायलों में से तीन रूसी पायलट शामिल हैं जिन्हें 'कम्बाइंड मिलिट्री हॉस्पिटल' (सीएमएच) में भर्ती कराया गया है।

## ज्ञान-विज्ञान

### शोध में यह जानकारी सामने आई जो समुद्री जीवों के लिए चिंताजनक हो सकती है

# कृत्रिम प्रकाश प्रदूषण मछलियों के लिए बड़ा खतरा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : प्रकाश प्रदूषण मछलियों की अगली पीढ़ी के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। नए शोध में यह जानकारी सामने आई है। इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोबायोलॉजी चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज और मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल बिहेवियर के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। वैज्ञानिकों ने कृत्रिम प्रकाश के संपर्क में आने वाली जेब्राफिश पर अध्ययन किया।

रात में प्रकाश प्रदूषण के संपर्क में आने वाली ज़ेब्राफिश पर किए गए शोध से पता चला कि प्रकाश के संपर्क मे आने से इनके व्यवहार में बड़ा परिवर्तन देखा गया, जो बेहद चिंताजनक है और इसका अधिक बूरा असर मछलियों की अगली पीढ़ी में देखने को मिल सकता है। दरअसल मछलियों का जीवन बेहद संवेदनशील होता है, जिसे प्रकाश भी प्रभावित कर सकता है और कृत्रिम प्रकाश तो और भी बुरा असर डाल सकता है। वर्तमान में कृत्रिम प्रकाश का उपयोग बड़ी मात्रा में होने लगा है। इसका सबसे बुरा प्रभाव खगोलीय अध्ययन में पड़ा है। जिस कारण खगोल वैज्ञानिकों का अंधेरी रातों में अध्ययन दूभर हो चला है। मगर समुद्री जीवों को भी प्रकाश प्रभावित कर सकता है, इसका खुलासा अब होने लगा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कृत्रिम प्रकाश के दूसरे कुप्रभाव भी हो सकते हैं। जिसका पता शोध के बाद ही चल सकता है। नए अध्ययन से पता चला है कि रात में कृत्रिम प्रकाश के संपर्क में आने वाली मछलियाँ न केवल चिंताजनक व्यवहार प्रदर्शित करती हैं, बल्कि उनकी संतानें, जो रोशनी के संपर्क में नहीं थीं, उन्होंने भी अजीब व्यवहार प्रदर्शित किया है। कृत्रिम प्रकाश के संपर्क में आने वाली जेब्राफिश पर यह अध्ययन किया। अध्ययन में प्राकृतिक अंधेरे-प्रकाश चक्र को बाधित कर दिया और नीली रोशनी का प्रयोग किया। नीली रोशनी हमारे फोन समेत अन्य उपकरणों में उत्सर्जित होती है, जो जीवों के लिए बेहद हानिकारक है।



### चिंता का विषय है कृत्रिम रोशनी

नैनीताल : रात में कृत्रिम प्रकाश जीवों के प्राकृतिक व्यवहार को प्रभावित करती है और शरीर विज्ञान और सर्केडियन लय को बाधित कर सकती है। यह भले ही नया शोध है, लेकिन महत्वपूर्ण और व्यापक पारिस्थितिक चिंता का विषय है। वैज्ञानिकों ने इस अध्ययन को साइंस ऑफ द टोटल एनवायरनमेंट में प्रकाशित किया है।